RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 259
नई दिल्ली, बुधवार, 28 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



घबराएं नहीं: करन कुंद्रा
विविध-12

www.dailypioneer.com

# बसवराज होंगे कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री

- भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए
- बेदाग छवि के लिए चर्चित बसवराज एदियुरप्पा के हैं करीबी
- आज 11 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु



बेंगलुरू में मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विजयी मुद्रा में बसवराज बोम्मई(मध्य में), निवर्तमान मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा (बाएं)और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (दाएं)

**कर्नाटक** भाजपा विधायक दल ने मंगलवार को बसवराज बोम्मई को अपना नया नेता चुन लिया और वह निवर्तमान मुख्यमंत्री बी एस एदियुरपप्पा की जगह लेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक उत्तरी कर्नाटक से आने वाले लिंगायत नेता बोम्मई को कार्यवाहक मुख्यमंत्री एदियुरप्पा का भी समर्थन था। वे 28 जुलाई को 11 बजे शपथ लेंगे। बसवराज बोम्मई पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एस आर बोम्मई के पुत्र हैं। बोम्मई (61) एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार में गृह, कानून, संसदीय एवं विधाई कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सोमवार को एदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बैठक के बाद भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने नए नेता के नाम का प्रस्ताव रखा और गोविंद करजोल, आर अशोक, के एस ईश्वरप्पा, बी श्रीरामुलु, एस टी सोमशेखर, पूर्णिमा श्रीनिवास ने इसका अनुमोदन किया तथा पार्टी के नवनिर्वाचित नेता व नए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई होंगे।

घोषणा के तुरंत बाद बोम्मई ने एदियुरप्पा से आशीर्वाद मांगा और अन्य पार्टी नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नया नेता चुनने के लिए विधायक दल की बैठक शहर के एक होटल में हुई और इस दौरान भाजपा संसदीय बोर्ड की तरफ से नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व जी किशन रेड्डी भी मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील और राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि समेत कई अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद थे। अपनी बेदाग और गैर-विवादास्पद छवि के लिए चर्चित बोम्मई को एदियुरप्पा का करीबी माना जाता है। बोम्मई के पिता एस आर बोम्मई जनता परिवार के दिग्गज नेता थे और वह कर्नाटक के 11वें मुख्यमंत्री भी थे। हुब्बल्ली में 28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज बोम्मई ने मकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्होंने पुणे में तीन साल तक टाटा मोटर्स में काम किया और फिर उद्यमी बने। उनकी जाति, शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक क्षमताएं और एदियुरप्पा व भाजपा के केंद्रीय नेताओं से करीबी इस पद के लिए उनके चयन की प्रमुख वजहों में बताई जा रही हैं। बोम्मई प्रभावशाली वीरशैव-लिंगायत समुदाय से आते हैं और एदियुरप्पा भी इसी समुदाय से हैं। राज्य की कुल आबादी में समुदाय की हिस्सेदारी 16-17 प्रतिशत है और इसे भाजपा के मजबूत वोटबैंक के तौर पर देखा जाता है। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर जनता दल से शुरू किया था और दो बार (1997 और 2003) में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य रहे।

वह मुख्यमंत्री जे एच पटेल के राजनीतिक सचिव भी रहे और परिषद में विपक्ष के उपनेता भी रहे। बोम्मई ने जनता दल (युनाइटेड) छोड़कर फरवरी 2008 में भाजपा का दामन थाम लिया और उसी साल हुए विधानसभा चुनावों में हावेरी जिले के शिगगांव निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद वह 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में भी इस सीट से निर्वाचित हुए। परिवार की बात करें तो बोम्मई का विवाह चेनम्मा से हुआ है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार में वह जल संसाधन और सहकारिता मंत्री के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। राज्य की सिंचाई परियोजनाओं के बारे में उनकी जानकारी को अक्सर सराहा जाता है। उन्हें हाल में इस्तीफा देने वाले मुख्यमंत्री एदियुरप्पा की परछाई माना जाता है, क्योंकि वह 78 वर्षीय मुख्यमंत्री के साथ बैठकों व कार्यक्रमों में जाते थे और प्रेस ब्रीफिंग व अन्य मामलों में भी उनकी सहायता करते थे।

# टीका लगने के छह हफ्ते बाद एंटीबॉडी पड़ रही कमजोर

- फाइजर व एस्ट्राजेनेका वैक्सीन पर किए गए अध्ययन से चला पता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के खिलाफ वैक्सीन की दो अनिवार्य खुराक लेने के बाद अब बूस्टर डोज भी इस कड़ी में जुड़ने जा रही है, लेकिन द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फाइजर और एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की दोनों खुराकें लेने के छह सप्ताह बाद ही एंटीबॉडी का स्तर कमजोर पड़ रहा है। ब्रिटेन के यूनीवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं के अनुसार 10 सप्ताह या दो से तीन महीने में एंटीबॉडी का स्तर 50 फीसदी तक कम हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि एंटीबॉडी का स्तर इसी दर से गिरता है, तो यह चिंता का विषय है। इससे वैक्सीन के सुरक्षात्मक प्रभाव भी कम हो सकता है, खासकर कोविड के नए वेरिएंट के खिलाफ। हालांकि इसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती कि यह कितनी जल्दी कम हो सकता है। यूसीएल वायरस वॉच के अध्ययन में पाया गया कि एस्ट्राजेनेका (भारत में कोविशील्ड) की दोनों डोज की तुलना में फाइजर वैक्सीन की दोनों डोज के बाद एंटीबॉडी का स्तर काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण वाले लोगों की तुलना में टीकाकरण वाले लोगों में एंटीबॉडी का स्तर बहुत अधिक पाया गया। यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स की मधुमिता श्रोत्री ने कहा कि एस्ट्राजेनेका या फाइजर वैक्सीन की दोनों खुराक के बाद एंटीबॉडी का स्तर शुरू में बहुत अधिक था, जो कि गंभीर कोविड-19 के (शेष पेज 9)

## बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण जल्द शुरू होने की संभावनाः मंडाविया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सांसदों से कहा कि बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण जल्द शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान मंडाविया ने कहा कि देश में कोविड टीकाकरण अभियान जोरों पर चल रहा है। वर्तमान में, केवल 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग ही कोरोना वायरस टीकाकरण के लिए पात्र हैं। सूत्रों ने मंत्री के हवाले से बताया कि बहुत जल्द बच्चों के लिए एक टीके की उम्मीद है और उनके लिए टीकाकरण शुरू हो जाएगा। सरकार ने पहले कहा था कि 12-18 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण जुलाई के अंत या अगस्त में शुरू हो सकता है। इससे पहले, एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बताया था कि बच्चों के लिए टीका उपलब्ध कराना एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह स्कूलों को फिर से खोलने और बाहरी गतिविधियों को फिर से शुरू करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# मोदी से मिलीं ममता, सोनिया से मुलाकात आज

- विपक्षी पार्टियों की एकता अपने आप आकार ले लेगी: ममता बनर्जी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करती पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**तृणमूल** कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी पार्टियों की एकता अपने आप आकार ले लेगी। हालांकि, वह नेतृत्व की भूमिका निभाने के सवालों को टाल गई। बंगाल विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी के शानदार जीत हासिल करने के बाद बनर्जी पहली बार राष्ट्रीय राजधानी आई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे प्रोटोकॉल का हिस्सा बताया।

बनर्जी ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा था...यह एक शिष्टाचार यात्रा थी। चुनाव के बाद, प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हमें एक बार प्रधानमंत्री से मुलाकात करनी थी। मैंने कोविड से जुड़ी स्थिति के बारे में भी उन्हें बताया। मैंने उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि पश्चिम बंगाल को टीकों की पर्याप्त खुराक की आपूर्ति की जाए। मैं अन्य राज्यों को टीके उपलब्ध कराए जाने के खिलाफ नहीं हूं, बंगाल की आबादी को ध्यान में रखते हुए, हमें कहीं अधिक खुराक की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मई में प्रधानमंत्री की बंगाल यात्रा के दौरान उनके साथ बैठक करने की कोई गुंजाइश नहीं थी। बनर्जी ने यह भी कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल के नाम परिवर्तन का मुद्दा भी उठाया और प्रधानमंत्री से कहा कि यह लंबे समय से लंबित विषय है, जिसका समाधान किया जाना चाहिए। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या उन्होंने पेगासस विवाद पर प्रधानमंत्री के साथ चर्चा की। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जासूसी विवाद पर एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और उच्चतम न्यायालय नीत जांच कराने पर फैसला करना चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए विपक्षी पार्टियों के साथ क्या उनकी सिलसिलेवार बैठकें करने की योजना है, उन्होंने कहा कि आम चुनाव अभी बहुत दूर है। बनर्जी ने कहा, हालांकि, इसके लिए योजना पहले बनानी होगी। जैसे कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और त्रिपुरा में चुनाव हैं। जैसे कि त्रिपुरा में हमारे लड़कों के साथ क्या हुआ और दैनिक जागरण का मुद्दा। विपक्षी नेताओं को एकजुट करने की उनकी कोशिशों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह अपने आप हो जाएगा। उन्होंने कहा, विपक्षी एकता (शेष पेज 9)

## लगातार छठे दिन संसद बाधित, प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी विवाद और तीन नए कृषि कानूनों सहित कुछ अन्य मुद्दों पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण मंगलवार को लगातार छठे दिन फिर से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद में लगातार हंगामा करने और कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से विपक्ष के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की अपील की। प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक (शेष पेज 9)

# डेढ़ सदी पुराना है असम-मिजोरम सीमा विवाद

- 164 किमी सीमा को लेकर दोनों राज्य एक-दूसरे पर लगाते हैं अतिक्रमण का आरोप, कई दौर की बातचीत भी रही निष्फल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**असम-मिजोरम** सीमा विवाद बहुत पुराना है। इसकी शुरुआत 1875 के बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन के दौरान ही हो गई थी, जिसमें 1,318 वर्ग किमी की एक आंतरिक लाइन को वन रिजर्व के रूप में घोषित किया गया था। इसे असम अपने अधिकार क्षेत्र में होने का दावा करता है। मिजोरम की असम के साथ 164 किलोमीटर की सीमा जुड़ती है जो दोनों राज्यों के बीच झगड़ की जड़ है। दोनों राज्यों के बीच 1995 से केंद्र की मध्यस्थता में कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकल सका।

दोनों राज्यों ने हमेशा एक-दूसरे पर अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। इस संघर्ष के केंद्र में 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है, जो असम और मिजोरम को अलग करती है। जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज है और मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ एक दूसरे राज्य को जोड़ती है। मिजोरम, जिसे पहले लुशाई हिल के रूप में जाना जाता था, इसकी सीमा तीन राज्यों त्रिपुरा, असम और मणिपुर के साथ लगती है। इसके अलावा मिजोरम की बांग्लादेश और म्यांमार के पड़ोसी देशों के साथ 722 किलोमीटर की सीमा है। मिजोरम में भारत-म्यांमार सीमा खुली हुई है और दोनों पक्षों के लोगों की निर्बाध आवाजाही के कारण सीमा पार से तस्करी में तेजी आई है। भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) सीमा पर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी की यात्रा करने की अनुमति देती है। दोनों राज्यों के बीच बार-बार होने वाले दावों और प्रतिदावों के बीच सीमा पर स्थित क्षेत्र काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा है। हालाँकि 1994, 2006, 2018, 2020 लैलापुर, कछार में और सोमवार को नवीनतम संघर्ष, दोनों पक्षों के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। 1994 में मिजोरम की राजधानी आइजोल से 130 किलोमीटर दूर वैरेंगटे में दोनों राज्यों के पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद उस समय तनाव बढ़ गया था, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप से संकट टल गया था। पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 के द्वारा मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय राज्यों का गठन किया गया।

अधिनियम ने तत्कालीन मौजूदा असम राज्य के पुनर्गठन द्वारा मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के केंद्र शासित प्रदेशों के गठन का भी प्रावधान किया। असम का सबसे दक्षिणी छोर बराक घाटी है जिसमें कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले शामिल है। कछार तीन तरफ से मणिपुर, मिजोरम और मेघालय की पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है, और बांग्लादेश के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सीमा भी साझा करता है। मिजोरम मूल रूप से अविभाजित असम का हिस्सा था। जनवरी 1972 में पहली बार इसे एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठन करने के बाद इसे असम अलग किया गया था। बाद में 1987 में राज्य का दर्जा प्रदान किया गया। मिजोरम में रहने वाला मिजो समुदाय प्रमुख आदिवासी समुदाय है और अनुसूचित जनजातियों के अंतर्गत आता है।

# राकेश अस्थाना दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना को मंगलवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया। गृह मंत्रालय (एमएचए) के आदेश के अनुसार, फिलहाल सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत अस्थाना तत्काल प्रभाव से दिल्ली पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभालेंगे। अस्थाना की नियुक्ति 31 जुलाई को उनके सेवानिवृत्त होने से कुछ दिन पहले हुई है। उनका कार्यकाल एक साल का होगा। ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब एजीएमयूटी कैडर (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,578 | ↓ 273 | |
| निफ्टी | 15,746 | ↓ 78 | |
| सोना | 46,505 | ↓ 123 | /10g |
| चांदी | 65,710 | ↓ 206 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी विदेश मंत्री भारत पहुंचे अहम मुद्दों पर करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय भारत यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा अफगानिस्तान में तेजी से बदल रही सुरक्षा स्थिति पर विमर्श और क्वाड तंत्र के तहत हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को विस्तारित करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। ब्लिंकन की नई दिल्ली यात्रा के साथ ही वाशिंगटन ने भारत को एक अग्रणी वैश्विक शक्ति और अमेरिका का महत्वपूर्ण साझेदार करार दिया। बुधवार को ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ गहन चर्चा करेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मिलेंगे। दो देशों के अपने दौरे के तहत कुवैत रवाना होने से पहले उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम है।

# संसदीय पैनल सरकार के अफसरों से पूछेगा सवाल

**पेगासस जासूसी मामला**

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भाजपा** सदस्यों ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाली सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति (आईटी) की बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस बैठक के एजेंडे के बारे में पहले से नहीं बताया गया था। पेगासस स्पाइवेयर के जरिए कई लोगों के फोन टैंपिंग से संबंधित आरोपों को लेकर यह समिति बुधवार को गृह मंत्रालय समेत शीर्ष सरकारी अधिकारियों से पूछताछ कर सकती है।

संसदीय समिति में 32 सदस्य हैं और इनमें सबसे ज्यादा सत्तारूढ़ भाजपा से ही हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि बैठक का एजेंडा सदस्यों को पहले ही दे देना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके अलावा, यह बैठक ऐसे समय हुई जब संसद सत्र चल रहा है। बैठक का एजेंडा सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2021 के मसौदे के संदर्भ में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के कामकाज की समीक्षा करना था। भाजपा सांसद जफर इस्लाम ने कहा कि नियमों के अनुसार, एजेंडे की गोपनीयता बनी रहनी चाहिए, लेकिन बैठक से पहले एजेंडा सार्वजनिक हो गया। समिति के सदस्यों की सहमति से एजेंडा तय किया जाना चाहिए।

इसलिए हमने बैठक का बहिष्कार किया है। भाजपा सांसदों और समिति के अध्यक्ष के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच पहले भी फेसबुक, ट्विटर मुद्दे के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर (शेष पेज 9)

# तेज बारिश से राजधानी बेहाल, प्रमुख सड़कें जाम





मंगलवार को राजधानी दिल्ली कुछ ही घंटों की बरसात से पानी-पानी हो गयी। सड़कों पर जलभराव हुआ और वाहनों का लंबा जाम लगा

- आईटीओ, धौला कुआं इंडिया गेट समेत कई जगह हुआ जलभराव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कुछ** घंटों की बारिश में राजधानी दिल्ली पानी-पानी हो गई। सड़कें दरिया बन गईं और गाड़ियों की रफ्तार थम गई। धौलाकुआं से एयरपोर्ट जा रही बस के अंदर भी पानी भर गया। लोगों को पैर उठा कर सीट पर बैठना पड़ा। दिल्ली का दिल इंडिया गेट, आईटीओ, मथुरा रोड जैसी कई प्रमुख सड़कों पर पानी भर गया। इससे दूर तक वाहनों की कतारें लग गईं। मौसम विभाग का अनुमान है कि राष्ट्रीय राजधानी में अभी कई दिन बारिश का दौर जारी रहेगा। राजधानी में मंगलवार सुबह से ही रुक रुक कर कहीं हल्की तो कहीं तेज वर्षा हुई। इससे धौला कुआं, मथुरा रोड, मोती बाग, विकास मार्ग, रिंग रोड, रोहतक रोड, संगम विहार, किराड़ी और प्रगति मैदान के पास तथा कई अन्य स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे इन मार्गों और इनसे जुड़ी अन्य सड़कों पर कई घंटे यातायात प्रभावित रहा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारी ने बताया कि जलभराव की शिकायतों से प्राथमिकता से निपटा जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह बारिश तेज हुई थी, इसलिए शहर के कुछ इलाकों में पानी भर गया। हमारे अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट कर लोगों को जलजमाव और उन इलाकों (शेष पेज 9)

## साकेत मेट्रो स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वार करने पड़े बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में मंगलवार सुबह भारी बारिश के बाद जलभराव के कारण येलो लाइन पर साकेत मेट्रो स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वार बंद करने पड़े। करीब दो घंटे बाद गेट खोले गए। एक ट्वीट में डीएमआरसी ने कहा कि साकेत मेट्रो स्टेशन पर सामान्य सेवा बहाल हो गई। येलो लाइन उत्तरी दिल्ली में समयपुर बादली को गुड़गांव के हुडा सिटी सेंटर से जोड़ती है।

## जुलाई के दौरान 18 साल में सबसे अधिक वर्षा हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में मानसून भले ही देरी से आया हो, लेकिन अब अच्छी बारिश हो रही है। शहर में जुलाई महीने में अब तक 381 मिमी वर्षा हो चुकी है, जो 2003 के बाद सबसे अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग वेधशाला ने मंगलवार सुबह केवल तीन घंटों में 100 मिमी बारिश हुई। यह भी आठ साल में जुलाई महीने में 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश है। वर्ष 2013 में दिल्ली में 21 जुलाई को 123.4 मिमी बारिश हुई थी। निर्धारित (शेष पेज 9)

# पीएम मोदी अगस्त में करेंगे एयरपोर्ट का शिलान्यास

## अगले माह 22 से 25 तारीख के बीच किसी भी दिन भूमि पूजन, मुख्यमंत्री योगी भी रहेंगे मौजूद

● विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने किया मुआयना




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास की तिथियां लगभग तय हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने 22-25 अगस्त के बीच किसी भी दिन जेवर एयरपोर्ट का भूमि पूजन करेंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। अब तक ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि अगस्त के दूसरे-तीसरे हफ्ते में प्रधानमंत्री जेवर एयरपोर्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम में आएंगे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन ने प्रधानमंत्री कार्यालय से पत्राचार की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने नोएडा एयरपोर्ट के भूमि पूजन स्थल का मुआयना किया। शासन ने गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को सारी तैयारियां मुकम्मल करने का आदेश दिया है। दरअसल पहले बीते मई में ही जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम होना था। लेकिन कोरोना वायरस की वजह से इसे टालना पड़ा।

अब कोविड की दूसरी लहर का असर कम हो गया है। सामान्य जनजीवन और कामकाज शुरू हो गया है। कार्यक्रम रनहेरा गांव के पास रखा जा सकता है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्दी ही मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह और लखनऊ से मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी इस जगह का दौरा करेंगे। इसके बाद एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आई है।

जमीन से संबंधित कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। अब प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 22-25 अगस्त तक भूमि पूजन कार्यक्रम में आ सकते हैं।

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन भी तैयारियों को मुकम्मल करने में जुट गया है। मालूम हो कि पिछले हफ्ते राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के बीच जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए 1334 हेक्टेयर जमीन का लीज एग्रीमेंट संपन्न हुआ।

## नाइट कर्फ्यू में ढिलाई पर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**गाजियाबाद।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक सोमवार की देर रात शहर भ्रमण पर निकले तो जाने के थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ड्यूटी पर मुस्तैद नहीं मिले।

थाना प्रभारी द्वारा रात्रिकालीन कर्फ्यू का ठीक से पालन नही कराया जा रहा था। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कृष्ण गोपाल शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी अमित खारी को भी हटा कर क्राइम ब्रांच भेज दिया और थाने की कमान देव पाल सिंह को छोड़ दी। साथ ही उन्होंने ने जिले के तमाम थाना प्रभारियों व उच्च पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने काम में कोताही भरता पाया गया तो कार्रवाई निश्चित है।

## संक्षिप्त समाचार



### चैलेंजर्स ग्रुप ने पहुंचाया जरूरतमंदों को राशन

**नोएडा।** इस भीषण महामारी कोविड 19 के कारण कई लोगों की नौकरी चली गयी, तो कई लोगों ने अपनों को खो दिया है घर मे अब कोई आय का स्त्रोत नहीं इसी दुर्दशा को देखते हुए चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर-22 में बसर कर रहे कुछ ऐसे ही परिवारों को राशन वितरित कर सहायता पहुँचायी गयी। चैलेंजर्स ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा ने बताया कि इस राशन किट में लगभग 23 किलो सामग्री सम्मलित है। वाईएफएस से सागर गोस्वामी ने कहा कि कोविड मरीजों के आँकडें भले ही कम हो गए हों किन्तु अभी महामारी पूरी तरीके से नष्ट नहीं हुई है। इस मौके पर रोशनी कुमारी रंजीत वर्मा अंकित आदि सदस्य मौजूद रहे।

### जयपुरिया इंस्टीट्यूट में वेबिनार संपन्न

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के तत्वावधान में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के बुनियादी मूल्यों की समझ पर केंद्रित प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का वेबिनार आयोजन किया गया। इस मौके पर जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) देवेंद्र नारंग ने कहा कि मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम शुरू करने की खुशी है। यह व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के मूल सिद्धांतों के बारे में विमर्श करता है। कार्यक्रम का लक्ष्य व्यक्ति विशेष के साथ-साथ प्रबंधन के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत; और निर्णय कौशल में निखार और बुनियादी क्षमताएं बढ़ाने के इच्छुक लोगों के समूहों की सेवा करना है।

### आयुष्मान पखवाड़ा: बाइक रैली निकाली

**हापुड़।** जनपद के जन सेवा केंद्र (सीएससी) संचालकों ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) हापुड़ से आयुष्मान पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। जागरूकता रैली को आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डा. दिनेश खत्री, योजना के जिला प्रबंधक डा. मारुफ चौधरी व जनसेवा केन्द्र जनपदीय प्रबंधक जितेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से मुफ्त उपचार प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई। बता दें कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित सीएससी (ई गवर्नेंस) द्वारा सात दिवसीय आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन आयुष्मान भारत योजना से संबंधित जागरूकता के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया तथा सभी विकास खंडों पर आयुष्मान भारत का कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.com एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र. सं | जॉब संख्या / कार्य का नाम | कार्य की लागत |
|---|---|---|
| 1 | 233/डी.(एच.)/डी.डी.एच.-II/2020-21, सैक्टर - 38ए मल्टी लेवल कार पार्किंग में पार्क का अनुरक्षण कार्य। (Buddha Sculpture) | लागत रु. 16.06 लाख |

जिन्हें दिनांक 03.08.2021 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 04.08.2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जाएँगी।

निदेशक (उद्यान)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## बांग्लादेश से एनसीआर में मानव तस्करी के आरोप में 5 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश एटीएस ने एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर रोहिंग्या व बांग्लादेश से महिलाओं और बच्चों को लाकर भारत में असामाजिक तत्वों को बेच देता था।

यह गिरोह इन लोगों को नौकरी दिलाने उनकी शादी कराने का प्रलोभन देता था। एटीएस ने इस गिरोह के सरगना समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 2 लड़कियां भी शामिल हैं। इनका एक साथी फरार हो गया। एटीएस की टीम ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल ट्रैन से उतार कर इन लोगों से कई घंटे तक पूछताछ की उसके बाद इन्हें लखनऊ ले जाया गया।

यूपी के अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के निर्देश पर दिल्ली-नोएडा और गाजियाबाद में 36 घंटे तक एक विशेष अभियान मानव तस्कर गिरोह की तलाश में चलाया गया।

गिरफ्तार लोगों में बांग्लादेश निवासी नूर मोहम्मद उर्फ नूर इस्लाम,रोहिंग्या निवासी रहमतुल्लाह तथा शबीबुल्लाह है। नूरुल इस्लाम हाल में त्रिपुरा में रहता है जबकि यह दोनों कश्मीर में रहते हैं।

डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लंबित मामला

## चीफ सेक्रेटरी ने डीएम से कहा- प्रोजेक्ट में कोई देरी नहीं होने दें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

देश के दोनों औद्योगिक रेलवे गलियारे उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रहे हैं। पूर्वी कोलकाता से अमृतसर तक और पश्चिमी दादरी से मुंबई तक माल ढुलाई कॉरिडोर से जुडे मामलों पर उच्चस्तरीय बैठक हुई।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। राज्य सरकार के अफसरों के अलावा 9 जिलों के डीएम बैठक में शामिल हुए। चीफ सेक्रेटरी ने कहा दोनों फ्रेट कॉरिडोर से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण में प्रक्रियात्मक विलम्ब न हो।

भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों को निर्धारित समय के अनुसार पूरा किया जाए ताकि निर्माण कार्य समय पर पूरे किये जा सकें। प्रोजेक्ट के पूरा होने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। जमीन से जुड़े जो प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन हैं और उनके कारण विलम्ब हो रहा है, ऐसे मामलों की प्रभावी पैरवी करके शीघ्र निस्तारित करवाएं।

इस बैठक का संचालन करते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि कॉरीडोर के लिए 56 आरओबी बनाये जाने हैं। जिनमें से 17 का निर्माण पूरा हो गया है और 39 पर कार्य चल रहा है।

भूमि अधिग्रहण के 19 मुद्दे हैं, जिनके समाधान पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

इंडियन बैंक
Indian Bank
(ERSTWHILE ALLAHABAD BANK)

BRANCH : SAM LUDHIANA, 165-INDUSTRIAL AREA A, CHEEMA CHOWK LUDHIANA

WILFUL DEFAULTER

Ref.No: SAMB/WD-Not/SatiaSyn/2021-22/120 DATED: 07.07.2021

To,
1. M/s Satia Synthetics Ltd. Ist Address:- Vill Lubanianwali, Firozepur Road, Distt. Muktsar, Punjab-152026. IInd Address:- At Street No.6, Dharampura, Samrala Road, Ludhiana, Punjab-141008. IIIrd Address:- At 613-615, Navrang House 21, K G Marh, New Delhi-110001. IVth Address:- At SCO No.90-92, Sector-8C, Madhya Marg, Chandigarh-160009. 2. Sh. Anil Satia S/o Bal Raj Satia. Ist Address:- R/o Satia Niwas, Railway Road, Distt.Muktsar, Punjab-152026. IInd Address:- At House No.44, Sector-8 A, Chandigarh-160008. 3. Sh. Suresh Kumar Singla, House No. 52, Young Dwellers Society, Sector-49A, Chandigarh-160049 4. Sh. Sanjeev Sethi 10, Maqbool Road, Amritsar, Punjab-143001. 5. Sh. Birendra Singh Kushwah R/o House No. 964/2, Adesh Nagar, Distt.Muktsar, Punjab-152026. 6. Sh. Kulbir Singh Pahwa House No. 712, Sector 8B, Chandigarh-160008. Guarantor(s): 7. Sh. Ankit Satia S/o Anil Satia Ist Address:- R/o Satia Niwas, Railway Road, Distt.Muktsar, Punjab-152026. IInd Address:- At House No. 124, Sector-8A, Chandigarh-160008. 8. Smt. Saloni Satia W/o Anil Satia. Ist Address:- R/o Satia Niwas, Railway Road, Distt.Muktsar, Punjab-152026. IInd Address:- At House No. 44, Sector-8A, Chandigarh-160008. 9. Sh. Akhil Satia S/o Anil Satia, Ist Address:- R/o Satia Niwas, Railway Road, Distt.Muktsar, Punjab-152026. IInd Address:- At House No. 44, Sector-8A, Chandigarh-160008.
Dear Sir,
SUB: M/S Satia Synthetics with SAM Ludhiana Branch-Classifying as Wilful Defaulter show cause notice

This is per the direction of Wilful Defaulter Screening Committee (WDSC) issued Vide its Order/decision dated 13.05.2021 and in terms of the findings of the said Screening Committee wherein the Committee Observes as under:
That, the first of you is the borrower company in which second to sixth of you are the Directors and seventh to ninth of you are the guarantors has availed credit facility under Consortium Banking from our bank. The aforesaid borrower company i.e. M/s. Satia Synthetics Ltd. was sanctioned credit facility of Rs 13.00 Crore on 23.03.2017 on the terms and conditions stipulated in the sanction letter & in the documents executed by all of you in pursuance thereto through Our Kalsi Nagar Ludhiana Branch. The limit sanctioned to the company are secured by Hypothecation and Equitable mortgage of Assets as mentioned below:

| NATURE OF SECURITY | NATURE OF CHARGE |
|---|---|
| All Current Assets of the Company (both Present as well as future) includsing Stocks and book debts) | Hypothication 1st Charge with Other lenders |
| Fixed Assets of the Company (both Present as well as future) and EM of Property which is in the name of Company with total area 192.95 Kanal (or) 24.1188 acre at Village Lubanianwali, Firozepur Road, Muktsar, Punjab as per Various Deeds Mentioned: 1. Sale Deed No. 85 dt 07.04.1997. 2. Sale Deed No. 2357 dt 20.11.1996. 3. Sale Deed No. 2341 dt 18.11.1996.4. Sale Deed No. 2342 dt 19.11.1996. 5. Sale Deed No. 2484 dt 04.12.1996. 6. Sale Deed No. 3113 dt 31.01.1997.7. Sale Deed No. 62 dt 04.04.1997. | First Pari-passu charge with other lenders |
| EM of Kanal Plot Situated at Muktsar in the name of Sh. Anil Satia. | First Pari-passu charge with other lenders |
| EM of 32 Kanals 8 Marlas (4.05 Acre) of land in the name of Smt. Saloni Satia Situated at Village Lubanian Wali. | First Pari-passu charge with other lenders |

The aforesaid borrower company was requested to pay interest and other charges and also the installments of the principal in accordance with the terms of the sanction ticket and loan agreements executed by the borrowers guarantors. However, the borrower has failed for payment of dues and committed default in performing the conditions in the loan agreement,causing thereby classification of the account as NPA as per RBI guidelines.
The Status of the account is enumerated hereunder: (Rs. In Crores)

| S.No. | DATE OF NPA | DUES ON 26/05/2019 |
|---|---|---|
| 1. | 31.03.2019 | 12.28+MOI |

In view of the default committed by the borrower, the case was examined by the WDSC on 13.05.2021 with a view to ascertain Willful default on the part of borrowers/ guarantors as per the guidelines laid down by the RBI. It was Observed by the screening committee that the guarantors had committed various Wilful irregularities/deíaults as detailed borrowers hereunder and accordingly meets the criteria to be classified as willful Defaulter in terms of the guidelines laid down by the RBI. The irregularities/defaults/evidences as extracted out by the screening committee and directed to be communicated to the borrowers guarantors calling for their submission as to why they should not be declared as wilful defaulter as per RBI guidelines are enumerated as under:
Cause of Action: Diversion of funds -2.1.3(b) read with 2. 2.1(a). 2. 2.1(c) and 2. 2 .1(d)
Evidences/Events of Wilful Default:
1. During the FY 2016-17, the company was not able to generate sufficlent cash flow fromn operating activities even to meet its interest obligations. During FY 2016-17 and FY 2017- 18 additional short term borrowing of Rs. 11.42 crores and Rs. 2.65 crores was availed. The borrower company has utilized the
2. above amounts towards payment of finance costs and investing in Long-Term Assets instead of utilization towards Working capital.
Variation in Stock & Book Debts statement submitted to Bank and Audited Balance Sheet (Rs. In Crores)

| CLASSIFICATION | FY 2015-16 | | FY 2016-17 | | FY 2017-18 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | STOCK STATEMENT 28.03.2016 | AUDITED FINANCIALS 31.03.2016 | STOCK STATEMENT 31.03.2017 | AUDITED FINANCIALS 31.03.2017 | STOCK STATEMENT 31.03.2018 | AUDITED FINANCIALS 31.03.2018 |
| STOCKS | 106.22 | 128.38 | 127.57 | 154.66 | 139.04 | 139.04 |
| DEBTORS | 42.00 | 40.80 | 42.06 | 42.70 | 41.73 | 44.87 |
| CREDITORS | 48.64 | 70.58 | 55.58 | 90.40 | 91.86 | 110.32 |
| TOTAL DRAWING POWER | 91.97 | 80.29 | 107.96 | 102.87 | 116.58 | 70.98 |
| OUTSTANDING FROM BANK | 91.14 | 91.14 | 102.57 | 102.57 | 105.22 | 105.22 |
| OVER DRAWINGS | | (10.85) | | | | (34.24) |

Debtors upto 90 days declared in the stock statement as on 28.03.2016 is Rs 41.75 Crores. Whereas in audited financials it is only RS. 13.41 Crores. Drawing Power computed as per the financial statements is Rs. 80.29 crores only. Debtors upto 90 days declared in the stock statement as on 31.03.2017 Is Rs. 41.70 crores whereas in audited Financials It Is only Rs. 25.35 crores. 1 he borrower has shifted creditors of Rs. 1646 crores to "other Liabilities in March 201/ and thereby reducing the value of Creditors and has not declared the same for the purpose o Computation of drawing power. Debtors upto 90 days declared in the stock statement as on 31.03.2018 is Rs. 41.73 crores whereas in audited financials It is only Rs. 20.85 crores Ihe borrower did not declare correct value of creditors in the monthly stock statement submitted to bank. Drawing Power Computed as per the financial statements is Rs 70.98 crores only. The Borrower Company was operating current account With Punjab National Bank bearing Current Account No. 1696002100000650 which is outside the consortium bank.

| SUM OF DEBIT | | | SUM OF CREDIT | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 |
| 0.01 | 2.78 | 13.10 | 0.01 | 2.78 | 13.10 |

* On perusal of Book of Accounts, it is observed that receivables from 8 parties constitute more than 80% of Total Receivables. The borrower has not provided supporting documents for sales invoices like Lorry Receipts and Transport Documents.
* Majority of the sales are made to related parties, proprietor and partnership firms tor which proper supporting documents evidencing movement of goods were not enclosed with sales invoices. In case or related party 1.e, M/s. TC Terrytex Ltd. it is observed there are 2 way transactions i/e., considerable sales and purchases are made with the company. It is observed that in some instances supporting documents were deficient and not satisfactory.
*In case or Shakti I Trading Company Rs. 1.48 crores Is receivable since FY 2015-16 and the same is grouped under "Cotton Supplier Advances during FY 2015-16 but subsequently the same has been regrouped as Receivables" in FY 2017-18. The reason for giving such advance where no goods were received against the same remains unexplained
It is observed that the Waste percentage increased from 9% during FY 2015-16 to 17%during FY 2017-18.
In view of the above, in terms of Diversion of funds -2.1.3(b) read with 2.2.1(a), 2.2.1(c) and 2.2.1(0) of the RBI Master Circular No. No. RBI/ 2015-16/100 DBR. No. CID. BC.22/20.16.003/2015-16 dated 01.07 2015, each of you are required by the WDSC to show cause as to why each of you should not be a declared a wilful defaulter for the reported diversion / Siphoning of funds/reasons specified hereinabove.
Please ensure that your reply should reach us on or beFore 29.07.2021 tailing which the committee would be constrained to proceed further in the matter based on the evidence on record treating as if yōu have no reason/explanation to offer in rebuttal.

BRANCH MANAGER
FOR WILFUL DEFAULTER SCREENING COMMITTEE (WDSC)

## घुटनों तक भरा पानी, सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा शहर का हाल बेहाल है। मामूली सी बारिश के कारण पूरे शहर में घुटनों तक पानी भर गया है। जगह.जगह की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

शहर के लोग भड़के हुए हैं। असल में शहर में ऐसी बदहाली देखने को नहीं मिली है।

ट्वीटर और व्हाट्सएप ग्रुप पर तस्वीरें आने के बाद प्राधिकरण के कर्मचारी दौड़ रहे हैं। शहर में मंगलवार को मामूली बारिश हुई है। जिसके बाद कई आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में जल जमाव हो गया है। शहर के सेक्टर इकोटेक-3 सेक्टर बीटा-2 कुलेसरा और हल्दौनी में बुरा हाल है। सेक्टर इकोटेक-3 में सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के आसपास सड़क पर करीब आधा किलोमीटर तक पानी भरा है। सुबह के वक्त सूरजपुर से कुलेसरा तक ट्रैफिक जाम लग गया। पुलिस कर्मियों को बारिश के बीच भीगते हुए यातायात संभालना पडा।

सीवर के मैन हॉल खुले होने के कारण हादसों का खतरा था। शहर के सेवी हरेंद्र भाटी ने कहा शहर में सफाई का बुरा हाल है। गंदगी सेक्टरों में पसरी पड़ी है।

### टूटी पड़ी हैं सड़कें

लोग सोशल मीडिया पर शहर की बदहाली के बारे में लिख रहे हैं। कैलाश अस्पताल के सामने एल्फा कमर्शियल बेल्ट बीटा टू और कई जगहों पर सड़कों के गड्ढे पोस्ट किए हैं। मुख्य सड़क की नाली को साफ करके मिट्टी और कचरा सड़क पर छोड़ दिया गया। जिसकी वजह से सड़क पर कीचड़ हो गई। यह सारी तस्वीरें आने के बाद प्राधिकरण का अमला दौड़ा।

## रिटायर्ड मैनेजर के खाते से ठगों ने निकाले 5.5 लाख

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी-2 में रहने वाले इंश्योरेंस कंपनी के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक के खाते से साइबर ठगों द्वारा 5.5 लाख रुपये निकाले जाने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सुधीर कुमार शर्मा न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से शाखा प्रबंधक के पद से करीब 6 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। उनका बैंक अकाउंट इंडसइंड बैंक में है। कॉल करने वाले ने खुद को इंडसइंड बैंक का शाखा प्रबंधक बताते हुए खाते को वेरीफाई कराने के ओटीपी को बताने के लिए कहा। एक घंटे बाद उनके खाते से करीब 5 लाख 59 हजार निकाल लिए गए।

## गफ्फार मार्केट में खपाए जा रहे धोखाधड़ी कर खरीदे गए मोबाइल

● अमेजॉन के फर्जी खाते बनाकर अब तक 2 करोड़ से अधिक ठगे, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट के फर्जी खाते बनाकर ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं और बैंक खातों में जमा करीब 26 लाख फ्रीज कर दिए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। ये फोन गफ्फार मार्केट में सस्ते दामों पर खपाये जा रहे थे। नोएडा साइबर थाने के प्रभारी विनोद पांड्येय ने बताया कि आरोपियों को हरियाणा के जिला हिसार के उकसाना स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अनिल उर्फ आलोक और सचिन के रूप में हुई है।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वे वर्चुअल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर अमेजन कंपनी के फर्जी नामों से अकाउंट बनाते थे। फिर विभिन्न इलेक्ट्रोनिक प्रोडक्ट के कॉड लेकर उनका प्रीपेड ऑडर करते थे।

उसके बाद दिए गए फर्जी पतों से उन ऑडर को प्राप्त कर उन्हें कम कीमतों पर दिल्ली की गफ्फार मार्केट, करोलबाग व दिल्ली, एनसीआर की अन्य दुकानों में बेच देते थे। आरोपियों का एक अन्य साथी अनिल नैन अमेजान डिलीवरी एजेंट के साथ मिलकर फर्जी तरीके से पिक-अप डन दिखा दिया जाता था। इसके बाद आरोपी सारा पैसा अपने खातों में वापस ले लिया करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी वर्चुअल नंबर द्वारा 100 फर्जी अमेजान खाते बनाते थे।

## नोएडा हर आपदा से निपटने को तैयार: सीईओ

● कोरोना काल में बेहतर काम करने पर 11 नर्सों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने कहा कि गौतमबुद्धनगर जिला किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने को तैयार है। यहां संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कोरोना महामारी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

नरेंद्र भूषण मंगलवार को शारदा अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोरोना काल में सराहनीय काम करने पर नर्सें को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीईओ ने कोरोना काल में बेहतर काम करने पर 11 नर्सों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि कोविड में जब परिवार के लोग साथ नहीं थे उस समय हमारे डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ ने मरीजों की सेवा की है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में तैनात अफसर अली अरविंद नपित बिंटू दीन दयाल कुशवाहा हर्षित कुल्लू कली देवी कविता महेश कुमार पूजा मेहरा सुरभि आदि कर्मचारियों को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शारदा ग्रुप के चेयरमैन पीके गुप्ता ने बताया कि जल्द ही जिले का पहला कॉरपोरेट अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें तमाम आधुनिक सुविधाओं के अलावा कैंसर का बेहतर इलाज हो सकेगा। यहां पर टाटा मेमोरियल रिचर्स की तरह विशेषज्ञ डॉक्टर और कर्मचारी के अलावा उपकरण लगाए जाएंगे।

### तीसरी लहर के लिए तैयार रहें: डॉ. सुनील शर्मा

सीएमओ डॉ सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि तीसरी लहर को लेकर कई तरह की बातें कही जा रहे हैं, लेकिन हम लोगों को तैयार रहना होगा। टीकाकरण मास्क और कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर डॉ एमसी मिश्रा डॉ आशुतोष निरंजन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ मनीषा जिंदल आदि डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफमौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# पद्म पुरस्कारों के लिए भेजे जाएंगे डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के नाम

## केजरीवाल सरकार ने 15 अगस्त तक आम लोगों से मांगे सुझाव



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के दौरान बेहतरीन काम करने वाले डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों को पद्म पुरस्कार दिलाने के लिए दिल्ली सरकार केंद्र को नाम भेजेगी। लेकिन इससे पहले दिल्ली वालों से रायशुमारी करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार पद्म भूषण, पद्म विभूषण और पद्मश्री पुरस्कार के लिए जिनके नाम केंद्र को भेजेगी, वह नाम दिल्ली वाले बताएंगे।

दिल्ली का कोई भी व्यक्ति padmaawards.delhi@gmail.com पर पूरी जानकारी के साथ किसी भी डॉक्टर या स्वास्थ्य कर्मी का नाम 15 अगस्त तक भेज सकता है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में बनी सर्च एंड स्क्रीनिंग कमेटी इन नामों की स्क्रीनिंग करेगी। इसके बाद वे नाम 15 सितंबर से पहले केंद्र को भेज देंगे।

सीएम ने दावा किया कि दिल्ली सरकार देश में अकेली सरकार है, जिसने कोरोना काल में लोगों की सेवा करते हुए शहीद हुए स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी। अब यह समय सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान करने का है कि हम सब उनके कितने शुक्रगुजार हैं।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोरोना कॉल में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों और पैरामेडिकल ने लोगों की बहुत सेवा की। अपनी जान दांव पर लगाकर इन्होंने लोगों की जान बचाई। वह कई डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को जानते हैं जो कई-कई दिनों तक अपने घर नहीं गए। कई डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी संक्रमितों की सेवा करते-करते संक्रमण के चपेट में आ गए और वे दुनिया छोड़कर चले गए। पूरा देश और इंसानियत इनकी कर्जदार है। इनका जितना शुक्रिया अदा करें, उतना कम है।

**उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में बनी सर्च एंड स्क्रीनिंग कमेटी नामों की करेगी सिफारिश**



अब यह समय है, सभी डॉक्टर और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को यह कहने, जताने बताने का और उनका सम्मान करने का कि हम सब उनके कितने शुक्रगुजार हैं।

केजरीवाल ने कहा कि हर साल देश ऐसी कुछ चुनिंदा हस्तियों को भारत रत्न और पद्म अवार्ड से सम्मानित करता है, जिन लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन काम किया और प्रतिभा दिखाई है। वह यहां तीन अवार्ड की बात रहे है पद्म भूषण, पद्म विभूषण और पद्मश्री। इन तीनों अवार्ड के लिए केंद्र सरकार जनता से भी नाम मंगवाती है और सभी राज्य सरकारों को भी लिखती है कि अगर राज्य सरकारें अपने-अपने राज्य से किसी ऐसी हस्ती का नाम देना चाहें, तो राज्य सरकारें भी अपनी तरफ से पद्म अवार्ड के लिए नाम भेजती हैं। दिल्ली सरकार ने तय किया है कि इस बार वह केवल डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों के नाम पद्म अवार्ड के लिए भेजेंगे।

# डीबीएसई में इस वर्ष शामिल होंगे 30 सरकारी स्कूल

## इस सत्र से 20 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस और 10 सामान्य स्कूलों में नए पैटर्न से होगी पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन में सत्र 2021-22 में शामिल होंगे दिल्ली 30 सरकारी स्कूल। इनमें 20 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस और 10 सामान्य स्कूलों को किया जाएगा डीबीएसई में शामिल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस और दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन सोसायटी की दूसरी जनरल बॉडी बैठक हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली सरकार स्वतंत्रता दिवस तक बीस स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस को लांच करेगी, इसमें स्टेम के 8 स्कूल, हयूमैनिटिज व 21वीं सेंचुरी हाई एंड स्किल्स के 5-5 स्कूल व विजुअल और परफॉर्मिंग आर्ट्स के 2 स्कूल शामिल हैं।

मनीष सिसोदिया ने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के इन स्कूलों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम), हयूमैनिटिज, विजुअल और परफॉर्मिंग आर्ट्स और 21वीं सेंचुरी हाई एन्ड स्किल्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों को एक एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से दाखिला दिया जाएगा। स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से एफिलिएटेड होंगे।

अगले 2 सालों में, पूरी दिल्ली में लगभग 100 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस शुरू किए जाएंगे, हर एजुकेशनल जोन में चारों प्रकार के स्पेशलाइज्ड स्कूल होंगे ताकि सभी भागों के बच्चे अपने पड़ोस के स्पेशलाइज्ड स्कूल तक पहुंच सकें।

एसओएसई के विजन पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा की एसओएसई में छात्रों के सर्वांगीन विकास पर ध्यान दिया जाएगा ताकि वहां से पढ़कर निकलने के बाद छात्र देश और विदेश के चुनिंदा व सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिला ले सके। उन्होंने कहा कि छात्रों की रुचि और एप्टीट्यूड को पहचान कर उन्हें विशेष शिक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण है।



दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन की दूसरी जनरल बॉडी मीटिंग की अध्यक्षता करते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा वह सरकारी स्कूलों में छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा देंगे। पिछले 5 सालों में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था के मूलभूत ढांचे को सुधारने का काम किया है। लेकिन वह यहीं नहीं रुकेंगे। उनका मकसद दिल्ली के स्कूलों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल करना है। इन स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रगतिशील पाठ्यक्रम और मूल्यांकन संरचना अपनाने के लिए। दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने जानीमानी रिसर्च संगठन ऑस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (एसीईआर) के साथ पार्टनरशिप किया है, जिसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रम प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट को डिजाइन करने का श्रेय दिया जाता है।

## भिखारियों के पुनर्वास और टीकाकरण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर भिखारियों व बेसहारा लोगों के पुनर्वास, टीकाकरण के लिए दायर याचिका पर मंगलवार को केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि सड़कों पर भिखारियों को नहीं आने की इजाजत देने के मामले में वह अभिजात्यवादी नजरिया नहीं अपनाएगा। न्यायालय ने कहा कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक-राजनीतिक समस्या है और शिक्षा और रोजगार की कमी के कारण आजीविका की कुछ बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए लोग सड़कों पर भीख मांगने पर मजबूर होते हैं।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा कि वह उस याचिका के एक हिस्से में किए गए उस आग्रह पर विचार नहीं करेंगे जिसमें अधिकारियों को भिखारियों, आवारा और बेघर लोगों को सार्वजनिक स्थानों या यातायात चौक पर भीख मांगने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि वह याचिका में किए गए उस आग्रह पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगेगी जिसमें महामारी के बीच भिखारियों और आवारा लोगों के पुनर्वास, उनके टीकाकरण और उन्हें आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने की गुजारिश की गई है।

# अब हर सप्ताह जिलाधिकारियों के कामकाज की होगी समीक्षा

## खराब प्रदर्शन वाले अफसरों पर होगी सख्त कार्रवाई : गौतम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार अब हर सप्ताह जिलाधिकारियों के कामकाज की समीक्षा करेगी। साथ खराब प्रदर्शन करने वाले अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग के जिला अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में मंत्री सभी जिला अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में लंबित पेंशन के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटारा करने के निर्देश दिए। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।



राजेन्द्र पाल गौतम ने मंगलवार को कहा कि कुछ दिन पहले उन्होंने विभिन्न जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया था। हैरानी की बात यह है कि उन्हें वर्ष 2017 से लंबित पेंशन के मामले मिले। यह अब से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब, हर जिला अधिकारी को हर सप्ताह रिपोर्ट देनी होगी। इस रिपोर्ट में, अधिकारी को यह स्पष्ट करना होगा कि कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनी सवाल आए और कितने मामलों का समाधान किया गया।

# विस का दो दिवसीय मानसून सत्र कल से

## भाजपा ने सत्र को पांच दिन करने की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा का दो दिवसीय मानसून सत्र बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा है। भाजपा ने इस सत्र में दिल्ली सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। उसने सत्र को पांच दिन करने की मांग की। भाजपा विधायकों का दल मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल से मुलाकात की और उनसे कहा कि दिल्ली की समस्याओं और दिल्लीवालों के दुख-दर्द की चर्चा विधानसभा में होनी चाहिए लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पा रहा।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने विधानसभा में अल्पकालिक चर्चा (नियम 55) के तहत कई विषयों पर चर्चा कराने का नोटिस दिया है। दिल्ली में पानी का गंभीर संकट है, स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, दिल्ली गैस चैम्बर बनी हुई है, डीटीसी की सारी बसों की उम्र पूरी होने से परिवहन व्यवस्था पर गंभीर संकट छाया हुआ है, बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही, कोरोना की दूसरी लहर में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह चरमरा गई और दिल्ली में बड़े नालों की सफाई न होने से मानसून में दिल्ली फिर डूब रही है। ये सभी दिल्ली के ज्वलंत विषय है और इन विषयों पर चर्चा का अनुरोध अध्यक्ष से किया गया है। भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा है कि दिल्ली के इतने महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा सिर्फ दो दिन के सत्र में नहीं हो सकती। इसलिए यह सत्र कम से कम पांच दिन का किया जाए ताकि दिल्ली की समस्याओं पर खुलकर बहस हो सके।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी।

बिधड़ी ने कहा कि उन्होंने विस अध्यक्ष अनुरोध किया है कि भाजपा विधायक जिस विषय पर भी चर्चा का नोटिस देते हैं, उसपर चर्चा की अनुमति नहीं दी जाती।

अध्यक्ष सभी सदस्यों के संरक्षक होते हैं-चाहे वह सत्तापक्ष हो या विपक्ष। इसलिए सभी विधायकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना उनका दायित्व है। इसलिए इस बार भाजपा विधायकों को जनहित के मुद्दे उठाने से रोका नहीं जाए। दिल्ली सरकार अब तक विधानसभा का इस्तेमाल दिल्ली की समस्याओं को हल करने के लिए नहीं बल्कि अपना राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने के लिए करती रही है।

## केजरीवाल सभी कोरोना योद्धाओं के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा दें

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा बताते हुए कहा कि एक तरफ तो वे डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भारत रत्न और पदम पुरस्कार दिलवाने की बात करते हैं और दूसरी तरफ दिल्ली में कोरोना काल में जनता की सेवा करते हुए शहीद हुए 300 से ज्यादा कोरोना योद्धाओं में से सिर्फ 17 को ही सम्मान राशि जारी की गई है।

गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनकी सरकार की हर बात झूठी है और वे हर मुद्दे पर केवल भ्रष्टाचार कर वाहवाही लूटने के आतुर रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पहले अपने वायदें के अनुसार सभी 300 से ज्यादा कोरोना योद्धाओं को एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देनी चाहिए और बाद में डॉक्टरों या किसी अन्य वर्ग को अपने झूठे वायदों का शिकार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि कोरोना काल में जनसेवा करते हुए जो भी अधिकारी और कर्मचारी शहीद होगा, उसके परिवार को एक करोड़ सम्मान राशि दी जाएगी। दिल्ली पुलिस के एक ऐसे ही जांबाज सिपाही अमित राणा के परिवार को भी सीएम ने एक करोड़ देने की घोषणा की थी, लेकिन इसे आज तक लागू नहीं किया गया।

# सीपी ने ट्वीट कर जाम पर किया आगाह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के आयुक्त बालाजी श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय राजधानी में संसद भवन के रास्ते में रेल भवन के नजदीक यातायात जाम की समस्या की ओर यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। शहर के पुलिस प्रमुख का प्रभार ग्रहण करने के बाद श्रीवास्तव ने पहली बार ट्विटर पर यातायात जाम की समस्या को उठाया है।

पुलिस आयुक्त के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने एक ट्वीट में कहा, रेल भवन के पास संसद भवन के रास्ते में रोजाना भारी यातायात जाम की समस्या पैदा होती है। दिल्ली यातायात पुलिस के वरिष्ठ अफसरों को इस मुद्दे



पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि उचित यातायात प्रबंधन हो सके। यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मौजूदा निर्माण कार्य और मंगलवार सुबह रेड क्रॉस रोड पर एक बस में आई ख़राबी को इलाके में जाम की बड़ी वजह बताया। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस रोड पर सीवर संबंधी कार्य चल रहा है और आधा रास्ता बंद है। यातायात संबंधी गतिविधियों के लिए सिर्फ़ आधा हिस्सा ही खुला है। उन्होंने कहा, अगर कोई संसद भवन पहुंचना चाहता है तो सिर्फ रेड क्रॉस सड़क ही एक मात्र रास्ता बचता है क्योंकि संसद मार्ग भी एक बिंदु से आगे सिर्फ एक तरफ़ से ही यातायात के लिए खुला है। तो रेड क्रॉस सड़क से आनेवाला यातायात संसद मार्ग की ओर दाहिने तरफ मुड़ जाता है।

अधिकारी ने इस ओर इशारा किया कि रफी मार्ग और राजेंद्र प्रसाद मार्ग भी एक ही तरफ़ से खुले हैं। अधिकारी ने कहा, मंगलवार सुबह रेड क्रॉस सड़क के शुरुआती बिंदु पर रेल भवन के निकट पुलिस ने जांच के लिए अवरोधक लगाए और वहीं दूसरी तरफ डीटीसी बस में आई ख़राबी से भी यातायात जाम की समस्या पैदा हो गई।

## भाजपा ने भ्रष्टाचार करने का तरीका बदला : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी नेता व उत्तरी दिल्ली निगम के नेता विपक्ष विकास गोयल ने कहा कि भाजपा की निगम ने भ्रष्टाचार करने का तरीका बदला, अब मशीनों को प्रति मीट्रिक टन कूड़े की प्रॉसेसिंग पर 306 रुपए देगी। 17.70 लाख रुपए कीमत की मशीन का मासिक किराया 18.36 लाख रुपए देगी भाजपा शासित एमसीडी। कूड़े की सफाई शुरू है और 18 महीनों में लगभग 18 करोड़ लग चुके हैं, लेकिन कूड़ा कम नहीं हुआ है। सारी मशीनें निगम 80 से 90 करोड़ में खरीद सकती थी लेकिन वह 1000 करोड़ अपनी जेब में भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आम आदमी पार्टी इसका विरोध करेगी।




मंगलवार को गृहमंत्री आवास के पास कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार।

# पेगासस मामले में गृहमंत्री आवास के पास कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- प्रदेश अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मोदी सरकार द्वारा पेगासस स्पाइवेयर का इस्तेमाल करके कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फोन टेपिंग व जासूसी के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के निवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

राजाजी मार्ग पर मौजूद कांग्रेसे प्रदर्शनकारी अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए मोदी तेरी तानाशाही नही चलेगी-नही चलेगी, 'अमित शाह इस्तीफा दो-इस्तीफा दो के नारे लगा रहे थे। गिरफ्तार होने वालों में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के अलावा पूर्व विधायक जय किशन, कुंवर करण सिंह, अमरीश गौतम, अनिल भारद्वाज, विजय लोचव, वीर सिंह धींगान, राजेश जैन, सुरेंदर कुमार, उपाध्यक्ष अली मेहँदी, कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, परवेज आलम, सभी जिला अध्यक्ष सहित सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

दिल्ली पुलिस ने विरोध प्रदर्शन पर कार्रवाई करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार समेत सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार करके मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन लेकर गए।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इजरायल की एनएसओ कंपनी द्वारा फोन टेपिंग कराना गैर कानूनी है और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भारतीय संविधान इसकी इजाजत नही देता, ऐसा करना देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

## पेड़ों की कटाई के खिलाफ याचिका विचारणीय नहीं : एनजीटी

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने राजधानी में जीपीआरए कॉलोनियों के पुनर्विकास की परियोजना के संबंध में पेड़ों की कटाई के खिलाफ एक एनजीओ की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आवेदक पहले ही इसी विषय पर याचिका दाखिल कर चुका है और उसी मामले में दूसरी याचिका विचारणीय नहीं है। अधिकरण ने कहा कि हाईकोर्ट के उस फैसले को ध्यान में रखते हुए, जिसमें माना गया था कि भले ही तकनीकी रूप से हाईकोर्ट ने नौरोजी नगर की परियोजना को निपटाया हो, लेकिन उक्त परियोजना जीपीआरए पुनर्विकास परियोजना का अभिन्न अंग थी।

# सुनंदा पुष्कर मौत मामला : थरूर पर मुकदमा चलेगा या नहीं, फैसला तीन हफ्ते बाद होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर की पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत से संबंधित मामले में थरूर के खिलाफ मुकदमा चलाने या न चलाने पर आदेश को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया।

पुष्कर 17 जनवरी 2014 की रात दिल्ली के एक लग्जरी होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं। पुष्कर और थरूर होटल में ठहरे हुए थे, क्योंकि उस समय थरूर के आधिकारिक बंगले का नवीनीकरण किया जा रहा था। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल, थरूर के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश सुनाने वाली थीं। उन्होंने अभियोजन पक्ष को कुछ दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए मामले की सुनवाई को 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया। दस्तावेजों में लिखित टिप्पणियों के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के विभिन्न निर्णयों के साथ-साथ लिखित दलीलें शामिल हैं।

इससे पहले, अदालत ने कोविड-19 महामारी को देखते हुए मामले की सुनवाई को मंगलवार के लिए स्थगित कर दिया था। अदालत ने दिल्ली पुलिस के साथ-साथ थरूर के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

दलीलों के दौरान, एक ओर पुलिस ने 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) सहित विभिन्न आरोप तय करने की मांग की थी, तो दूसरी ओर थरूर की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने अदालत को बताया था कि एसआईटी द्वारा की गई जांच में थरूर को पूरी तरह आरोपमुक्त करार दिया गया था।

# अगले पांच साल दिल्ली में नहीं बढ़ेंगी बिजली की दरें

## मुफ्त और 24 घंटे बिजली आपूर्ति पर गोवा के बिजली मंत्री के साथ बहस में जैन ने किया दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने ऐलान किया है कि दिल्ली में पिछले 7 सालों से बिजली की दरों में बढ़ोतरी नहीं हुई और अगले पांच सालों तक भी इनकी दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। सोमवार को बिजली को लेकर गोवा के ऊर्जा मंत्री और जैन के बीच जोरदार बहस हुई थी। इन दोनों की चर्चा में यह बड़ी बात निकल कर सामने आई है।

जैन ने इस मौके पर कहा कि कैग की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बजट सरप्लस पर काम कर रही है। इसका मतलब निकालें तो दिल्ली वालों को अगले पांच सालों तक भी



मौजूदा टैरिफ रेट से ही बिजली मिलती रहेगी और केजरीवाल सरकार भविष्य में बिजली के टैरिफ में कोई बदलाव नहीं करने जा रही है।

गोवा के बिजली मंत्री ने केजरीवाल सरकार के मुफ्त और 24 घंटे बिजली आपूर्ति के मॉडल को चुनौती दी थी। इस पर सत्येंद्र जैन ने इस बात पर जोर दिया कि अगले 5 सालों तक दिल्ली में बिजली के दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी। जैन ने इस तथ्य पर और जोर दिया कि केजरीवाल सरकार करदाताओं का पैसा मुफ्त बिजली के रूप में वापस देना चाहती है बजाए भाजपा सरकार की तरह विधायकों को खरीदने के। अगर कांग्रेस ने ऐसा कहा होता तो यह बहस नहीं होती, लेकिन मौजूदा गोवा सरकार जानती है कि अरविंद केजरीवाल जो कहते हैं, वह करते हैं।

जैन ने दिल्ली मॉडल की जानकारी देते हुए चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 200 यूनिट बिजली मुफ्त है और 400 यूनिट तक बिजली की दर आधी हैं। इसको सुविधाजनक बनाने के लिए गोवा में उपभोक्ताओं के लिए 300 यूनिट बिजली मुफ्त होगी। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि करदाताओं का पैसा मुफ्त बिजली के माध्यम से वापस किया जाना चाहिए, विधायकों को खरीदने के लिए उपयोग नहीं होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार




### दिल्ली को गुजरात से एक शेर और दो शेरनियां मिलेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली को पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत गुजरात से प्रजनन के उद्देश्य से तीन शेर मिलेंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक रमेश पांडे ने कहा, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने गुजरात के केवड़िया और सक्करबाग से एक शेर और दो शेरनी लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बदले में दिल्ली पश्चिमी राज्य को दो दरियाई घोड़े देगी। पांडे ने कहा कि नागपुर में गोरेवाड़ा चिड़ियाघर के साथ एक और पशु विनिमय पर काम चल रहा है। इसके हिस्से के रूप में, दिल्ली को दो बाघ मिलेंगे। राजधानी को नागपुर चिड़ियाघर से स्लॉथ बियर का एक जोड़ा भी प्राप्त होगा। निदेशक ने कहा कि चेन्नई के अरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क से दिल्ली को नर बाघ मिलने की संभावना है। बंगाल की एक बाघिन को पिछले साल नवंबर में प्रजनन के लिए कानपुर से लाया गया था।

### धर्म के प्रचार मामले में आईएमए अध्यक्ष की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अध्यक्ष जे ए जयलाल की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी, जिसमें किसी भी धर्म का प्रचार करने के लिए संस्था के मंच का उपयोग नहीं करने का उन्हें निर्देश वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने अपने आदेश में उन्हें आगाह भी किया था कि जिम्मेदार पद पर आसीन व्यक्ति से स्तरहीन टिप्पणियों की उम्मीद नहीं की जा सकती है। न्यायमूर्ति आशा मेनन ने आदेश सुनाते हुए कहा कि याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने जून में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली आईएमए प्रमुख की याचिका पर नोटिस जारी किया था। निचली अदालत ने कोविड-19 रोगियों के इलाज में आयुर्वेद पर एलोपैथिक दवाओं की श्रेष्ठता साबित करने की आड़ में ईसाई धर्म को बढ़ावा देकर हिंदू धर्म के खिलाफ अपमानजनक अभियान शुरू करने का आरोप लगाते हुए जयलाल के खिलाफ दायर याचिका पर आदेश पारित किया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 जुलाई, 2021



# हम हार्ट टू हार्ट कनेक्ट में विश्वास रखते हैं : मनोहर लाल

### हरियाणा अब केवल निवेशकों की संतुष्टि ही नहीं, बल्कि ग्राहकों की प्रसन्नता पर कर रहा है फोकस

### सीएम ने गुरुग्राम में किया ह्युंडई मोटर्स के कारपोरेट कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को कहा कि हरियाणा केवल बिजनेस टू गवर्नमेंट टू बिजनेस अथवा गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट संबंध तक सीमित नहीं है। यह प्रदेश आतिथ्य की भूमि व गीता की जन्मस्थली है, इसलिए, हम हार्ट टू हार्ट कनेक्ट यानी दिल से दिल के जुड़ाव में विश्वास रखते हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां सेक्टर-29 में ह्युंडई मोटर्स इंडिया के कारपोरेट मुख्यालय के उद्घाटन उपरांत कही।

मुख्यमंत्री ने ह्युंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएस किम के साथ रिबन काटकर कंपनी के नए कारपोरेट मुख्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कंपनी द्वारा नूंह जिला के मुख्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और अलआफिया नागरिक अस्पताल में लगाए गए दो आक्सीजन प्लांट का भी लोकार्पण किया। नूंह के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह को इस आशय का प्रमाण पत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने कंपनी के कॉरपोरेट मुख्यालय परिसर में पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक स्वीकृतियां प्रदान करने के लिए हमारे सिंगल विंडो सिस्टम को भारत में श्रेष्ठ प्रणालियों में से एक माना गया है। उन्होंने कहा कि हमने निवेशकों और उद्यमियों की सहायता के लिए फोरन कॉपरेशन डिपार्टमेंट अर्थात विदेश सहकारिता विभाग के नाम से नया विभाग स्थापित किया है।

मनोहर लाल ने कहा कि औद्योगिक निवेश के मामले में हरियाणा अब केवल निवेशकों की संतुष्टि पर ही फोकस नहीं कर रहा है बल्कि ग्राहक प्रसन्नता पर भी ध्यान दे रहा है। ह्युंडई मोटर्स का मुख्यालय गुरुग्राम में स्थापित होना हरियाणा की इज ऑफ डूइंग बिजनेस और इज ऑफ लिविंग का जीता जागता उदाहरण है।

#### कर्म की भूमि है हरियाणा

**इसके** साथ मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हरियाणा को कर्म की भूमि के नाम से जाना जाता है और यह प्रदेश संभावनाओं, उद्यम, अनुसंधान और नवीनीकरण की भूमि है। आज हरियाणा की गणना भारत के सबसे ज्यादा विकसित और औद्योगिक प्रदेशों में होती है। रेड टेपिजम को रेड कारपेट स्वागत लाल फीताशाही से लाल कालीन में परिवर्तित किया है।



गुरुग्राम के सेक्टर-29 में मंगलवार को ह्युंडई के कारपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### कोरियाई भाषा में भी बोले सीएम मनोहर लाल

**गुरुग्राम।** ह्युंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के नए कारपोरेट मुख्यालय के मंगलवार को गुरुग्राम में किए गए उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना संबोधन कोरियाई भाषा में शुरू किया। जिसका अर्थ भी उन्होंने अंग्रेजी में बताया कि-आईएम मनोहर लाल, चीफ मिनीस्टर हरियाणा और समापन भी कोरियाई भाषा में किया जिसका अर्थ था-आई वेलकम यू टू लैंड ऑफ हरियाणा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पहले कंपनी के एमडी और सीईओ एसएस किम ने भी अपना संबोधन नमस्कार से शुरू किया था और धन्यवाद से समाप्त किया। कार्यक्रम का समापन भारत के राष्ट्रीय गान-जन-गण-मन की धुन के साथ हुआ। समापन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंडाल में रखी ह्युंडई कंपनी के लांच किए जाने वाले नए मॉडल की इलैक्ट्रिक और हाइड्रोजन चालित गाड़ियों में बैठकर उनके बारे में जानकारी लेने में रूचि दिखाई। कंपनी ने कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से भारत में अपनी 25 साल की यात्रा का प्रदर्शन किया।

#### भारत में उत्कृष्टता के 25 वर्ष

**ह्युंडई** मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएस किम ने कहा कि भारत में उत्कृष्टता के 25 वर्षों की अपनी उपलब्धि के साथ उनकी कंपनी ने गुरुग्राम में अत्याधुनिक नए कारपोरेट मुख्यालय की शुरुआत की है। यह नया कार्यालय भारतीयों के साथ ह्युंडई की एकजुटता का प्रतीक है।

# हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम रखने पर सीएम का जताया आभार

### अग्रवाल समाज की तरफ से मुख्यमंत्री का किया गया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हिसार** के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम से करने पर बुधवार को अग्रवाल समाज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। गुड़गांव विधायक सुधीर सिंगला ने इसे अग्रवाल समाज को सरकार का बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि अब हिसार का एयरपोर्ट महाराजा अग्रसेन के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में महाराजा अग्रसेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है।

बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुग्राम पहुंचे थे। वे यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भी ठहरे। इस दौरान उनका धन्यवाद और स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के अग्रणी लोग भी पहुंचे। इस दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, सुधीर सिंगला व पलवल के विधायक दीपक मंगला ने अग्रवाल समाज की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। काफी समय से हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर करने की मांग की जा रही थी, जिसकी घोषणा सरकार द्वारा सोमवार को की गई।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, सुधीर सिंगला और दीपक मंगला ने कहा कि मानवता के प्रवर्तक, गरीबों के मसीहा एवं धर्म के संस्थापक महाराजा अग्रसेन को सरकार की ओर से जो सम्मान दिया गया है, वह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से यह सम्मान देना उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। घोषणा के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करने गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली के अध्यक्ष नत्थूराम जैन, महामंत्री संजय सिंगला, हरियाणा के महामंत्री मोहित बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ गोयल, प्रदेश प्रवक्ता, प्रचार मंत्री विपिन गोयल, पार्षद सुभाष सिंगला, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अमित गोयल, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सुंदर दास अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष राजीव मित्तल, जिला युवा महामंत्री अमित गुप्ता, महिला जिला अध्यक्षा समता सिंगला, जिला महिला महामंत्री आशा गोयल, सचिन मित्तल, वन्दना सिंगला आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताते अग्रवाल समाज के लोग।

### कई मामलों में आठ आरोपी गिरफ्तार एक फरार

**पलवल।** पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन लोगों को आपस में झगड़ा करते, तीन लोगों को लॉकडाउन के नियमों का उल्लघंन करते, दो लोगों को बगैर परमिट वाली शराब सहित गिरफ्तार किया है। एक जगह आरोपी पुलिस की भनक लगते ही शराब को मौके पर ही छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार कैंप थाना पुलिस ने भाटिया कालोनी निवासी श्याम व अक्षय को कालोनी से ही काबू कर उनके कब्जे से 42 बोतल देशी शराब को बरामद किया है। गदपुरी थाना पुलिस ने धतीर गांव से 50 पव्वा देशी व चार अद्धा अंग्रेजी शराब को बरामद किया। जबकि गांव निवासी आरोपी करण सिंह पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। मुंडकटी थाना पुलिस ने मीतरोल गांव निवासी इतवारी, राहुल व तेजी को मुंडकटी चौक पर आपस में झगड़ा करते व सरकारी नियमों का उल्लघंन करते काबू किया।

# संस्कृति स्कूल के आठ और कमरे होंगे ध्वस्त

### अधर में लटका है तीन मंजिला भवन निर्माण का कार्य

**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के जर्जर हालत में खड़े आठ कमरों को जल्द ही धराशायी किया जाएगा। जिसकी मंजूरी लोक निर्माण विभाग के जिला कार्यालय से मिल गई है। शहर की चुंगी नंबर दो पर स्थित राजकीय संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के जर्जर हालत में खड़े आठ कमरों को गिराने के लिए स्कूल प्रशासन की तरफ से विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई थी।

शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा की शिकायत पर आठ कमरों को गिराने के लिए लोक निर्माण विभाग के जिला अधिकारी को निरीक्षण किए जाने की मांग की थी। लोक निर्माण विभाग की टीम ने कमरों को असुरक्षित करार दिया है। जिसकी मंजूरी लोक निर्माण विभाग ने शिक्षा विभाग को लिखित में दे दी है। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि जल्द ही आठ कमरों को गिराने का टेंडर छोड़ा जाएगा। उसके बाद नये भवन निर्माण के लिए विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### निर्माण कार्य अधर में लटका

**वर्ष** 2016 में स्थानीय स्कूल के दो दर्जन के करीब जर्जर हालत में खड़े कमरों को बीएण्डआर विभाग की मंजूरी के बाद गिराया गया था। परिसर में प्रदेश शिक्षा विभाग की कड़ी मशक्कत के बाद प्रदेश सरकार ने 2020 के प्रारंभ में पांच करोड़ रुपये की राशि 40 कमरों को तीन मंजिला भवन बनाने की मंजूरी मिल गई थी, लेकिन नये भवन का नक्शा तैयार न होने के कारण धनराशि वित वर्ष के आखिर में प्रदेश सरकार को वापस चली गई। जिससे स्कूल परिसर में तीन मंजिला भवन निर्माण का कार्य भी अधर में लटक गया है।

# परिषद अधिकारी व दुकानदारों की साठगांठ से अतिक्रमण को दिया जा बढ़ावा



नवनिर्माण मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सीढियां बनाकर किया गया अतिक्रमण।

कैलाश मंगला। होडल

**नगर** परिषद के अधिकारी कुछ दुकानदारों से साठगांठ कर नवनिर्माण मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे किए अतिक्रमण को बढ़ावा देने में लगे हैं। परिषद के अधिकारी नवनिर्माण सड़क मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे अबैध रूप से बनाए गए चबूतरे और सीढ़ियां तोड़ने के बजाए उन्हें बचाकर उस मार्ग का आडा-तिरछा निर्माण कराने में लगे हैं। कुछ दुकानदारों ने इस मामले की शिकायत नगर परिषद के आला अधिकारियों से की है, लेकिन इस ओर कोई भी अधिकारी देखने को तैयार नहीं है। दुकानदारों में नगर परिषद अधिकारी व दुकानों के अबैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ रोष व्याप्त है।

नगर परिषद की ओर से लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से जगजीवन राम चौक से गौडोता चौक तक के सड़क मार्ग का नवनिर्माण कराया जा रहा है। मार्ग पर स्थित बिरमानंद मार्केट के सामने कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे चबूतरे और सीढ़ियां बनाकर अतिक्रमण किया हुआ है। कुछ दुकानदार अनिल कुमार, सुरेश, राकेश, घनश्याम के अलावा कुछ अन्य दुकानदारों का आरोप है कि दुकानों के आगे अबैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों ने नगर परिषद अधिकारियों से साठगांठ कर इन चबूतरों व सीढ़ियों को तोड़ने से रोक दिया। दुकानदारों से साठगांठ होने के कारण अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गलत तरीके से सड़क मार्ग की नपाई कर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया हुआ है।

दुकानदारों का कहना है कि जब परिषद के अधिकारी ही दुकानों के आगे अबैध रूप से अतिक्रमण करने वालों को बढ़ावा देंगे तो अन्य दुकानदार के हौसले भी अतिक्रमण के प्रति बुलंद होंगे। दुकानदारों का कहना कि अगर अधिकारी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे तो उन्हें मुख्यमंत्री के साथ-साथ कोर्ट का दरबाजा खटखटाने का मजबूर होना पड़ेगा। दुकानदारों का आरोप है कि नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानों को आगे हो रहे अबैध अतिक्रमण न हटाने की एवज में मोटा नजराना लिया है तभी तो अधिकारी इस ओर आंखें बंद कर बैठे हैं।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, दी जान से मारने की धमकी

**पलवल।** महिला को घर में अकेला देख छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई जगबती के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि 21 जुलाई की सुबह घर पर अकेली थी। उसी दौरान मोहदमका गांव निवासी शरीफ घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शरीफ का दूसरा साथी ताहीर घर के बाहर खड़ा हुआ था। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसका भतीजा भागकर मौके पर आ गया। जिसे देख आरोपी शरीफ व उसका साथी ताहीर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नौकरी का झांसा देकर पांच वर्ष तक युवती से किया दुष्कर्म

### अश्लील वीडियो को नेट पर किया वायरल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नौकरी** का झांसा देकर लड़की के साथ पांच वर्ष तक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब पांच साल तक ब्लैकमेल किया। लड़की से करीब चार लाख रुपये हड़प लिए और अंत में वीडियो वायरल कर दी। फरीदाबाद एनआईटी महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए पलवल के महिला थाने भेजा है। अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

पुलिस जांच अधिकारी एएसआई जगबती के अनुसार फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी निवासी एक लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि साल 2016 के अगस्त माह में पलवल की पंचवटी कॉलोनी निवासी रजत का फोन आया और गाड़ियों के शोरूम में नौकरी लगवाने की बात कही। नौकरी के झांसे में आगरा चौक पलवल आई लड़की को आरोपी बाइक पर अपने घर ले गया। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और बेहोश होने पर दुष्कर्म किया। होश आने पर दुष्कर्म करने का विरोध किया तो रजत ने कहा कि तेरी अश्लील वीडियो बना ली है। किसी को इस बारे में बताया या पुलिस को सूचना दी तो परिवार सहित जान से मार दूंगा। अश्लील वीडियो को वायरल करने के नाम पर आरोपी अलग-अलग जगह ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। 26 जनवरी को आरोपी रजत ने पीड़िता लड़की को जयपुर बुलाया। पीड़िता ने जयपुर जाने से मना किया तो वीडियो वायरल कर दी। इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो और मोबाइल नंबर अपलोड़ कर दिया। अजनबी फोन कॉल आने पर पता चला तो पुलिस को शिकायत दी। लड़की का आरोप है कि आरोपी युवक ऐसे ग्रुप से जुड़ा है जो लड़कियों को बहलाकर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर पोर्न नेट साइटों पर अपलोड करते हैं। पीड़ित की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के लिए पलवल भेजा है। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दि सिंधिया स्कूल ने अपना अकादमिक सत्र शुरू किया

### स्टूडेंट्स के लिए पढ़ाई के साथ फिटनेस का भी टाइमटेबल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महामारी** की मौजूदा स्थिति के कारण दि सिंधिया स्कूल ने कक्षा 6 से कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए अकादमिक सत्र की शुरुआत वर्चुअल ढंग से की। 15 जून 2021 से शुरू हुई ऑनलाइन कक्षाओं को लेकर स्कूल के सभी छात्र और शिक्षक काफी उत्साहित थे। सिंधिया स्कूल के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं लेने का अनुभव सिर्फ पिछले साल का नहीं है, बल्कि वे पहले ही ऑनलाइन टीचिंग का प्रशिक्षण ले चुके हैं और उन्होंने कई सालों से टेक्नोलॉजी को अपनाया है।

दि सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. माधव देव सारास्वत ने कहा, हमारे छात्र और शिक्षक पिछले साल ही कई टेक्नोलॉजीज और लर्निंग टेक्निक्स से परिचित हो चुके हैं, इसलिए नया सत्र वर्चुअल ढंग से शुरू करना हमारे लिए आसान होगा। हालांकि, इस बार हमने प्रतिदिन छात्र और शिक्षकों के बीच व्यक्तिगत, वन-ऑन-वन संवाद के साथ कई प्रकार की को-कुरिकलर एक्टिविटीज का स्लॉट तय किया है। इससे स्कूल और शिक्षकों के साथ छात्रों का व्यक्तिगत लगाव बढ़ेगा। स्कूल शुरू हुए कुछ ही दिन हुए हैं, और हम बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों में भी भारी उत्साह देख रहे हैं। 12वीं के छात्र मेमोय मिश्रा ने इस बारे में कहा, मैं अपने दोस्तों से नहीं मिल पा रहा हूं। यही नहीं मैं स्कूल यूनीफॉर्म को भी मिस रहा हूं। फिर से क्लास में लौटने से अच्छा कुछ नहीं है। हालांकि, अभी यह संभव नहीं है, लेकिन मैं शिक्षकों और दोस्तों से वर्चुअल रूप से मिलने के लिए उत्साहित हूं।

स्कूल में छात्रों के लिए काफी बिजी शेड्यूल तय है। इसमें सुबह 7 बजे योग उसके बाद नाश्ता दिया जाएगा। फिर 9 बजे से 10.50 बजे तक क्लास के बाद कुछ देर आराम का वक्त रहेगा। इसके बाद लंच से पहले भी दो और क्लास होंगी। 12वीं के छात्रों के लिए लंच के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगेंगी, जबकि स्कूल के बाकी छात्र एक्टिविटी क्लास में शामिल होंगे। क्लास टीचर शाम 5 से 7 बजे के बीच छात्रों के साथ मीटिंग और उनकी काउंसलिंग करेंगे। अस्ताचल (सांध्यकालीन सभा) सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को आयोजित होगी। शनिवार का दिन हाउस ईवनिंग के रिजर्व रहेगा ताकि छात्र आगामी इवेंट, परस्पर संबंध बनाने, मेंटरिंग और हाउस स्प्रिट मजबूत कर सकें।

स्कूल ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अपनी यात्रा 1982 में शुरू की और पहली बार सीबीएसई के कंप्यूटर साइंस एग्जाम में शामिल हुए चारों छात्र सिंधिया स्कूल के ही थे। बीते वर्ष भी अधिकांश कक्षाएं ऑनलाइन संचालित हुई थीं, इसलिए स्कूल के शिक्षक ई-कंटेंट तैयार करने में पूरी तरह प्रशिक्षित हैं। यहां पढ़ाई के लिए वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग, रिकॉर्डेड ऑडियो और वीडियो लेक्चर, प्रजेंटेशन स्लाइड, पॉडकास्ट, पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट (पीडीएफ), वर्कशीट और ईमेल का इस्तेमाल हो रहा है।

### सिपाही के खाते से धोखाधड़ी कर लाखों की नगदी निकाली

**होडल।** आर्मी में भर्ती एक सिपाही के खाते से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की नगदी निकालने का मामला प्रकाश में आया है। सिपाही ने मामले की सूचना हसनपुर थाना पुलिस को दी है। थाना पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि गांव भिडूकी निवासी सुनील कुमार आर्मी में सिपाही के पद पर भर्ती है। उन्होंने बताया कि उसका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया होडल में खाता है। किसी ने उसके खाते से एक लाख 90 हजार पांच सौ रुपये की धोखाधडी से नगदी निकाल ली। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुनील कुमार को इसकी सूचना मिली वैसे ही उसके बैंक व थाना पुलिस को इसकी सूचना दी है। पुलिस ने सिपाही सुनील कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### आंखों में मिर्च पाउडर डाल चार बेटियों को अगवा करने का प्रयास

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत दंबग किस्म के लोगों द्वारा घर में घुसकर एक महिला की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर उसकी चार बेटियों के साथ छेड़खानी की गई और विरोध कर पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई रेणु के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति काम की वजह से अकसर बाहर रहते हैं और वह अपनी चार बेटी और एक बेटे के साथ घर पर रहती है। पलवल की इस्लामाबाद कॉलोनी निवासी रविंद्र, रिंकू, संदीप, महेंद्र सिंह, भगवान सिंह और इंदरपाल 21 जुलाई की रात नौ बजे अचानक घर में घुस आए और जबरन पीड़िता की बेटियों उठाकर ले जाने लगे। पीड़िता ने विरोध किया तो उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और बेटियों के साथ घिनौना व्यवहार किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने लात-घूंसों व डंडे से मारपीट भी की। धमकी दी कि यदि किसी प्रकार की कहीं भी कोई शिकायत की तो उसके व उसकी बेटियों की निर्भया जैसी हालात कर देंगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी भगवान सिंह व महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी चार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### चोरों ने दिया चार वारदातों को अंजाम

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक बाइक, एक मोबाइल फोन, स्कूल से वाटर मोटर व एक मकान से आभूषण सहित हजारों रुपये की नकदी को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामले दर्ज कर एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार पलवल के राजीव नगर निवासी प्रमोद कुमार ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर 13 जुलाई की सुबह घर से सोने-चांदी के आभूषण व 5300 रुपये की नकदी को चोरी कर ले गए। इसी प्रकार चोरों ने मांदकोल गांव निवासी नारायण की बाइक को गदपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव से ही चोरी कर लिया। गांव अमरपुर निवासी गौरव ने चांदहट थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गांव स्थित उसकी मोबाइल दूकान से पन्हैड़ा गांव निवासी अतूल उर्फ कल्लू 25 जुलाई को मोबाइल को चोरी कर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसी प्रकार रतीपुर गांव के राजकीय मिडिल विद्यालय में हैड मास्टर वेदपाल ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर 25 जुलाई को स्कूल से वाटर मोटर को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रहस्यमयी परिस्थिति में नाबालिग लड़की लापता

**पलवल।** शहर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच अधिकारी एसआई दीपक के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी गत 25 जुलाई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया लेकिन आज तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाले के पानी से फसल खराब, किसान ने मांगा मुआवजा



**सोहना।** शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में बरसाती नाले का गंदा पानी जमा होने से सब्जी की फसलें खराब हो गई। खराब हुई फसल से परेशान किसान ने नगर परिषद में शिकायत दर्ज कराते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। किसान ने नगर परिषद, एसडीएम और जिला उपायुक्त को पत्र लिखे हैं। शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में बरसाती नाले का पानी सही ढंग से नहीं निकल रहा है। नाले के साथ-साथ लगते खेतों में स्थानीय किसान सब्जी की फसल करते हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से बरसाती नाले का पानी साथ लगते खेतों में भर गया था। जिससे किसानों द्वारा बिजाई की हुई सब्जियों की फसल खराब हो गई। किसान रोहताश सैनी ने बताया कि उसकी आधा एकड़ में नाले का गंदा पानी आने से सब्जी की सफल समाप्त हो गई। जिससे उसे 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि यदि बरसाती नाले का गंदा पानी आने से अन्य खेतों में भी फसल खराब हुई है। पवन का कहना है कि हर वर्ष उन्हें लाखों रुपये का नुकसान बरसाती नाले के पानी की सही निकासी न होने से हो रहा है। नगर परिषद नाले के पानी का सही से समाधान नहीं कर रही है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि मंगलनगर में जमा होने वाला बरसाती पानी का समाधान बरसात के मौसम के बाद होगा। क्योंकि बरसात के मौसम में कार्य शुरू करना और परेशानी पैदा करना होगा। शहर का पानी आबादी से बाहर ले जाने के लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है। जल्द ही तैयार डीपीआर को अमल में लाया जाएगा।

### ग्रामीणों ने तालाब बंद कराने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोहना।** गांव किरनकी नंगला के ग्रामीणों ने एसडीएम को लिखित में शिकायत देते हुए आबादी क्षेत्र के साथ बने तालाबों को तुरन्त प्रभाव से बंद किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने तालाब के पानी से कई मकान गिरने का खतरा और जमीन से निकलने वाला पानी दूषित होना बताया है। मंगलवार को गांव किरनकी नंगला निवासी ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. चिनार चहल को गांव में बने आबादी क्षेत्र के साथ तालाबों को तुरन्त प्रभाव से बंद करने की मांग की है। स्थानीय निवासी राजेश रोहिल्ला ने बताया कि तालाब गांव के चारों तरफ आबादी क्षेत्र के साथ-साथ बने हैं। तालाबों का पानी साथ बने मकानों की दीवारों को छू रहा है। जिससे मकानों के नीचे से मिट्टी का कटाव हो रहा है। कुलदीप का कहना है कि जमीन से निकलने वाला पीने का पानी तालाबों में सालभर पानी जमा रहने से दूषित हो रहा है। जमीन का पानी पीने योग नहीं है और ग्रामीण दूषित पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। बीरसिंह का कहना है कि तीन दिन पहले भी उनका छह वर्षीय पोता तालाब में डूब गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। ऐसी अन्य घटनाएं भी भविष्य में घटित हो सकती हैं। क्योंकि आबादी क्षेत्र से बच्चे कभी भी किसी तालाब के पास जा सकते हैं। मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को भी ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है।


### बैंक की गलती से दूसरे खाते में जमा हुए दो लाख रुपये

**पलवल।** आईडीबीआई बैंक की गलती के कारण एक व्यक्ति के दो लाख रुपये किसी दूसरे व्यक्ति के खाते जमा हो गए। जिसके बाद व्यक्ति ने जमा हुए रुपये खाते से निकाल लिए और बार-बार बैंक कर्मियों के आग्रह करने पर वापस जमा नहीं कराए। शहर थाना पुलिस बैंक मैनेजर की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच अधिकारी एसआई सुरेंद्र के अनुसार आईडीबीआई बैंक की ब्रांच मैनेजर वनीता गांधी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 मई को श्यामलाल नामक व्यक्ति ने चेक के माध्यम से एक दो लाख रुपये एनईएफटी उजीवन बैंक शाखा पिंगौड में करने के लिए दी थी। बैंक द्वारा वह एनईएफटी तुंरत प्रभाव उजीवन बैंक को फारवर्ड कर दी, लेकिन गलती से भूलवश वह एनईएफटी अकील पुत्र तयब निवासी अजीजाबद के खाते में जमा हो गई। जिसके अगले दो दिन बैंक की छुट्टी रही। दो दिन की छुट्टी के बाद बैंक खुलने पर इस गलती का पता लगा। जिसके बाद अकील से संपर्क कर कहा गया कि आप अपने खाते में जमा हुए रुपये न निकालें, लेकिन अकील ने उन दो लाख रुपयों को अपने खाते से निकाल लिया। जिसके बाद अकील के घर जाकर परिवार से संपर्क किया और रुपये वापस जमा कराने का आग्रह किया तो अकील के पिता ने गलती मानते हुए रुपये वापस जमा कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद बार-बार कहने पर अकील ने दो लाख रुपये वापस जमा नहीं कराए तो पुलिस को शिकायत दी गई।

# तुगलकी फरमान : सिर्फ बीके में वैक्सीनेशन को कोरोना जांच जरूरी

## कुछ जांच करवाने के बाद, तो कुछ वैक्सीन की लाइन में थककर लौट रहे घर

**कविता।** फरीदाबाद


बीके में वैक्सीन से पहले कोरोना जांच को लगी लाइन।


जांच के बाद वैक्सीन लगवाने को लगी लम्बी लाइन।

**कोरोना** से बचाव की वैक्सीन लगवाने से पहले कोरोना जांच बीके अस्पताल में कराई जा रही है। जबकि सरकार की तरफ से ऐसे किसी तरह के कोई निर्देश नहीं है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बिना जांच के बीके अस्पताल में वैक्सीन न लगाने के निर्देश दिए हैं। जबकि अन्य केंद्रों पर यह नियम लागू नहीं है।

हालांकि सभी मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है, लेकिन लम्बी लाइनें लोगों को थका और परेशान कर रही है। पहले उन्हें कोरोना जांच को लम्बी लाइन में लगे रहना पड़ता है। इसके बाद वे वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर घंटों लाइन में लग रहे हैं। ऐसा ही जिले में देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जिले में कुछ ही सेंटरों पर वैक्सीन लगाई गई, लेकिन केन्द्रों पर बरसात के बावजूद लोग लाइनों में खड़े रहे।

### लोगों की है ये परेशानी

**जिले** में विभिन्न सेंटरों पर वैक्सीन लगाई जा रही है, लेकिन कम संख्या में वैक्सीन होने के कारण कुछ ही वैक्सीन सेंटरों पर डोज पहुंचाई जाती है। ऐसे में लाइन में लगने के बाद भी लोगों का नम्बर आने तक वैक्सीन समाप्त हो जाती है। वहीं दूसरी तरफ बीके अस्पताल में भरपूर वैक्सीन लगाई जा रही है, लेकिन यहां कोरोना जांच के बाद वैक्सीन लगाई जाती है। ऐसे में घंटों लोग कोरोना जांच और वैक्सीनेशन के लिए लम्बी लाइनों में लगे नजर आते हैं।

### ये है मजबूरी

**जिले** में वैक्सीन की आपूर्ति कम होने से स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन कम किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ निजी कंपनी संचालकों द्वारा वैक्सीन लगवाने के लिए कर्मचारियों पर सख्ती की जा रही है।

वैक्सीनेशन सेंटरों की लाइनों में खड़े लोगों ने खुलासा किया कि वैक्सीन न लगवाने पर उनकी तनख्वाह रोक दी है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि बिना वैक्सीन के उन्हें कंपनी में एंट्री नहीं दी जा रही है, लेकिन बीके अस्पताल में उन्हें पहले कोरोना जांच के लिए और बाद में वैक्सीन के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि निजी अस्पताल में उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं।

# हाई वोल्टेज बिजली के तारों के नीचे आज भी पढ़ रहे बच्चे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**हरियाणा** अभिभावक एकता मंच ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के ऊपर से गुजर रही बिजली के हाई वोल्टेज तारों को हटवाने के आदेश शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा देने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद ने इस पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा निदेशक पंचकूला ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ फरीदाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया था, कि सरकारी स्कूलों के ऊपर से या स्कूल प्रांगण से जो बिजली के हाई वोल्टेज तार जा रहे हैं। उनको अपने स्तर पर स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके 30 जून तक हटवाया जाए और इसकी जानकारी शिक्षा निदेशालय को दी जाए। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि इंदिरा नगर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऊपर से और गोच्छी के स्कूल प्रांगण से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तारों को अभी भी नहीं हटवाया गया है। इन तारों के नीचे बने इंदिरा नगर स्कूल के कमरों में देश के भविष्य बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। मंच का कहना है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही से मौत के साए में विद्यार्थी पढ़ने को मजबूर हैं।

ऑल इंडिया पैरेंट्स एसोसिएशन आईपा के जिला अध्यक्ष बीएस विरदी एडवोकेट ने कहा है कि इस बारे में कई बार जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है कि इंदिरा नगर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नीचे गहरा गंदा नाला है जिसके ऊपर कमरे बने हुए हैं और कमरों की छत के ऊपर हाई वोल्टेज बिजली के तार गुजर रहे हैं। विद्यार्थियों के जीवन को नीचे भी खतरा है और ऊपर भी। अतः इस स्कूल को किसी अन्य सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया जाए और इस स्कूल के सामने खाली पढ़ी काफी लंबी सरकारी ग्रीनबेल्ट पर सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग बनवाने का प्रयास किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

कैलाश शर्मा ने कहा है कि ऑल इंडिया पैरेंट एसोसिएशन आईपा द्वारा पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को लेकर दायर की गई एक याचिका में इंदिरा नगर स्कूल के ऊपर गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली के तार, छोटे साइज के बने कमरों, खेल का मैदान ना होने आदि का भी जिक्र किया गया था। जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा डॉ. महावीर सिंह ने हाई कोर्ट को शपथ पत्र देकर बताया था कि जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद को कहा गया है कि जब तक इस स्कूल को चलाने के लिए कोई जगह तलाश कर उस पर स्कूल बिल्डिंग न बन जाए तब तक इस स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए, लेकिन आज तक इस स्कूल को न तो दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है और न ही इसके लिए कोई जगह तलाश की गई है।

# लूट के दौरान नशेड़ियों ने की थी रेहड़ी चालक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**इंसान** नशे की गलियों से गुजरता हुआ चलते-चलते कब अपराध के दलदल में धंस जाता है उसे इस बात का एहसास तब होता है जब उसकी वजह से किसी को अपनी जान से हाथ धोना पड़े और उसकी सजा भुगतने के लिए उसे सारी उम्र अपने आपको कोसना पड़े। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में सामने आया है जिसमें क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने एक रेहड़ी चालक की हत्या के जुर्म में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में भोला उर्फ भोलू उर्फ फौजी और आकाश उर्फ बोडिया का नाम शामिल है जो फरीदाबाद के अनखीर गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में मृतक की मां ने बताया कि वह फरीदाबाद के सेक्टर 21 में रहते हैं और उनका बेटा दीपक रेहड़ी फेरी का काम करता है। 20-21 जुलाई की रात करीब नौ बजे उन्हें सूचना मिली कि दो लोगों ने उनके बेटे दीपक से पैसे छीनने की कोशिश की जिसमें उसे सिर में चोट लगी है और उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस समय दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया वह बेहोशी की हालत में था। बाद में इलाज के दौरान दीपक की मृत्यु हो गई।

मृतक दीपक की मां की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या तथा स्नैचिंग की धाराओं के तहत थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने गुप्त सूत्रों के तकनीकी की सहायता से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग डंडा और दीपक से छीने गए 700 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और नशा करने के आदी हैं और इसी नशे की आपूर्ति के चलते उन्होंने छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि लॉकडाउन की वजह से कोई भी उन्हें काम पर नहीं रखता था और नशे करने के लिए उन्हें पैसों की जरूरत पड़ती थी जिसके लिए उन्होंने रेहड़ीचालक दीपक से पैसे छीनने की कोशिश की थी जिसमें उन्होंने दीपक के सिर में डंडा मार दिया था और उसकी मृत्यु हो गई। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# समस्याओं के समाधान के लिए लांच किया ग्राम दर्शन पोर्टल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने बताया कि हरियाणा में ग्रामीणों के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल में विकास कार्यों संबंधी कोई भी प्रस्ताव सीधे सरकार को दिया जा सकता है। साथ ही लोग गांव के विकास कार्य संबंधित शिकायत भी इसमें दे सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के गांवों में रह रहे लोगों को अगर विकास कार्यों से जुड़ी कोई शिकायत है या फिर कोई सुझाव देना है तो कहीं जाने की जरूरत नहीं। लैपटाप या मोबाइल उठाए और ग्राम दर्शन पोर्टल खोलिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 जुलाई को ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए आनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन https://gramdarshan.haryana.gov.in/ लांच किया है। सीएम विंडो से लिंक होंगी शिकायतें: ग्रामीणों द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों को सीएम विंडो के साथ लिंक किया जाएगा, ताकि शिकायतों का दोहराव न हो। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में ही शिकायत या सुझाव दे सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच,पंचायत समिति सदस्य,जिला परिषद सदस्य,विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। एसएमएस से मिलेगी स्टेटस की जानकारी: पोर्टल पर सुझाव या शिकायत दर्ज करते ही एक आइडी जेनरेट होगी जो आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

# विकास में पंजाबी समाज का योगदान नहीं भुलाया जा सकता : अरोड़ा

## सखी सरवर पंजाबी बिरादरी ने किया युवा भाजपा नेता गोल्डी अरोड़ा का जोरदार स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भाजयु** मोर्चा के जिला महासचिव एवं समाजसेवी गोल्डी अरोड़ा ने कहा है कि आजादी से लेकर देश के सर्वांगीण विकास में पंजाबी समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पंजाबी समाज ने न केवल भारत बल्कि फरीदाबाद को भी एक नई पहचान दिलाने का काम किया है और सदैव सरकार व प्रशासन के साथ कड़ी बनकर विकास को प्राथमिकता दी है। अरोड़ा ओल्ड फरीदाबाद की पंजाबी धर्मशाला में सखी सरवर पंजाबी बिरादरी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी अमर चौधरी व पारस राय का भी आयोजकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि पंजाबी बिरादरी के लोगों की खासियत है कि वह जो भी करते हैं दिल से करते हैं, चाहे व्यापार हो या आपसी प्यार अथवा सामाजिक कार्य या कोई अन्य काम।

उन्होंने कहा कि समाजसेवा करना उनका शुरू से ही सपना रहा है और भाजपा जैसी विशाल पार्टी से जुड़कर सामाजिक कार्यों में वह अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने ग्रेटर फरीदाबाद में पौधारोपण अभियान चलाया है और वहां की मुख्य सड़कों के आसपास व फुटपाथ पर पेड़ लगा रहे हैं और उनकी पूरे देखभाल भी की जा रही है।

# वामन अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया

**फरीदाबाद।** अशोका एन्क्लेव देव स्थल मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वामन अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया गया। भूपेंद्र यादव व अन्य लोगों के सहयोग से आयोजित कथा के बीच कथा व्यास वैष्णवी राज गुरुमां ने भजन भी सुनाए, जिन पर श्रद्धालु फूल बरसाकर खूब नाचे।

कथा व्यास ने कहा कि वामन अवतार की कथा भक्त प्रह्लाद के पोत्र असुर राज बली से संबंधी है। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अनाचार बढ़ता है तब तक भगवान श्री हरि पृथ्वी पर अवतार लेते हैं और अपने भक्तों का दुख दूर करते हैं। भगवान श्री हरि इस सृष्टि के पालनकर्ता है। जिस प्रकार हमारे माता-पिता हमारे पालनकर्ता हैं, हमारे कष्टों को दूर करते हैं। हमें क्या चाहिए क्या नहीं चाहिए इसका ध्यान रखते हैं।

# खोरी में निर्धारित समय में हटाए जाएंगे सभी अतिक्रमण : डा. गरिमा मित्तल

## मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे तक बरसात होने की वजह से 11 बजे शुरू की कई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नगर** निगम आयुक्त डा. गरिमा मित्तल ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान को तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरफ से कार्य पूरा करने के बाद अब पुरानी खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीमें पूर्ण तालमेल के साथ कार्य कर रही हैं और निर्धारित समय में अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

निगमायुक्त ने कहा कि शहर में पेयजल की समस्या को देखते हुए मंगलवार को खोरी क्षेत्र में कार्रवाई में लगे अधिकारियों की जिम्मेदारी में भी कुछ बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के एक्सईएन ओपी कर्गम व मनोज कुमार के स्थान पर अब स्मार्टसिटी के एक्सईएन अरविंद व अमन को खोरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे तक बरसात होने की वजह से सुबह 11:00 बजे अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया जा सका। उन्होंने बताया कि दिल्ली क्षेत्र की तरफ से अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा करने के बाद अब पुरानी खोरी की तरफ अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पुनर्वास के लिए आवेदन करने का कार्य भी राधा स्वामी सत्संग व्यास में किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि खोरी क्षेत्र से 11 लोगों ने अस्थाई शेल्टर होम में आने के लिए इच्छा जाहिर की थी और इन सभी को राधा स्वामी सत्संग भवन में आश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि शेल्टर होम में किसी भी तरह की मदद के लिए सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी विकास कुमार के मोबाईल फोन नंबर 9812469292 पर संपर्क किया जा सकता है।

# तेरापंथ युवक परिषद ने किया मंत्र दीक्षा का आयोजन

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद फरीदाबाद ने मंत्र दीक्षा कार्यक्रम का ऑनलाइन जूम के माध्यम से नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभा अध्यक्ष रोशन लाल बोरड़ ने मंत्र दीक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया कि यह सही समय होता है बच्चों में सुसंस्कारों का बीजारोपण होता है और धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है।

तेयुप फरीदाबाद के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि इस बार पूरे भारत के साथ साथ यूके, यूएसए, सिंगापुर, नेपाल में ऑनलाइन के माध्यम से मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम हुआ। उपासिका सुशीला दुग्गड़ और मंजू लुनिया ने 5 वर्ष से 9 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे लगभग 20 बच्चों को मंत्र दीक्षा प्रदान की। उन्होंने बताया कि मंत्र दीक्षा बचपन से ही धर्म के प्रति श्रद्धा, समर्पण व त्याग की भावना का विस्तार करती है। तेयुप अध्यक्ष राजेश जैन ने मंत्र दीक्षा कार्यक्रम से जुड़े सभी का आभार ज्ञापन किया।

# कोरोना : जिले में 14 एक्टिव केस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** में मंगलवार को कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया। इसमें एक और अच्छी खबर यह भी है कि जिला में दो लोग कोरोना को हराकर ठीक हो गए। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

जिला में अब तक 915745 लोगों को अब तक सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 915652 हो गई है। जिले में फिलहाल 14 एक्टिव केस है। जिसमें 2 अस्पताल में है और 12 होम आईसोलेशन पर रह रहे है।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 993963 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99766 |
| अब तक नेगेटिव | : 893673 |
| रिपोर्ट आनी बाकि | : 524 |
| 24 घंटे में सैम्पल | : 2532 |
| आक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99036 |

# जिले में 5980 ने लगवाया टीका

**फरीदाबाद।** जिले में 5980 लोगों ने मंगलवार को कोरोना से बचाव का टीकाकरण करवाया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में 4110 लोगों ने प्रथम और दूसरी डोज लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में 1870 लोगों ने कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाई। वैक्सीनेशन केन्द्र कम होने के कारण टीकाकरण केन्द्रों पर भीड़ लगी नजर आई। हालांकि बीके अस्पताल में द्वितीय डोज लगवाने आए व्यक्तियों के लिए अलग से व्यवस्था थी, लेकिन यहां वैक्सीन के लिए लम्बी लाइनें देखने को मिली।

# संक्षिप्त समाचार

## ठेकेदार कर रहे कर्मचारियों का शोषण : शास्त्री



**फरीदाबाद।** प्रदेश की पालिकाओं, नगर परिषदों एवं नगर निगमों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी तथा सीवर, सफाई कर्मचारियों व फायर विभाग में लगे ठेका प्रथा कर्मचारियों का ठेकेदार कर रहे हैं जमकर शोषण। विभिन्न पालिकाओं, परिषदों और नगर निगमों में ठेकों का नवीनीकरण होने के बाद पुराने कर्मचारियों की छंटनी, डीसी रेट से कम वेतन देना तथा ईएसआई, ईपीएफ का पैसा काट कर कर्मचारियों के खातों में जमा ना करके सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त नारे को धता बता रहे हैं ठेकेदार। यह बात नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य स्तरीय जन जागरण अभियान के तहत नगर निगम फरीदाबाद, बल्लभगढ़ जोन सेक्टर-25 जल घर, आदर्श कॉलोनी स्थित शहीद गुलाब सिंह सैनी कम्युनिटी सेंटर, तिगांव रोड स्थित बूस्टिंग स्टेशन तथा बल्लभगढ़ कार्यालय में कर्मचारियों की आयोजित की गई आम जन सभाओं को संबोधित करते हुए संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कही जन जागरण अभियान में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के अलावा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के केंद्र कमेटी के नेता सुभाष फेटमार, संघ के जिला प्रधान गुरचरण खांडिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर भी शामिल थे।

## निक्षय दिवस पर किया जागरूक



**फरीदाबाद।** निक्षय दिवस हर महने की मनाया जाता है। सिविल अस्पताल में क्षयरोग विभाग की तरफ से इस दिवस को मनाया गया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने मरीजों को समझाया की क्षयरोग कैसे फैलता है। क्या उसके लक्षण होते हैं और उनका इलाज कितने महीने और कौन-कौन सा चलता है। डॉ. शीला भगत ने उन्हें समझाया की दवाई बीच में न छोड़ें, नहीं तो एमडीआर और एक्सडीआर होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. शीला भगत ने मरीजों के साथ-साथ सभी स्टाफ से भी शपथ दिलवाई की क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सभी इस प्रोग्राम में बढ़-चढ़कर भाग ले और समाज में जागरुकता फैलाने के लिए हर संभव प्रयास करे। इसमें सुभाष गहलौत, राजकुमार, विरेन्द्र, अशोक, विरेन्द्र, यर्थात, विकाश, उमेश, रविन्द्र, कुलदीप, कविता, प्रीति, हेमंत, अनीता, साधना, मनीषा, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## कैडेटस ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**फरीदाबाद।** संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक और जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर की एनसीसी कन्या कैडेटस के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी विंग की एसोसिएट एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेंट मोनिका देशवाल ने बताया कि उनके और सीटीओ सरोज तेवतिया द्वारा सभी कैडेटस को गांव मोहना ले जाया गया। मोहना गांव में स्थित कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरेंद्र सिंह की प्रतिमा की साफ सफाई की और स्मारक स्थल पर फूल चढ़ाकर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव ने सभी कन्या कैडेटस व एएनओ और सीटीओ द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। कमांडिंग आफिसर ने भविष्य में भी इसी तरह की एनसीसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया।

## शराब न देने पर ठेके पर की तोड़फोड़ और लूटपाट



**फरीदाबाद।** बीती रात अनंगपुर चौक सूरजकुण्ड रोड पर बने शराब के ठेके पर कुछ युवकों ने शराब न देने पर ठेके पर खूब तोड़फोड़ की। गाड़िया तोड़ी, इतना ही नहीं यह युवकों ठेके में रखे लगभग 65-70 हजार रुपये भी निकालकर ले गए। ठेके पर बतौर सेल्समैन की नौकरी करने वाले सर्वेश ने थाना सूरजकुण्ड प्रभारी को दी अपनी शिकायत में बताया कि 26 जुलाई की रात्रि में व मेरे 3 अन्य साथियों रवि, मनोज पवन ने 11 बजे ठेके को बन्द कर दिया। ठेके बन्द होने के बाद 4-5 युवक ठेके पर आए और शटर को खटखटाने लगे। ये लोग शराब की बोतल की मांग कर रहे थे। सर्वेश ने शटर के बीच में बने होल से कहा कि सरकार के आदेशानुसार ठेका खोलने की अनुमति 11 बजे तक है। इसलिए शराब नहीं मिलेगी। इतना सुनते ही वो गुस्से में आ गए और गाली गलौज करने लगे। इसके बाद लड़कों ने पत्थर उठाकर शटर पर मारने शुरू कर दिए, बाहर लगे सीसीटी कैमरे तोड़ने शुरू कर दिए तथा बिजली की मीटर व ठेके के ऊपर लगे लाईट वाले होर्डिंग्स भी तोड़ दिए। जिस पर उसने मालिक अनुज को फोन कर बताया कि कुछ लड़कों ने ठेके पर हमला कर दिया है और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतने में सभी युवक ठेके के पिछले गेट को तोड़कर अंदर घुस आए। मारपीट शुरू कर दी और वहां रखी बोतलों को तोड़ना शुरू कर दिया व ठेके के गल्ले में रखे लगभग 65-70 हजार रुपये निकाल लिए। ठेके का मालिक अनुज मौके पर अपनी गाड़ी नंबर एचआर-51 सीए 1227 स्कॉर्पियो में आया, तो उन्होंने उसकी गाड़ी पर भी पत्थरों की बौछार कर दी। मालिक डर की वजह से गाड़ी छोड़कर भाग गया। युवकों ने जाते जाते कर्मचारी की बाइक जिसका नंबर एच.आर-51 बी आर 4534 को भी तोड़ दी। सीसीटीवी फुटेज में युवकों की पहचान की जा सकती है। पुलिस ने जांच की।

## सुपर 100: वंचित छात्रों के लिए शिक्षा विभाग ने फिर खोली साइट

**फरीदाबाद।** पंजीकरण से वंचित विद्यार्थियों को राहत देते हुए शिक्षा विभाग ने सुपर 100 पर ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए दो दिनों के लिए साइट खोल दी। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी सोमवार 26 से 28 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने इस बारे में सभी शिक्षा अधिकारियों को सूचित किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने ऐसे बच्चों को जिन्होंने हालही में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और 11वीं कक्षा में विज्ञान संकाय पढ रहे है। ऐसे विद्यार्थी के 2021 से 23 सत्र के लिए पात्र होंगे। इस तरह के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण 28 जुलाई रात 12 बजे तक चलेगा। उसके बाद शिक्षा विभाग साइट को बंद कर देगा। उसके बाद ही विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ सकेंगे। विभाग ने भेजे निर्देशों में कहा कि शिक्षक पात्र विद्यार्थियों से सम्पर्क करें और उनको इस बारे में पूरी जानकारी दे। शिक्षक टीम बनाकर इस तरह के कार्यक्रम को मुकाम तक पहुंचाए। यहां यह बताते चले कि जिन विद्यार्थियों ने पांच जुलाई से लेकर 10 जुलाई के बीच में खुली साइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्हें दोबारा पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।

## ओलम्पिक का संदेश

### प्रतियोगिता के साथ समावेशन

**ओलम्पिक** जबरदस्त प्रतियोगिता के बीच मानवजाति को समावेशन का संदेश देता है। ओलम्पिक खेलों ने 2016 में रियो के बाद दूसरी बार टोकियो से संदेश दिया है कि इसका अर्थ केवल विजय न होकर संबंधों से है। यह संदेश उन 29 खिलाड़ियों से आया है जो वर्तमान समय में 82 मिलियन राज्यविहीन या अपने घरों से विस्थापित लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो दुनिया में शरणार्थियों की तरह रह रहे हैं। अब उनको एक मंच व एक स्वर मिला है। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति–आईओसी ने निर्णय किया कि शरणार्थियों को खेलों के माध्यम से अपने जीवन को संजोने का अवसर मिलेगा। आईओसी ने रियो ओलम्पिक में शरणार्थी ओलम्पिक टीम के रूप में 10 शरणार्थी एथलीटों को आमंत्रित किया था। टोकियो में यह संख्या लगभग तीन गुना बढ़ कर 29 हो गई है। यह याद दिलाता है कि शरणार्थियों की संख्या भी इसी तरह बढ़ रही है। यदि इन एथलीटों को ओलम्पिक में भाग लेने का अवसर मिला है तो इसका कारण यह है कि उनको अब उत्पीड़न या भूख की चिन्ता नहीं है। घर से बहुत दूर उनके पास घर है, वे सुरक्षित हैं तथा सभी प्रकार के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन शरणार्थी का दर्जा होने के कारण वे आहत हैं। उनका मानना है कि 'एक दिन, एक समय यदि मेरे देश में व्यवस्था सुधरती है तो मैं वापस जाकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा।' यह शरणार्थी पाउलो एमोटन लोकोरो का सपना है जो टोकियो में 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। गृह युद्ध से बचने के लिए दक्षिण सूडान के पूर्व मवेशी झुंड के मालिक अब कीनिया पलायन कर गए हैं।


अफगान निगारा शाहीन ने अपने बचपन में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



उनको दोनों देशों से उत्पीड़न और जीवन पर खतरे का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने अतीत को जूडो में मैडल प्राप्त करने का सपना नहीं तोड़ने दिया। सीरिया की तैराक युसरा मार्दिनी 2015 में दुनिया भर में उस समय सुर्खियों में आईं जब उन्होंने अपनी बहन के साथ सीरिया छोड़ने का फैसला किया। उन दोनों ने एक छोटी नौका से सफर शुरू किया और उसके डूबने पर भूमध्य सागर में तैर कर अपनी जान बचाई। उस समय भी तैराकी ने उनकी जान बचाई और आज यह खेलों में उनका सपना बन गई है। 2015 से लेकर अब तक आईओसी के आह्वान ने दुनिया में शरणार्थियों पर नीतियों में बेहतरी भी दिखाई है। उदाहरण के लिए वर्तमान ओलम्पिक खेल आयोजित करने वाले जापान ने 2019 में शरणार्थी स्तर प्राप्त करने की अपील करने वालों में से एक प्रतिशत से कम को ही यह दर्जा दिया है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके उलट सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में चौथे स्थान वाले जर्मनी ने इसी साल लगभग 53 प्रतिशत शरणार्थियों को अनुमति दी। आज दुनिया के शरणार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या सीरियाइयों, अफगानियों, रोहिंग्याओं तथा अफ्रीकनों की है। लेकिन उनके लिए बहुत कम देशों ने अपनी सीमायें खुली रखी हैं। कुछ देशों में पहुंचने में सफल होने पर शरणार्थियों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है या उनको राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है। शरणार्थी ओलम्पिक खिलाड़ी एंजेलीना नडाई लोहालिथ ने कहा था, 'हमें उम्मीद है कि दूसरे लोग हमें सामान्य लोगों की तरह देखेंगे।' खेल विश्व समुदाय को समझाना चाहते हैं कि शरणार्थी समस्या को केवल कुछ डालर दान देकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। शरणार्थी समस्या से निपटने के लिए पहले इसके मानवीय आयामों को स्वीकार करना होगा।

# मिल रहे आर्थिक सुधारों के लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में तीन बड़े आर्थिक सुधार किए थे। उस समय उनका मजाक उड़ाया गया था, पर अब वे उल्लेखनीय प्रगति का कारण बने हैं।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार ने तकनीक के कुशल प्रयोग से सामाजिक कल्याण की योजनाओं में 80 प्रतिशत अंतिम लाभार्थियों को लाभ मिलना सुनिश्चित किया है। इस लेख में मैं खासकर तीन व्यापक वित्तीय समावेशन और रोजगार सृजन लक्ष्यों की चर्चा करना चाहती हूं जिनको मोदी की पहली सरकार के समय शुरू किया गया था। अब 2021 में ये प्रयास फलदाई सिद्ध हो रहे हैं और इन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना शुरू कर दिया है। इन तीनों सुधारों का उस समय आलोचकों ने मजाक उड़ाया था, चाहे वह नोटबंदी के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करना हो, मोदी द्वारा स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से स्वरोजगार सृजन के प्रयास हों या मिशन के रूप में स्किल इंडिया को प्रोत्साहन देना हो।

प्रधानमंत्री ने 2015 में त्रिआयामी दृष्टिकोण पेश किया था। डिजिटल भुगतानों के माध्यम से समानान्तर अर्थव्यवस्था समाप्त करने के प्रयासों से फिनटेक सेवा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिला है, जनता के लिए एक सहायक परिस्थितिकी तंत्र बना है तथा अब 'स्टार्टअप इंडिया' के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। इसके साथ ही 'स्किल इंडिया' खोजों के क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। मध्य 2021 तक इन तीनों सुधारों ने असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है, खासकर पहले दो सुधारों ने कोविड के पश्चात डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है। डिजिटल बैंकिंग के सर्वव्यापीकरण ने वित्तीय समावेशन पैदा किया है। शहरी और ग्रामीण गरीबों को वित्तीय समावेशन में शामिल किए बिना 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तथा न्यू इंडिया बनाने के लक्ष्य पूरे नहीं हो सकते हैं।

इसलिए बैंकों से बाहर छूट गई जनसंख्या को औपचारिक कर्ज व्यवस्था, बचत और बीमा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी हो गया था। 'वित्तीय समावेशन के मूलभूत आधारों में बैंकों से बाहर छूट गए लोगों को बैंकों में लाना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित बनाना तथा निर्धन लोगों को पैसा देना था।' कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने डिजिटल भुगतानों को गति प्रदान की है जो वित्तीय समावेशन प्राप्त करने का रास्ता बन गए हैं।




उपभोक्ताओं के कर्ज इतिहास तक पहुंच बनाए बिना तकनीक आधारित कर्ज देने की व्यवस्था करना संभव नहीं था, जबकि बैंकों से बाहर छूट गए लोगों के कर्ज लेने का कोई ट्रैक रिकार्ड नहीं था। इसी तरह बंधक रखने में अक्षम एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज का विस्तार करना कठिन था। जन–धन, आधार और मोबाइल इकोसिस्टम की जेएएम त्रयी को 2015 में स्थापित किया गया। इसने डिजिटल वित्तीय सेवाओं को व्यापकता, मात्रा तथा प्रदान करने की गति के आधार पर जून 2021 तक व्यापक विस्तार दिया। आज भारत की भुगतान व्यवस्थाओं में औसतन 150 मिलियन से अधिक लेनदेन का रोज निपटारा होता है जिनकी धनराशि 4.5 करोड़ रुपये है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण–डीबीटी में डिजिटल भुगतानों की प्रभावशीलता भी स्पष्ट दिखाई देती है।

वित्त वर्ष 2021 में 319 सरकारी योजनाओं के माध्यम से 53 लाख करोड़ रुपये का भुगतान डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। आज बैंक फिनटेक के साथ साझीदारी कर ज्यादा से ज्यादा 'न्यू टु क्रेडिट' माइक्रो उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था में ला रहे हैं तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को सात मिनट में कर्ज दे रहे हैं, जबकि पहले इस काम में सात दिन लगते थे। इन हस्तक्षेपों के पहले ग्रामीण भारत तक वित्तीय सेवाओं का विस्तार बैंकों के लिए बहुत कठिन काम था क्योंकि सुदूर क्षेत्रों में रह रहे लोगों की सेवा करने में बहुत खर्च होता था। इसके साथ ही छोटे वित्तीय लेनदेन के कारण कर्ज की मांग भी बहुत कम थी।

> **स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से आईपीओ क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। स्किल इंडिया मिशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है। वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं।**

'स्किल इंडिया मिशन' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्किल इंडिया सरकार द्वारा 2015 में की गई स्मार्ट पहलों में शामिल थी जिसका लक्ष्य बाजार और उद्योग के अनुकूल कौशल तैयार करना था ताकि कामगारों को 2022 तक विभिन्न कामों के लिए तैयार किया जा सके। वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनने तथा प्रति व्यक्ति उत्पादकता व प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए हमें लाखों कम वेतन पाने वाले लोगों के लिए अच्छे वेतन वाले रोजगार तैयार करने हैं। इसके माध्यम से कामगारों को कृषि क्षेत्र से सेवा क्षेत्र और विनिर्माण क्षेत्र में लाया जा सकता है। यह बहुत उत्साहवर्धक खबर है कि जून, 2021 तक 1.25 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' के अंतर्गत स्किल, रि–स्किल और अप–स्किल किया जा सका था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'आज की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए केवल एक कुशल व्यक्ति ही सक्षम है। कमाई बढ़ने के साथ उसका सीखना थमना नहीं चाहिए।'

पिछले वर्षों में स्टार्टअप परिदृश्य में असाधारण प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने 2015 में कहा था, 'भारत को नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वालों के देश की तरह देखा जाना चाहिए।' इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाना जरूरी था। बिजनेस सुगमता आयामों को बढ़ावा देने से कर्ज तक पहुंच आसान हुई है। इससे उद्यमिता व स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिला है। नोटबंदी के कारण 2017 में पेटीएम जैसे फिनटेक स्टार्टअप को बढ़ावा मिला। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण विभिन्न प्रकार के तकनीक आधारित स्टार्टअप की स्वीकार्यता बढ़ी है जिनमें शिक्षा, सौंदर्य, खुदरा व्यापार, खाद्य पदार्थ डिलीवरी एग्रीग्रेटर, ई–कामर्स, ई–हेल्थकेयर, आदि अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इस खोजी उद्यमिता ने पहली बार प्रवेश करने वाले को भी लाभान्वित किया है और वह यूका–परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता तथा भ्रम की दुनिया से बाहर निकलने की कला में माहिर हुआ है।

इससे बाजार की गतिशीलता बदल रही है और इसमें प्रवेश करने वाले नये उद्यमी वर्तमान बिजनेस माडलों को बदल कर नये उत्पाद तैयार कर सकते हैं। ये उत्पाद उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप हैं तथा जीवन सुगमता सरल बनाने में अपना योगदान करते हैं। वर्तमान समय में स्टार्टअप पुरानी अर्थव्यवस्था की तुलना में 1.3 गुना अधिक रोजगारों का सृजन करते हैं। उन्होंने गैर–प्रायोजित कंपनियों की तुलना में लगभग दूने टैक्स का भुगतान किया है।

वर्ष 2021 भारत में स्टार्टअप उद्योग के लिए असाधारण प्रगति वाला रहा है। केवल 6 महीने में इसके 16 सदस्य यूनीकार्न क्लब में शामिल हुए हैं। नवीनतम प्रवेश करने वालों में ब्राउजरस्टैक, जीटा व मोगलिक्स शामिल हैं, जबकि 10 बिलियन पौंड से अधिक मूल्य वाले लीग आफ डेकन्स उद्यमों में बाइजू, जोमैटो व पेटीएम जैसी कंपनियां शामिल हुई हैं। उम्मीद है कि अगले तीन सालों में टेक–स्टार्टअप का विस्तार 150 और यूनीकार्न में होगा। इस बीच वैश्विक निवेशक समुदाय भारत में उभरते स्टार्टअप के प्रति बहुत आशान्वित है तथा भारत दुनिया में तीसरे सबसे बड़े व सबसे तेज विकसित हो रहे स्टार्टअप स्थल बन गया है।

# गंगा में बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण

> **माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम होते हैं, और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं।**



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

भारत में सबसे अधिक पूजनीय नदी गंगा तेजी से मानवजनित प्रदूषण का दुखद शिकार बनती जा रही है। पिछले एक दशक में, गंगा में प्रदूषण का स्तर, विशेष रूप से मल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया, बढ़ रहा है– इसके तट पर रहने वाले 400 मिलियन लोगों का प्रभाव। वाराणसी में एकत्र किए गए नमूनों में बार–बार कोलीफॉर्म का स्तर निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक दिखाया गया है। दस लाख की आबादी वाला तीर्थ शहर प्रतिदिन 200 मिलियन लीटर अनुपचारित मानव मल गंगा में छोड़ता है। गंगा एक्शन प्लान आशा की एक किरण थी जिसने नदी को साफ करने में मदद करने का वादा किया था लेकिन यह एक मृगतृष्णा साबित हुई। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता की कमी, और गरीब सरकार के कारण प्रदूषण पर लगाम लगाने में सरकार द्वारा शुरू की गई योजना बहुत धूमधाम से विफल रही। देशी, धार्मिक निकायों और पर्यावरण नियोजन से समर्थन की अनुपस्थिति के कारण इन मुद्दों को और बढ़ा दिया गया था।

परिणाम मानव प्रदूषण के पापों से भरी नदी को साफ करने के एक और प्रयास की विफलता थी। भारत में जल संसाधनों की स्थिति पर विश्व बैंक की रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत में जल प्रदूषण की स्वास्थ्य लागत प्रति तीन प्रतिशत होगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत और देश की लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां और एक तिहाई मौतें जल जनित बीमारियों के कारण होंगी। भविष्यवाणियों की पुष्टि गंगा सटीक रूप से कर रही है। यहां तक कि जब लोग, सरकार और नदी खुद प्रदूषण के अत्यधिक स्तरों से जूझ रहे हैं, एक एनजीओ, टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए



एक नए अध्ययन में पाया गया है कि गंगा में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर बढ़ गया है और रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार, गंगा अब एक प्रमुख नदी के लिए माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की दुनिया की उच्चतम सांद्रता होने का संदिग्ध गौरव प्राप्त है। माइक्रोप्लास्टिक्स आकार में 5 मिमी से कम हैं और अब वाराणसी, कानपुर और हरिद्वार में गंगा में प्रमुख प्रदूषण सामग्री बनकर मुसीबत पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में नदी के पानी में माइक्रोप्लास्टिक सामग्री में इस मेगा स्पाइक के पीछे नदी को धार्मिक प्रसाद में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पाया गया है। प्लास्टिक में इस वृद्धि का पर्यावरण और मनुष्यों के लिए समान रूप से गंभीर प्रभाव है। माइक्रो प्लास्टिक्स में मौजूद एथिलीनविनाइल, पॉलीएसिटिलीन और पॉलियामाइड की उपस्थिति मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक प्रभाव डालती है और ऑक्सीडेटिव तनाव, भड़काऊ घावों और बढ़े हुए उत्थान या स्थानांतरण के माध्यम से विषाक्तता पैदा कर सकती है। कई अध्ययनों ने माइक्रोप्लास्टिक्स के निरंतर संपर्क या अंतर्ग्रहण के कारण मनुष्यों में चयापचय संबंधी गड़बड़ी, न्यूरोटॉक्सिसिटी और कैंसर के खतरे में वृद्धि की संभावना का भी प्रदर्शन किया है। चूंकि नदियां मनुष्यों के लिए आवश्यक जीवन रेखा होती हैं और कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं, इसलिए हमारी नदियों को माइक्रोप्लास्टिक हॉटस्पॉट बनने से रोकने की आवश्यकता है। इससे न केवल नदी जल जैव विविधता बल्कि मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी। गंगा को प्रभावित करने वाले माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए, सरकार को इस प्रकार के प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल उपचारात्मक उपाय करने चाहिए। जल निकायों में फैले माइक्रोप्लास्टिक को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में दुनिया भर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना और उन्हें अपनाना महत्वपूर्ण है।

पहला कदम एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना है और दूसरा, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है जैसे कि मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर तकनीक जिससे माइक्रोप्लास्टिक को छानने के लिए अपशिष्ट जल के उपचार के लिए फाइबर का उपयोग किया जाता है।

इसी तरह, पानी में माइक्रोप्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नैनोसेल्यूलोज झिल्ली फिल्टर विकसित किए जा रहे हैं। दुनिया में पहले से हो रहे इन रोमांचक विकासों के साथ, भारत पीछे नहीं रह सकता है और उसे पहल करनी चाहिए और घरेलू मोर्चे पर इन तकनीकों को अपनाना चाहिए और कीमती नदी और जल निकायों को माइक्रोप्लास्टिक के गंभीर खतरे से बचाया जाना चाहिए।

## आप की बात

### वादे तोड़ने की आदत

**अक्सर** नेता वाहवाही और प्रसिद्धि पाने के लिए अनोखे वायदे कर लेते हैं, फिर बाद में उन्हें भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी तो इस काम में महारथ हासिल कर चुकी है। इसीलिए उसे लोग 'आदतन असत्यवादी पार्टी' भी पुकारने लगे हैं। इसके शीर्षस्थ नेता अरविन्द केजरीवाल ने पिछली कोरोना लहर के दौरान, जब प्रवासी मजदूर अपने घर वापस लौटने लगे थे, तो उनसे वायदा किया कि उनके दिल्ली–स्थित निवास का किराया सरकार देगी, वे वापस न जाएं। उनके इस वचन का ऐतबार कर बहुत से कामगार दिल्ली में ही टिक गए, पर बाद में केजरीवाल सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया। सोचा होगा, वादे हैं, वादों का क्या। किन्तु कुछ मजदूर कोर्ट पहुंच गए। न्यायालय ने बात को गंभीरता से लिया। अपने फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें बकाया किराया मजदूरों की ओर से मकान मालिकों को देना पड़ेगा। अब शायद वायदा करने में उस्ताद केजरीवाल को आटे–दाल का भाव पता चलेगा। अन्य राजनीतिबाज नेता भी अब सावधान रहें और वायदों की घोषणा से पूर्व उन्हें निभाने की योजना बनाकर रखें। वायदे महज तोड़ने के लिए नहीं होते।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

### राजद्रोह कानून

**राजद्रोह** कानून की प्रासंगिकता तो हमेशा बनी रहेगी। सरकार को इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को नगण्य बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कई असामाजिक तत्व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं। अन्य देशों को भारत की खुफिया जानकारी उपलब्ध कराना, देश का धन लूट कर भगोड़े के रूप में विदेश भाग जाना, आतंकवाद को प्रोत्साहित करना, नकली नोट चला कर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने वाले एवं देश की अखंडता को भंग करने जैसे असंवैधानिक कार्य करने वालों को आखिर किस कानून के तहत दंडित किया जा सकता है, इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर न्यायपालिका एवं सरकार को विचार करना चाहिए। उपरोक्त सभी अपराध क्या राजद्रोह से कम है? सामाजिक रुप से लोगों को भी इस तथ्य पर गौर करना चाहिए की देश के हित में क्या है। राजद्रोह कानून की समीक्षा होनी चाहिए। देश, काल और परिस्थिति के मुताबिक इसमें संशोधन किया जा सकता है। अंग्रेजों ने तो स्वतंत्रता सेनानियों को प्रताड़ित करने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया लेकिन अब हमारी सरकार को वास्तविक राज द्रोहियों को इस कानून के प्रावधानों के तहत चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### खतरों से न खेलें युवा

**बरसात** का मौसम हरियाली लेकर आता है। प्रकृति का श्रृंगार इस सीजन में मनमोहक होता है। इसी से रिझते हुए लोग पर्यटक और पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचते हैं। आनंद लेने के उद्देश्य से सैर सपाटा करते लोग कभी–कभी असावधानी से हादसों का शिकार हो जाते हैं। पानी,पहाड़ी और खाई से बचकर पर्यटन का लुत्फ उठाने में ही लोगों के लिए समझदारी होगी। इन दिनों पर्यटन का मौसम है। पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित हो चुकी है तो नदी नाले भी भरपूर जल राशि लिए हुए हैं। लोग दूर–दराज से इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अति उत्साह से कभी–कभी असावधानीवश ऐसे हादसे हो जाते हैं जिनसे रंग में भंग पड़ जाती है। मौज मस्ती में डूबे युवाअक्सर सेल्फी के चक्कर में दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे हैं लेकिन न तो युवा सबक ले रहे हैं ना ही उनके साथ आने वाले पालक ही। अगर पर्यटन का सही आनंद लेना है तो सावधानी जरूरी है। मौज मस्ती का आनंद लेने वालों को पहाड़ों और नदियों के किनारों से सावधान रहना चाहिए जरा सी चुक से जानलेवा हादसा हो सकता है।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**सरकार** कहती है कि हमारे किसान कृषि कानूनों से प्रसन्न हैं और जो विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वे आतंकवादी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैंने** त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। किसी ने भी ऐसा करने के लिए दबाव नहीं डाला। मैंने स्वत: निर्णय लिया जिससे कोई अन्य मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर सके।

– **बीएस येदियुरप्पा**
निवर्तमान मुख्यमंत्री कर्नाटक



**भाजपा** के पास राज्य पर शासन करने की क्षमता नहीं है। यह सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। चलिए चुनावों की ओर चलें।

– **डीके शिवकुमार**
कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 जुलाई, 2021



# सभी ग्राम पंचायतों का होगा अपना सचिवालय

## सुनिश्चित किया जाए कि जरुरतमंद को एम्बुलेंस सेवा समय से प्राप्त हो, ऐसा न होने पर सम्बन्धित एम्बुलेंस प्रोवाइडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इन भवनों के निर्माण से कार्य प्रणाली को एक व्यवस्थित स्वरूप भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि तीन माह में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जरुरतमंद को एम्बुलेंस सेवा समय से प्राप्त हो। यदि ऐसा नहीं होता है, तो सम्बन्धित एम्बुलेंस प्रोवाइडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना से आच्छादित नहीं है को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित की जाने का निर्णय लिया गया है। इससे 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। योगी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मिशन शक्ति के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। महिला स्वयं सहायता समूह व बीसी सखी के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी योजनाओं ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को बड़ा सम्बल दिया है। इसके दृष्टिगत मिशन शक्ति को नवीन ऊर्जा के साथ नई दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, गृह, महिला एवं बाल विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ मिशन शक्ति के आगामी चरण की कार्ययोजना तैयार करें। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति से प्रदेश में कोविड संक्रमण के मामलों में आशानुकूल तेजी से कमी आयी है। उन्होंने कोरोना से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## सीएम के संबल से दिव्यांग दिनेश के सपनों को लगे पंख

● जनता दर्शन में गुहार लगाने के बाद सीएम आवास पर ही मिली लकड़ी की जगह स्टील की बैसाखी, लखीमपुर पहुंचते ही मिली ट्राई साइकिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में आज एक दिव्यांग के सपनों को पंख लग गए। सीएम योगी ने बड़ी आस लेकर लखीमपुर जिले से आए 60 फीसदी दिव्यांग दिनेश कुमार की वर्षों की मुराद पूरी कर दी। सीएम योगी ने दिनेश को संबल दिया और उनके निर्देश पर दिनेश को मुख्यमंत्री आवास पर ही लकड़ी की बैसाखी की जगह स्टील की बैसाखी दी गई। इतना ही नहीं, लखीमपुर पहुंचते ही जिला प्रशासन की ओर से ट्राई साइकिल दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 12 से 27 जुलाई तक सीएम आवास पर करीब छह सौ फरियादियों ने विभिन्न मामलों में मुलाकात की है। आर्थिक सहायता के तमाम मामलों में सीएम के निर्देश पर तत्परता से राहत पहुंचाई गई है। अन्य मामलों में भी प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की गई है।

आज इसी क्रम में लखीमपुर जिले के तहसील धोरहरा के अल्लीपुर गांव निवासी दिव्यांग दिनेश कुमार ने सीएम योगी से जनता दर्शन कार्यक्रम में मुलाकात की।

## कल्याण सिंह की हालत नाजुक, मुख्यमंत्री योगी देखने पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीजीआई पहुंच कर उनके स्वास्थ्य के बारे में डाक्टरों से जानकारी ली। पीजीआई के मुताबिक कल्याण सिंह की किडनी के सही काम न करने से उनकी लगातार डायलिसिस की जा रही है और उन्हें लाइफ सेविंग सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। पीजीआई निदेशक डॉ आरके धीमान के अनुसार उनके सभी क्लीनिकल पैरामीटर्स पर विशेषज्ञ बारीकी से नजर रख रहे हैं। सीसीएम, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी इंडोक्राइनोलॉजी के एक्सपर्ट उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं।

## आयुष्मान कार्ड का आच्छादन बढ़ाने के लिए ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए: सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि जिन क्लस्टर्स में आच्छादन औसत से कम है उनको चिन्हित कर वहां पर विशेष कैम्प लगवाकर शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों का भी सहयोग प्राप्त किया जाए। कैम्प आयोजन से पूर्व पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराकर जन सामान्य को इससे होने वाले फायदों के बारे में बताया जाए।

एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन ने बताया कि अब तक एक करोड़ 42 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। 26 जुलाई से प्रारंभ अभियान के पहले दिन 26 हजार से अधिक कार्ड बनवाए गए हैं, जिन्हें आगामी दिवसों में बढ़ाकर 50 हजार कार्ड प्रतिदिन बनाए जाने का प्लान है। मुख्य सचिव ने इन केन्द्रों को पंचायती राज संस्थाओं से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि जन सामान्य इनका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। समीक्षा में बताया गया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज की स्थापना लखनऊ में की जा रही है जिसके लिए करीब 207 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उक्त का शिलान्यास 1 अगस्त को प्रस्तावित है। मुख्य सचिव ने शिलान्यास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां समय से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट के भवन निर्माण के लिए माहवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के लक्ष्य निर्धारित किये जाएं ताकि टाइम लाइन के अनुसार समस्त कार्य निष्पादित किये जा सकें। समीक्षा में बताया गया कि सीजी सिटी लखनऊ योजनान्तर्गत विवि की स्थापना के लिए करीब 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

## ब्राह्मण सम्मेलन से विरोधियों की नींद उड़ी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि पार्टी के राज्य में चल रहे ब्राह्मण सम्मेलन से विपक्ष की नींद उड़ गई है। इसे रोकने के लिए तरह तरह से हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से इससे सावधान रहने को कहा है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि मेरे निर्देशन में पार्टी महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र द्वारा यूपी में चल रही प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी, जो ब्राह्मण सम्मेलन के नाम से काफी चर्चा में है, के प्रति उत्साहपूर्ण भागीदारी यह प्रमाण है कि इनका बीएसपी पर सजग विश्वास है, जिसके लिए सभी का दिल से आभार। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि अयोध्या से 23 जुलाई को श्रीरामलला के दर्शन से शुरू हुआ यह कारवाँ अम्बेडकरनगर व प्रयागराज जिलों से होता हुआ लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। जिससे विरोधी पार्टियों की नींद उड़ी है व इसे रोकने के लिए अब ये पार्टियाँ किस्म-किस्म के हथकण्डे अपना रही हैं इनसे सावधान रहें।

## योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराएं

● प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुना ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग डा. नवनीत सहगल ने निर्देश दिए कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाय। प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर मुद्रा योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सवा गुनां ऋण आवेदन पत्र बैंकों के भेजे जायं। बैंक से समन्वय स्थापित करके समयबद्ध तरीके से आवेदन पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। अपर मुख्य सचिव मंगलवार को लोक भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वर्चुअल माध्यम से हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विकास के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय वर्ष प्रधानमंत्री हथकरघा बुनकर म्रुदा योजना के तहत 5000 बुनकरों को इस योजना का लाभ दिये जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्त समय से हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए बैंक में लम्बित पुराने आवेदन पत्रों का नवीनीकरण कराकर बुनकरों को ऋण उपलब्ध कराया जाय।

## दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर बनेगी वेटिंग लिस्ट

● राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती को लेकर राजभवन ने जारी किए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की सीधी भर्ती में पारदर्शिता लाने के लिए अब दो से अधिक अभ्यर्थी होने पर प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी। इस प्रतीक्षा सूची की वैधता परिणाम जारी होने से एक साल तक रहेगी। इस आशय का निर्देश राजभवन की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयो को जारी कर दिया है। कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयों को जारी निर्देश में कहा गया है कि सहायक आचार्य के पद पर चयन हेतु प्रक्रिया के दो चरण होंगे। जिनमें पहला चरण शॉर्ट लिस्टिंग का होगा और दूसरा चरण साक्षात्कार का होगा। अपने आदेश में उन्होंने कहा है कि पूर्व में अभ्यर्थियों के विषय की जानकारी के लिए 20 अंकों की आब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा की व्यवस्था रखी गई थी। जिसमें अब ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा 40 अंकों की होगी। बेसिक अकादमिक स्कोर की गणना से प्राप्त अंक तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर एक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। तैयार मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों की शॉर्ट लिस्टिंग कर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्ट लिस्टिंग से साक्षात्कार के लिए आए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दी गई व्यवस्था के अंतर्गत दो भागों में कराई जाएगी। पहले भाग में शिक्षण कौशल की जानकारी का परीक्षण किया जाएगा तथा द्वितीय भाग में साक्षात्कार संपन्न कराया जाएगा।

## अपर मुख्य सचिव गृह ने 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या रवाना किए



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में कोरोना की भविष्य में आ सकने वाली समस्या से निपटने के अभी से ही प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग प्रदेश सरकार को प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा 30 आक्सीजन कन्संट्रेटर अयोध्या के लिए रवाना किए गये हैं। यह कन्संट्रेटर्स फेडरेशन आफ इण्डियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एफआईसीसी) द्वारा प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्लू प्लैनेट एनवायर्नमेंटल सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लिमिटेड द्वारा उपरोक्त 30 कन्संट्रेटर्स में से 20-20 लीटर के 10 तथा 10-10 लीटर के 20 आक्सीजन कन्संट्रेटर्स प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराए गये हैं।

## सपा ने तेज किया व्यापारी जोड़ो-भाजपा की पोल खोलो अभियान

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश व्यापारी जोड़ो और भाजपा की पोल खोलो अभियान के तहत लगातार व्यापारियों के बीच चौपाल व जिला स्तरीय सम्मेलनों को आयोजित करके हर जिले में सैकड़ों की तादाद में व्यापारी वर्ग को जोड़ रही है। सभी जिलों में व्यापारी 2022 में अखिलेश यादव की सरकार बने इसका संकल्प ले रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग और महासचिव अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में सहारनपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा, शाहजहांपुर, कानपुर, फतेहपुर, कानपुर ग्रामीण, झांसी जनपद में, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी जनपद में, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मनोचा के नेतृत्व में हरदोई व रायबरेली जनपद में तथा अजय सूद के नेतृत्व में मथुरा व झांसी जनपद में चौपालों व सम्मेलनों के आयोजन किए जा रहे हैं।

## हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को अनावरण का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योजना** भवन में लगी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति को बस अनावरण का इंतजार है। कई माह से लगी इस मूर्ति के आस-पास के हिस्से को संवारा तो गया है लेकिन कपड़े से ढक दिया गया है। मूर्ति को बस सिर्फ इंतजार है अनावरण का, जो अभी तक नहीं हो पाया है। हेमवती नंदन बहुगुणा यूपी के वर्ष 8 नवंबर 1973 से 29 नवंबर 1975 तक मुख्यमंत्री रहे। करीब दो साल और 21 दिन तक उन्होंने यूपी के सीएम का पद संभाला था। पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तराखंड से ताल्लुक रखने की वजह से सरकार ने यह मूर्ति लगवाई है। योजना भवन के कर्मचारियों के अनुसार मूर्ति तो कई माह पहले लग चुकी थी लेकिन अभी तक इसका अनावरण नहीं किया गया है।

## वार्ता के बाद यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने आंदोलन लिया वापस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्थानांतरण** सूची निरस्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। एसोसिएशन की तरफसे यह निर्णय शासन स्तर पर हुई वार्ता के बाद लिया गया है। जिसमें शासन से समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज भी सुबह एसोसिएशन के बैनर तले लिपिकों ने स्वास्थ्य भवन पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान वार्ता पर सहमति बनने के बाद आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जिनके स्थानांतरण 500 किमी से बाहर हुए हैं उनको संशोधित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विकलांग दंपत्ति, गंभीर रोगी, पदाधिकारी आदि के भी स्थानांतरण निरस्त किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया लगभग ढाई सौ महिला कर्मियों के संशोधन कर निकट के जनपद में तैनात किया गया है तथा पचास से अधिक नीतिगत कर्मियों के स्थानांतरण निरस्त भी किए गए है। वार्ता के दौरान संगठन ने अपर मुख्य सचिव के समक्ष यह बात रखी कि माननीय की शिकायतों पर शासनादेश के अनुसार ही जांच कर कार्यवाही की जाए तथा निलंबन किए जाने वाले कर्मचारियों को गैर विभागीय स्थानों पर सम्बद्ध ना किया जाए एवं जांच अधिकारी विभागीय अधिकारी ही बनाया जाए। जिस पर अपर मुख्य सचिव ने सहमति देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## नौकरियां बांटने का तमाशा कर रही सरकार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों के बाद नौजवानों के साथ भी बड़ा धोखा किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हर साल 70 लाख नौकरी देने का वादा किया था परन्तु नौकरी किसी को नहीं मिली। कोरोना संक्रमण काल में हुए लॉकडाउन के दौरान लाखों नौजवानों की नौकरियां छूट गईं। खुद सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश, प्रदेश में बेरोजगारी की दर के रिकार्ड टूट चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पांच साल के कार्यकाल में अब चंद महीने ही बचे हैं। तमाम दावों के बावजूद न तो बाहर से पूंजी निवेश हो रहा है न ही उद्योग लग रहे हैं। मध्यम और लघु उद्योगों की हालत खराब है। रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं। बेरोजगारी के इस दौर में लाखों नौकरियां बांटने का तमाशा हो रहा है जबकि आए दिन नौजवान धरना प्रदर्शन कर रहे है और पुलिस उन पर लाठियां बरसा रही है। शासन-प्रशासन उनकी बात सुनना नहीं चाहता। अखिलेश यादव ने कहा कि एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सन् 2018 में बेकारी दर 5.92 प्रतिशत थी जबकि 2019 में यह दर 9.97 प्रतिशत रही। यानी बेरोजगारी दर में दो गुनी से ज्यादा वृद्धि हुई। 2020 लॉकडाउन में निकल गया। 2021 में फिर कैसे बेरोजगारी की दर घट गई, इसका जवाब मुख्यमंत्री जी को देना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि फरवरी 2020 में भाजपा सरकार ने खुद माना था कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या लगभग 34 लाख पहुचं गई है जो कि 2018 के सरकारी आंकड़ों से यह संख्या 54 प्रतिशत अधिक बैठती है। 2020 फरवरी तक ही 12 लाख से अधिक युवाओं ने खुद को बेरोजगार बताकर सरकारी वेबसाइट पर अपने को पंजीकृत कराया था। मुख्यमंत्री जी ने 4 वर्ष की समाप्ति पर 4 लाख रोजगार देने का दावा कर प्रदेश के लाखों नौजवानों को सिर्फ गुमराह किया गया है। वस्तुतः सन् 2022 के चुनावों में अपनी हार निश्चित जानकर हताशा में भाजपा नेतृत्व और मुख्यमंत्री जी सच्चाई छुपाने का अभियान चला रहे हैं पर सच कभी छुपता नहीं और झूठ के पैर टिकते नहीं हैं। यह बात भाजपा को याद रखना चाहिए।

## एम्बुलेंस चालकों की चल रही हड़ताल पर कब संज्ञान लेगी सरकार



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भाजपा सरकार की वादा खिलाफी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी अपने रवैये में कोई सुधार नहीं किया। 2017 के चुनावी घोषणा पत्र में जनता से जितने वादे किये गये थे उन वादों में से कोई भी पूरा नहीं किया गया। लल्लू ने कहा कि इस कोरोना काल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण एम्बुलेंस चालकों की समस्या है। जिसको लेकर एम्बुलेंस चालक हड़ताल पर हैं। उनका नियमतिकरण नहीं हो रहा है, साथ ही उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। ऐसी परिस्थिति में इन चालकों के परिवार की कैसे जीविका चलेगी। इस पर सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। जिसकी वजह से एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के कारण रविवार रात 12 बजे से एम्बुलेंस की सेवाएं ठप कर दी गई हैं। भाजपा सरकार एम्बुलेंस चालको की समस्या का समाधान करने के बजाय उल्टा धमका रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण प्रदेश के जरूरतमंद मरीजों को भी भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है लेकिन सरकार के कान पर तनिक भी जूं नहीं रेंग रही है। यदि समय से एम्बुलेंस सेवाओं को नही शुरू किया गया तो अनेक गंभीर मरीजों की जान पर बन सकती है, अखिर इनकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

## आदर्श मॉडल अपनाने वाले किसान उत्तम गन्ना कृषक की उपाधि से होंगे सम्मानित


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश के गन्ना विकास विभाग ने अनेक कदम उठाये हैं। इस सम्बन्ध में प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन एवं चीनी परता में वृद्धि, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती के लिए समन्वित रूप से ट्रॅच प्लाटिंग, सहफसली, रैटून मेनेजमेन्ट, ट्रैश मल्चिंग एवं ड्रिप सिंचाई जैसी नवीन तकनीक के अपनाए जाने की महती आवश्यकता है इसलिये विभाग ने इसे पंचामृत का नाम दिया है। इस प्रकार समन्वित प्रबंधन करते हुए पंचामृत पद्धतियों के माध्यम से जिन प्लाटों पर खेती की जायेगी उन्हें आदर्श मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जायेगा। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ने की खेती में आधुनिक तकनीकी पद्धतियों को समन्वित रूप से अपनाने से गन्ने की उत्पादन लागत में कमी आयेगी तथा गन्ने की उपज में बढ़ोत्तरी के साथ साथ पानी की बचत, भूमि की उर्वता शक्ति में वृद्धि एवं बाजार तथा घरेलू मांग के अनुसार खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, शाकभाजी आदि फसलों का उत्पादन जैसे अनेक लाभ होगें।

## बेहतर समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश संभव

### महिला व बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय में दो दिवसीय क्षमतावर्धन व समन्वय कार्यशाला का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा है यूपी पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय से ही मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सकता है। उन्होंने पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय और बनाए जाने पर बल दिया।

एडीजी मंगलवार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय के सभागार में भारत नपाल सीमावर्ती जिलों की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की दो दिवसीय क्षमता वर्धन व समन्वय कार्यशाला के समापन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में भारत नपाल सीमा पर स्थित यूपी के 7 जिलों में तैनात पुलिस व एसएसबी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशांत कुमार ने इस वैश्विक अपराध से निपटने के लिए शासन, पुलिस व एसएसबी के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने समय समय पर इस प्रकार की और कार्यशालाएं आयोजित किए जाने पर बल दिया। उन्होंने इस कार्याशाला के सफल आयोजन के लिए 1090 के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की तथा सहयोग के लिए प्लान इण्डिया व कारितास इण्डिया श् तथा आमंत्रित विषय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नीरा रावत ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य उप्र पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की भारत. नेपाल सीमा पर स्थित जिलों में कार्यरत एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मानव दुर्व्यापार विषय पर क्षमतावर्धन, महिलाओं एवं बच्चों पर इसके प्रभाव, रोकथाम व उनके पुनर्वास हेतु समन्वित प्रयास विषय पर प्रभावी जानकारी विकसित करना, इसके द्वारा भारत एवं नेपाल सीमा पर महिलाओं एवं बच्चों के दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए समन्वित सुरक्षा तंत्र का सुदृढीकरण करना, मानव दुर्व्यपार विषय पर विभागीय स्तर पर प्रशिक्षकों की उपलब्धता था। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में भारत नेपाल सीमावर्ती 7 जनपदों पीलीभीत ,लखीमपुर, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती एवं महराजगंज में तैनात उप्र पुलिस एवं इन जनपदों में तैनात सशस्त्र सीमा बल के एण्टी हयूमन ट्रैफिकिंग के 45 अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य विषय विशेषज्ञ रविकान्त, एडवोकेट, सर्वोच्च न्यायालय, अरूण पाण्डेय फाउण्डर अर्ज संस्था , गोवा, विषय विशेषज्ञों द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा मानव तस्करी के क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उनके अनुभव एवं समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए मानव दुर्व्यापार के सम्बन्ध में पावर प्वाइण्ट प्रजेन्टेशन तथा आपसी संवाद के माध्यम से बहुत व्यापक, तथ्यात्मक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रत्न संजय, पुलिस महानिरीक्षक , सशस्त्र सीमा बल उपस्थित रहे।

## बसपा नेता अपने सहयोगियों के साथ सपा में शामिल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बसपा छोड़कर आए बरेली के वरिष्ठ बसपा नेता एवं पूर्व डीएफओ डॉ नसीम अहमद और उनके तमाम साथियों को आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। समाजवादी नीतियों तथा अखिलेश यादव के नेतृत्व से प्रभावित होकर डॉ नसीम अहमद, फैजुल्लनसीम, चेयरमैन नगर पालिका बहेड़ी के साथ मुख्यरूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तनवीर अहमद कादरी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सरदार सुच्चा सिंह, हीरा सिंह औलखा के अलावा तमाम ग्राम प्रधान, सभासद आदि भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चैधरी भी मौजूद थे। डॉ नसीम अहमद और उनके साथियों ने कहा है कि वे अखिलेश यादव के नेतृत्व में बहुमत की समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वे जनता के बीच समाजवादी पार्टी की सरकार के समय हुए कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बहेड़ीए बरेली के इन बसपा नेताओं के शामिल होने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# असम-मिजोरम सीमा पर तनाव, असम ने राजकीय शोक की घोषणा की

भाषा। गुवाहाटी

**असम सरकार** ने मिजोरम के साथ सीमा विवाद को ले कर हुए संघर्ष में पांच पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत पर मंगलवार से तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। इस बीच असम-मिजोरम सीमा पर तनाव बना हुआ है और सीमा से लगते कछार जिले के लोगों ने पड़ोसी राज्य की आर्थिक नाकेबंदी की धमकी दी है। असम सरकार ने एक आदेश जारी करने बताया कि राजकीय शोक की अवधि में राष्ट्र ध्वज आधा झुका रहेगा और सार्वजनिक मनोरंजन के कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद के सोमवार को अचानक खूनी संघर्ष में तब्दील हो जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधीक्षक समेत 60 अन्य घायल हो गए। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा से बातचीत की विवादित सीमा पर शांति सुनिश्चित करने की उनसे अपील की। शाह ने पिछले सप्ताह भी पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करके उनसे सीमा विवाद को हल करने की अपील की थी।

इस वर्ष मई में नगालैंड-असम सीमा पर गोलीबारी के चलते इसी प्रकार का तनाव पैदा हो गया था। उस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। सरमा ने सिलचर में मंगलवार को पांचों पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया, असम पुलिस के वीर कर्मियों की मौत से हम बेहद शोकाकुल है। मैं सिलचर पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया था और मैंने वहां पांचों शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को सलाम करता हूं। इससे पहले वह सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गए और उन्होंने संघर्ष में घायल पुलिकर्मियों से मुलाकात की।

कछार के पुलिस अधीक्षक वैभव चंद्रकांत निम्बालकर को वायु सेना की एयर एंबुलेंस से मुंबई के एक अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री अंतर राज्ईय सीमा पर भी जा सकते हैं जहां हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने ट्वीट किया, हम शहीद हुए हमारे सहयोगियों के परिवारों की मदद के लिए जो संभव होगा, करेंगे। घायलों की पूरी देखभाल की जाएगी। दोषियों को न्याय के दायरे में लाने और असम की संवैधानिक सीमा की अखंडता की रक्षा के लिए सभी कानूनी और संचालनात्मक कदम उठाए जाएगें। उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि असम के पुलिसकर्मियों पर गोली चलाने वाले मिजो पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

काबूगंज और ढोलई इलाके के लोगों ने किसी भी वाहन को पड़ोसी राज्य में जाने से रोकने के लिए मंगलवार सुबह नौ बजे से मिजोरम की ओर जाने वाली सड़कों को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता जाबिर हुसैन लस्कर ने बताया कि सीमावर्ती कस्बों और गांवों के लोग भी बुधवार से अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी शुरू करेंगे। असम सरकार से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। द बराक डेमोक्रेटिक फ्रंट (बीडीएफ) के मुख्य संयोजक प्रदीप दत्ता रॉय ने कहा कि बीडीएफ ने भी लैलापुर में असम पुलिस के छह जवानों और एक आम नागरिक की हत्या के विरोध में बुधवार को 12 घंटे के बराक घाटी बंद का आह्वान किया है।

## असम-मिजोरम सीमा पर हिंसा सरमा की विफलता, गृह मंत्रालय की जिम्मदोरी छोड़ेंः सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने असम-मिजोरम सीमा पर भड़की हिंसा को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की विफलता करार देते हुए कहा कि सरमा को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी छोड़ देनी चाहिए। असम की बारपेटा से सांसद खालिक ने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री समाज का ध्रुवीकरण करने की बजाय शासन पर ध्यान देते हुए यह दुखद घटना नहीं घटती। असम पुलिस के कई जवानों और अधिकारियों की जान चली गई। यह घटना मुख्यमंत्री की विफलता है। अगर वह समाज का ध्रुवीकरण करने की बजाय शासन पर ध्यान देते तो यह दुखद घटना नहीं होगी। कांग्रेस सांसद ने कहा, मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और उन्हें गृह मंत्रालय का प्रभार छोड़ देना असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद के सोमवार को अचानक खूनी संघर्ष में तब्दील हो जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।



बेंगलुरु में कर्नाटक के भाजपा इंचार्ज अरुण सिंह और राज्य के भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा से मुलाकात करते हुए

# वनों की सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय जाएगा असम

**सिलचर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मिजोरम के साथ लगती सीमा पर संघर्ष में असम के पांच पुलिसकर्मियों एवं एक आम नागरिक की मौत होने और 60 अन्य लोगों के घायल होने की घटना के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार इनरलाइन फॉरेस्ट रिजर्व को नष्ट होने और अतिक्रमण से बचाने के लिए उच्चतम न्यायालय जाएगी।

सरमा ने सिलचर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपग्रह से प्राप्त चित्रों से पता चला है कि सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और झूम खेती के लिए जंगलों को साफ किया जा रहा है जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा, हम वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। झूम कृषि खेती का ऐसा तरीका है, जिसमें पहले खेतों से वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है। पूर्वोत्तर के अधिकतर राज्यों में ऐसा किया जाता है। सरमा ने कहा, विवाद भूमि को लेकर नहीं है, बल्कि मुद्दा आरक्षित वनों का अतिक्रमण है। वन क्षेत्रों में हमारी कोई बस्तियां नहीं हैं और अगर मिजोरम सबूत दे सकता है, तो हम तुरंत बाहर निकल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पड़ोसी राज्य असम की एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है, लेकिन सीमा की रक्षा की गई है, और हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करना जारी रखेंगे। असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद के सोमवार को खूनी संघर्ष में बदल जाने के बाद केंद्र ने दोनों राज्यों को सीमा चौकी से अपने बलों को हटाने का निर्देश दिया था। सरमा ने कहा, हमने ऐसा कर लिया है, लेकिन मिजोरम ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। हमारे पुलिस बल चौकी से 100 मीटर की दूरी पर तैनात हैं।

## आस्कर फर्नांडिस का ऑपरेशन किया गया, हालत स्थिर

**मंगलुरू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य ऑस्कर फर्नांडिस के मस्तिष्क में जमे एक थक्के को डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके निकाल दिया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ऑस्कर फर्नांडिस की सर्जरी सफल रही और उनकी स्वास्थ्य स्थिति अब स्थिर है। फर्नांडिस का यहां एनेपॉया स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी डायलिसिस भी हुई है। (आईसूयू) में हैं और विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। फर्नांडिस पिछले हफ्ते अपने घर पर योग करने के दौरान बेहोश हो गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कैथोलिक सभा के आध्यात्मिक निदेशक फादर मैथ्यू वास, बोंडेल चर्च के पादरी फादर एंड्रयू लियो डिसूजा, कैथोलिक सभा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष स्टैनी लोबो और अन्य सोमवार को अस्पताल गए थे और फर्नांडिस के परिवार के सदस्यों से बात की थी।

# केंद्र सरकार ने राज्यों से ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का विवरण मांगा

भाषा। नई दिल्ली

- कोविड 19 टीका परीक्षणों में भाग लेने वालों को कोविन के जरिए प्रमाणपत्र मिलेगा

**केंद्र ने** राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुईं मौतों का विवरण मांगा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी और कहा कि संबंधित सूचना मानसून सत्र के समाप्त होने से पहले संसद में रखी जाएगी। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुईं मौतों का विवरण मांगा है। सूचना जुटाकर इसे मानसून सत्र के समाप्त होने से पहले संसद में रखा जाएगा। पिछले सप्ताह, विपक्षी दलों ने सरकार पर तब निशाना साधा था जब उसने संसद को बताया था कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से किसी मौत की जानकारी नहीं दी है।

दूसरी ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि जिन लोगों ने कोविड के टीके के परीक्षणों में हिस्सा लिया था और जिन्हें प्लेसबो (प्रायोगिक दवा) नहीं, बल्कि टीके दिए गए थे, उन्हें कोविन के तहत कवर कर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्लेसबो एक ऐसा पदार्थ या उपचार है जिसका कोई चिकित्सीय महत्त्व नहीं है। एक सवाल के जवाब में कि क्या टीके के नैदानिक परीक्षण में भाग लेने वाले लोगों को कोविन द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा, मंत्रालय में संयुक्त सचिव, लव अग्रवाल ने कहा कि टीका परीक्षणों में भाग लेने वाले लोगों को पेपर सर्टिफिकेट दिए गए थे, लेकिन बाद में सवाल उठा कि क्या उन्हें कोविन के तहत भी कवर किया जाना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए एक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, "हमने आईसीएमआर से हमें उन लोगों की सूची देने के लिए कहा है जिन्होंने नैदानिक परीक्षणों में भाग लिया और उस सूची के आधार पर, कोविन पर उनके लिए प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। नैदानिक परीक्षणों में, कुछ लोगों को प्लेसबो दिया जाता है जबकि कुछ को टीका दिया जाता है इसलिए प्रमाण पत्र केवल उन्हीं लोगों के बनेंगे, जिन्हें टीके लगाए गए थे। कोविन कोविड टीकाकरण पंजीकरण के लिए एक वेब पोर्टल है। यह एक व्यक्ति को टीके की खुराक लेने पर एक डिजिटल प्रमाणपत्र उपलब्ध कराता है।

## क्विक न्यूज

### पेगासस जासूसी के आरोपों को नकारेगी सरकारः चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि सरकार तब तक जासूसी प्रकरण को नकारती रहेगी जब तक यह पता नही चल जाता कि इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का भारतीय ग्राहक कौन है। उन्होंने यह भी कहा कि इसका खुलासा भी जल्द होगा कि यह स्पाइवेयर किसने खरीदा है। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, भारतीय ग्राहक कौन है? क्या यह भारत सरकार है? क्या भारत सरकार की कोई एजेंसी है? क्या यह निजी इकाई है उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि ग्राहक के नाम का जल्द खुलासा होगा। तब तक सरकार जासूसी के आरोपों को नकारेगी। पिछले सप्ताह कुछ मीडिया संगठनों के अंतरराष्ट्रीय समूह ने कहा था कि भारत में पेगासस स्पाइवेयर के जरिए 300 से अधिक मोबाइल नंबरों की संभवतः निगरानी की गई। इसमें दो मंत्री, 40 से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी नेताओं के अलावा अनेक कार्यकर्ताओं के नंबर भी थे। सरकार इस मामले में विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज करती रही है।

### कर्नाटक में मादक पदार्थों के छह तस्कर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु से नाइजीरिया के दो नागरिकों समेत छह मादक पदार्थ तस्करों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 1.05 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि दो अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे गए और आरोपियों को एक्स्टसी की गोलियां, एमडीएमए, एलएसडी, मारिजुआना, कोकीन और याबा सहित पकड़ा गया। पहले मामले में, पुलिस के एक दल ने शहर के एलहांका इलाके में स्थित एक घर पर छापा मारा और नाइजीरिया के एक नागरिक तथा केरल के चार लोगों के पास से 55 लाख रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया। उन्होंने कहा कि विदेशी पर्यटक वीजा पर भारत आया था और देश में अवैध गतिविधियों में लिप्त हो गया। दूसरे मामले में, होरामावु इलाके से एक और नाइजीरियाई नागरिक को पकड़ा गया और उसके पास से 50 लाख रुपए का नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

### श्रीनगर में आतंकवादियों ने युवक की गोली मारकर हत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के नवाकदल इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, संदिग्ध आतंकवादियों ने दिन में करीब 11 बजकर 30 मिनट पर नवाकदल में शेख मीरन को उसके मोहल्ले में ही सिर में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि मीरन को एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन को मंजूरी दी

**पणजी।** गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के प्रमुख विजय सरदेसाई ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने राज्य में फरवरी 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन करने को मंजूरी दे दी है। सरदेसाई ने यहां पत्रकारों से कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की गोवा इकाई के प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने उन्हें सूचित किया है कि कांग्रेस आलाकमान ने दोनों दलों के बीच गठबंधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जीएफपी प्रमुख ने कहा, गठबंधन के प्रस्ताव को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। अब हमें बैठक कर गठबंधन की रूपरेखा पर निर्णय लेना है।

### एदियुरप्पा के समर्थक ने आहत होकर जान दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से बी एस एदियुरप्पा के इस्तीफे से आहत हो कर उनके एक समर्थक के कथित तौर पर आत्महत्या करली जिसपर एदियुरप्पा ने शोक जताया और कहा कि राजनीति में उतार और चढ़ाव आना आम बात है। उन्होंने अपने समर्थकों से इस तरह का कोई कदम नही उठाने की अपील की। खबरो के मुताबिक चामराजनगर जिले के गुंडलूपेट तालुका के बोम्मालपुरा का रहने वाला 30 साल का राजप्पा (रवि) मुख्यमंत्री पद से एदियुरप्पा के इस्तीफा देने से सदमें में था और उसने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एदियुरप्पा ने ट्वीट किया, ...इस खबर से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। राजनीति मे उतार, चढ़ाव आते है, इस तरह से जीवन समाप्त करना स्वीकार्य नही है। इसकी वजह से परिवार को जो नुकसान पहुंचा है, भरपाई कोई नही कर सकता।

### टीके की भारी कमी, केंद्र से करेंगे संपर्कः विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को कहा कि केरल उन राज्यो में शामिल है जहां टीकाकरण अभियान को बेहद प्रभावी तरीके से लागू किया गया है, इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि राज्य महामारी से लड़ने मे चुनौतियो का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री ने टीको की आपूर्ति के विषय पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया पर भी निशाना भी साधा। केंद्रीय मंत्री ने हाल मे कहा था कि दक्षिणी राज्य को आपूर्ति की गई टीके की खुराक मे से 10 लाख खुराक का इस्तेमाल नही किया गया है।



कोलकाता में मंगलवार को सवारी के इंतजार में बैठे रिक्शा चालक। पश्चिम बंगाल में अभी भी हाथ से रिक्शा खींचे जाते हैं

# रहमान के खिलाफ आतंक के आरोप प्रथम दृष्टया सही, याचिका खारिज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के करीबी सहयोगी एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता वहीद-उर-रहमान की जमानत याचिका पांच महीने में दूसरी बार एक विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आतंकवाद के आरोप इस समय प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होते हैं। स्थानीय विशेष एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) अदालत ने 24 पृष्ठों के अपने आदेश में हालांकि अभियोजन की इस दलील को अस्वीकार कर दिया कि उसे एक नई जमानत याचिका स्वीकार नहीं करनी चाहिए थी क्योंकि इससे पहले फरवरी में जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद से मामले में कुछ नया नहीं हुआ था। रहमान की जमानत याचिका खारिज करते हुए विशेष न्यायाधीश ने कहा, ...वर्तमान में मैं उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर इस बात से सहमत हूं कि आरोपी, वादी (रहमान) के खिलाफ लगाए गए आरोप इस समय प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होते हैं। अदालत ने रहमान की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश इस महीने के प्रारंभ मे पारित किया था लेकिन इसे सोमवार को उपलब्ध कराया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में दलील दी कि अब तक की गई जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपी और आतंकवादियों के बीच एक दूसरे को सीधे तौर पर और जानबूझ कर फायदा पहुंचाने वाले संबंध थ। अभियोजन ने दलील दी कि उनके सीमा पार संपर्क थे, जिनके उनके सहयोगियों और पाकिस्तान स्थित आकाओं तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों के होने का संदेह है, अलगाववादी आतंकवादी तथा ब्रिटेन और दुनिया के अन्य हिस्सों में मौजूद इस तरह के तत्व शामिल हैं। अभियोजन ने इस बात का भी जिक्र किया कि पर्रा ने विभिन्न माध्यमों से कई राष्ट्रविरोधी संगठनों को धन मुहैया कराया और उन्हें अपने पक्ष में किया तथा उनका इस्तेमाल अपने निजी एवं राजनीतिक फायदों के लिए समाज में वर्चस्व बनाने के लिए किया।

# विधायक के बेटों विवाह समारोहों के आयोजक के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक विधायक के दो बेटों के विवाह समारोहों के आयोजक के खिलाफ कोविड-19 संबंधी नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोलापुर के बार्शी कस्बे से निर्दलीय विधायक राजेंद्र राउत के दो बेटों के विवाह रविवार को लक्ष्मी सोपान कृषि उपज समिति के परिसर में हुए थे। राज्य में वर्तमान में केवल 50 लोगों को विवाह समारोह में शामिल होने की अनुमति है। रविवार को बार्शी में आयोजित कार्यक्रम में कथित रूप से 2,500-3,000 लोग शामिल हुए और कई लोगों को बिना मास्क के एवं सामाजिक दूरी के नियमों का उल्लंघन करते देखा गया।

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल और पार्टी के कुछ अन्य नेता भी समारोह में उपस्थित थे। पुलिस ने योगेश पवार नामक व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, आपदा प्रबंधन अधिनियम और महामारी रोग अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा है कि पवार ने इस समारोह का आयोजन किया था। प्राथमिकी के अनुसार, कार्यक्रम के लिए पवार को अनुमति देते समय यह सूचित किया गया था कि 50 से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोग मास्क पहनेंगे और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करेंगे। बार्शी के सामाजिक कार्यकर्ता दीनानाथ काटकर ने वर-वधू के माता-पिता के बजाय पवार के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसके बारे में अधिक लोग नहीं जानते हैं। मामला विवाह करने वाले लोगों के माता-पिता और उस परिसर के मालिक के खिलाफ दर्ज किया जाना चाहिए, जहां कार्यक्रम हुआ था।

# विधायक और मंत्री के बीच कथित विवाद सदन से बाहर गए स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के बीच कथित विवाद को लेकर विधानसभा में लगातार दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। वहीं गृहमंत्री के बयान के बाद मंत्री सिंहदेव सदन से बाहर चले गए। सिंहदेव ने कहा है कि वह सदन की कार्यवाही में तब तक शामिल नहीं होंगे, जब तक राज्य सरकार विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर स्पष्ट जवाब नहीं दे देती। राज्य के उत्तर क्षेत्र के रामानुजगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक बृहस्पति सिंह ने रविवार को आरोप लगाया था कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के इशारे पर सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में उनके काफिले के एक वाहन पर कथित तौर पर हमला किया गया। विधायक ने यह भी आरोप लगाया था कि मंत्री से उनकी जान को खतरा है।

विधायक के इस आरोप के बाद राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया और मामले की सदन की कमेटी से जांच कराने की मांग की। मंगलवार को राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस महीने की 24 तारीख को विधायक सिंह के काफिले के साथ हुई घटना के संबंध में सदन में बयान दिया।

गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक और भाजपा के अन्य विधायकों ने कहा कि गृह मंत्री के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री पर कांग्रेस विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र नहीं है। दोनों नेताओं को इस मामले पर सदन में बयान देने के लिए कहा जाना चाहिए। तभी विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि उन्हें विधायक या स्वास्थ्य मंत्री की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। वह किस आधार पर उन्हें इस मुद्दे पर बोलने के लिए कह सकते हैं। सदन में इस मुद्दे पर हंगामे के बीच अचानक सिंहदेव अपने स्थान पर खड़े हुए और कहा, अब बहुत हो गया। मैं भी एक इंसान हूं। मेरी छवि के बारे में सभी जानते हैं।

सिंहदेव ने विधानसभा अध्यक्ष की ओर देखते कहा, आपके निर्देश पर कल मुख्यमंत्री ने हमें अपने कक्ष में बुलाया था और (कथित विवाद पर) चर्चा हुई। उसके बाद भी इतना सीमित बयान (गृह मंत्री की ओर से) सदन के सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं इस स्थिति में हूं कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं देती, तब तक मैं सदन में ना आऊं। मैं खुद को इस सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए तब तक योग्य नहीं मानता जब तक कि सरकार मेरे संदर्भ में एक स्पष्ट उत्तर न दे दे। इसके बाद सिंहदेव सदन से बाहर चले गए। बाद में उन्होंने मीडिया से बात करने से मना कर दिया और विधानसभा परिसर से भी चले गए।



कोलकाता में सावन माह में भगवान शिव की विशाल मूर्ति को साफ करता हुआ कर्मचारी

# किर्लोस्कर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का निर्देश दिया

**भाषा**। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को संपत्ति से संबंधित किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के पारिवारिक विवाद में यथास्थिति का आदेश दिया। केबीएल के सीएमडी संजय किर्लोस्कर ने बंबई उच्च न्यायालय के मध्यस्थता के निर्देश को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई में उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया।

शीर्ष न्यायालय द्वारा दिया गया यथास्थिति का आदेश इस मामले में पुणे की निचली अदालत में चल रहने एक मुकदमे पर भी लागू होगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने संजय किर्लोकर की अपील पर मामले में शामिल पक्षों से मध्यस्थता की संभावना तलाशने के लिए कहा और उन्हें नोटिस जारी कर छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि हम दोनों (न्यायाधीश) महसूस करते हैं कि यह (किर्लोस्कर) प्रतिष्ठित परिवारों और कंपनियों में से एक है। हमें लगता है कि मध्यस्थता से मुद्दों को सुलझाना कंपनी के हित में है।

पीठ ने आगे कहा कि आप दीवानी अदालतों में मुकदमेबाजी से परिचित हैं। मैं व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। सभी वकील एक साथ बैठकर कोई रास्ता निकाल सकते हैं और अगर आप कुछ बाहरी सहायता चाहते हैं तो हम कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश नियुक्त कर सकते हैं। क्यों आप अनावश्यक रूप से इस मुकदमे को लड़ना चाहते हैं? आपके पास वैकल्पिक समाधान हो सकते हैं। कुछ साझा पारिवारिक मित्र होंगे, और वे मध्यस्थता कर सकते हैं।

किर्लोस्कर भाइयों – संजय, अतुल और राहुल के बीच 2009 में हुए एक पारिवारिक समझौते के तहत संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद है। इसे लेकर संजय किर्लोस्कर ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। संजय इस मामले में समाधान के लिए मध्यस्थता के बजाय पुणे सिविल कोर्ट का रुख करना चाहते हैं।

## संस्थागत निवेशकों ने हुडको के शेयर को हाथों-हाथ लिया

**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र के हुडको के शेयर के लिए सरकार की बिक्री पेशकश को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और इसके लिए अधिक आवेदन आ गए। बिक्री पेशकश के तहत 9.90 करोड़ शेयर रखा गया था। जबकि संस्थागत निवेशकों ने दोपहर 2.30 बजे तक 12.59 करोड़ शेयर के लिए बोलियां लगाई। यह कुल पेशकश का 1.27 गुना है। इसके लिए बाजार बंद होने तक बोली लगाई जा सकती थी। सरकार हुडको में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी 45 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बेच रही है। संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को बोली लगाई जबकि खुदरा निवेशकों के लिए यह बुधवार को खुलेगा। कुल 16.01 करोड़ शेयर यानी 8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने से सरकारी खजाने को करीब 720 करोड़ रुपए मिलेंगे। बिक्री पेशकश में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी या 11.01 करोड़ शेयर रखा गया है।

# बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 273 अंक लुढ़का

**भाषा**। मुंबई







**स्थानीय** शेयर बाजारों में बिकवाली दबाव से मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स 273 अंक से अधिक लुढ़क गया। कंपनियों के तिमाही परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने और चीन में प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ नियामकीय कार्वाई के बाद एशियाई बाजारों में बिकवाली से धारणा प्रभावित हुई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई30 सेंसेक्स शुरू में बढ़त पर था। पर बाद में यह दबाव में आ गया। अंत में यह 273.51 अंक यानी 0.52 प्रतिशत लुढ़क कर 52,578.76 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 78 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,746.45 अंक पर बंद हुआ। डॉ रेड्डीज का शेयर 10.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में रहा। खर्च बढ़ने से कंपनी का एकीकृत लाभ जून 2021 को समाप्त तिमाही में 36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 380.4 करोड़ रुपए रहने की खबर से शेयर टूटा।

इसके अलावा एक्सिस बैंक, सन फार्मा, कोटक बैंक, एचडीएफसी और आईटीसी 3.23 प्रतिशत तक नीचे आए। दूसरी तरफ टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया और एल एंड टी समेत अन्य शेयर लाभ में रहें। इनमें 2.50 प्रतिशत तक की तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि चीन सरकार की नीतियों के साथ वहां के बाजारों में वैश्विक कोषों की बिकवाली से निवेशकों में घबराहट आई और घरेलू बाजार में तेजी जाती रही। हालांकि यह सबको पता है कि इसका भारत पर सकारात्मक असर भी होगा। उन्होंने कहा कि बैंक और दवा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली देखी गई। इसका कारण कुछ औषधि कंपनियों को लेकर नकारात्मक खबरों का होना है। दूसरी तरफ कपड़ा निर्यातकों और कॉफी वायदा मजबूत होने से कॉफी कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, घरेलू बाजार पर मंदड़िए हावी रहे। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और दवा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार शुरूआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया।

# चीन ने भारतीय वाणिज्यिक जहाजों के प्रवेश पर रोक की खबरों को खारिज किया

**भाषा**। बीजिंग

**चीन** ने भारतीय नाविकों (क्रू) वाले वाणिज्यिक जहाजों पर गैर-आधिकारिक प्रतिबंध की खबरों को खारिज किया है। चीन ने कहा है कि उसने अपने बंदरगाहों पर भारतीय क्रू वाले वाणिज्यिक जहाजों के लंगर डालने पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई है और इस तरह की खबरें सहीं नहीं हैं। गैर-आधिकारिक प्रतिबंध संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि संबंधित विभागों से विचार-विमर्श के बाद यह तथ्य सामने आया है कि चीन ने इस तरह का कोई अंकुश नहीं लगााया है। उन्होंने कहा कि मीडिया में आईं इस तरह की खबरें सही नहीं हैं। इससे पहले अखिल भारतीय नाविक और सामान्य श्रमिक संघ ने हजारों भारतीय नाविकों की नौकरियों को बचाने के लिए केंद्र सरकार की मदद मांगी थी। संघ का कहना था कि कंपनियां उन्हें चीन जाने वाले जहाजों के लिए भर्ती नहीं कर रही हैं। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को लिखे एक पत्र में नाविक के निकाय ने दावा किया है कि इस कारण से 20,000 से अधिक नाविक घर पर हैं। यूनियन ने अपने ट्विटर हैंडल पर डाले गए पत्र में कहा, मार्च, 2021 से कोई भी जहाज चीन के बंदरगाह पर पहुंच रहा है और उस पर यदि भारतीय नाविकों का दल है तो सरकार उन जहाजों को प्रवेश की अनुमति नहीं दे रही है।

## कुवैती पेट्रोलियम कंपनी को 60 करोड़ डालर का भुगतान

**भाषा**। बर्लिन

**संयुक्त** राष्ट्र की एक समिति ने तीन दशक पहले इराक द्वारा कुवैत पर हमले तथा कब्जे के मामले में कुवैती राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी को 60 करोड़ डॉलर का मुआवजा दिया है। संयुक्त राष्ट्र के मुआवजा आयोग ने मंगलवार को कहा कि उसने 2005 में सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा हमलों से संबंधित मामलों में करीब 15 लाख दावों को मंजूरी दी थी और अबतक 51.3 अरब डॉलर का भुगतान किया जा चुका है।

1990-91 में इराक के हमले के दौरान कुवैत के पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने 14.7 अरब डॉलर के तेल उत्पादन और बिक्री नुकसान का दावा किया और उसे इसमें सफलता मिली थी। इस मामले में कॉरपोरेशन एकमात्र दावा करने वाली इकाई और शेष 1.1 अरब डॉलर की राशि भी उसे प्राप्त होगी।

# इफ्को किसान संचार की पशुचारा बिक्री में 30 प्रतिशत का इजाफा

**भाषा**। नई दिल्ली

**इफ्को** किसान संचार ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद मजबूत मांग के बीच चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में उसकी मवेशियों के चारे की बिक्री 29.73 प्रतिशत बढ़कर 49.13 करोड़ रुपए की हो गई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्तवर्ष 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मवेशियों के चारे की बिक्री 37.87 करोड़ रुपए की हुई थी। इसमें कहा गया है कि मात्रा के लिहाज से मवेशी के चारे की बिक्री 28.24 फीसदी बढ़कर 24,756 टन हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 19,303 टन की हुई थी। इफ्को किसान संचार नेशनल के बिक्री प्रमुख, गणेश दास ने कहा ने कहा कि अप्रैल-जून 2021 के दौरान कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से बाजार में कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमें यह घोषणा करते हुए खुशी है कि हमने पहली तिमाही में अपने पशु चारा व्यवसाय में एक सराहनीय वृद्धि हासिल किया है। उन्होंने कहा कि जून में कारोबार शुरू हुआ क्योंकि कोरोनोवायरस के मामले घट रहे थे और कंपनी ने अकेले उसी महीने 10,000 टन पशु चारा बेचा। दास ने कहा कि बिक्री में वृद्धि, गुणवत्ता वाले पशु आहार के उपयोग के बारे में किसानों में जागरूकता बढ़ने के कारण हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इफको किसान पशु चारा उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्मित होता है और इसके परिणामस्वरूप कंपनी को देश भर में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वित्तवर्ष 2020-21 में अपने संचालन के पहले पूर्ण वर्ष में, कंपनी ने 160 करोड़ रुपए मूल्य का एक लाख टन पशु चारा बेचा था। दिल्ली स्थित कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रायोगिक आधार पर मिश्रित पशु चारा व्यवसाय में प्रवेश किया। यह इफ्को किसान के कुल कारोबार में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देता है और कंपनी के विकास का एक प्रमुख केंद्र है। इफ्को किसान, जो वर्तमान में कई तीसरे पक्ष के निर्माताओं से पशु चारा खरीदता है, वह अपने गठजोड़ को और व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है और अपनी खुद की चारा निर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है।

# रियल एस्टेट कंपनियों को आगामी वर्षों में को-वर्किंग को-लिविंग क्षेत्रों से बड़ी उम्मीद

**भाषा**। नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के बीच बड़े उपक्रमों से लचीले कार्यस्थलों की मांग तेज है, लेकिन घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की अवधारणा की वजह से को-लिविंग खंड प्रभावित हुआ है। इसकी वजह यह है कि शैक्षणिक संस्थान महामारी की वजह से बंद हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। रियल्टी कंपनियों के निकाय नारेडको तथा उसके ज्ञान भागीदार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने मंगलवार को को-वर्किंग और को-लिविंग पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार को संबोधित करते हुए नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि यदि आईटी क्षेत्र लचीले कार्यस्थल की ओर रुख करता है, तो को-वर्किंग क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। अभी यह क्षेत्र अपने खुद के कार्यालय परिसर को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि को-लिविंग खंड के रूप में विद्यार्थियों के लिए आवास अगले एक-दो साल में काफी बड़ा क्षेत्र होगा। हीरानंदानी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान इतने बड़े स्तर पर हॉस्टल का निर्माण नहीं कर पाएंगे। वे को-लिविंग परिचालकों के साथ भागीदारी करना पसंद करेंगे। कुशमैन एंड वेकफील्ड के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया) अंशुल जैन ने कहा कि इस समय को-वर्किंग क्षेत्र पहले की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इस अनिश्चित समय में को-वर्किंग क्षेत्र कंपनियों की जरूरत है।

## सरकार ने फ्रांसीसी अदालत के फैसले की पुष्टि की

**नई दिल्ली**। सरकार ने एक फ्रांसीसी अदालत द्वारा ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी की याचिका पर पेरिस में कुछ भारतीय परिसंपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश की पुष्टि की है। पिछली तारीख से कर मामले में एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने केयर्न के पक्ष में फैसला दिया था। इस फैसले के बाद केयर्न एनर्जी भारत सरकार से 1.72 अरब डॉलर की वसूली का प्रयास कर रही है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय पंचाट द्वारा केयर्न एनर्जी पर पिछली तारीख से 10,247 करोड़ रुपए के कर के आदेश को रद्द करने के फैसले को चुनौती दी है उन्होंने कहा कि फ्रांस की एक अदालत ने केयर्न एनर्जी से संबंधित मामले में भारत की कुछ परिसंपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया है। हालांकि मंत्री ने इन संपत्तियों की पहचान नहीं बताई। इससे पहले इसी महीने खबर आयी थी कि इन 20 संपत्तियों में से ज्यादातर फ्लैट हैं। इनका मूल्य दो करोड़ यूरो से अधिक है।

# किराए और क्षमता की सीमा से भारतीय विमानन क्षेत्र का पुनरुद्धार प्रभावितः आईएटीए

**भाषा**। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** हवाई यातायात संघ (आईएटीए) ने कहा है कि सरकार द्वारा पिछले साल मई से एयरलाइंस पर किराए तथा क्षमता की जो सीमा लगाई गई है, उससे भारतीय विमानन क्षेत्र का पुनरुद्धार प्रभावित हो रहा है। वैश्विक एयरलाइंस के निकाय आईएटीए के महानिदेशक विली वाल्श ने यह बात कही। भारत ने पिछले साल कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के बाद 25 मई को दो माह बाद अनुसूचित घरेलू उड़ान सेवाएं फिर शुरू की थीं। उस समय विमानन कंपनियों को कोविड-19 से पूर्व की 33 प्रतिशत क्षमता पर परिचालन की अनुमति दी गई थी। इस सीमा को धीरे-धीरे बढ़ाया गया। अब एयरलाइंस को अपनी सीटों की 65 प्रतिशत क्षमता पर परिचालन की अनुमति है। वाल्श ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिना किसी संदेह के भारत में बाजार में इस समय मांग क्षमता से अधिक है। यदि क्षमता पर अंकुशों को हटा लिया जाता है, तो भारत में निश्चित रूप से अधिक उड़ानों की मांग रहेगी। अभी विमानन कंपनियां करीब 1,700 दैनिक उड़ानों का परिचालन कर रही हैं। यह महामारी पूर्व के 55 प्रतिशत के बराबर है। वाल्श ने कहा कि क्षमता पर अंकुश के अलावा भारत ने पिछले साल 25 मई से विमान किरायों की निचली और ऊपरी सीमा भी तय की है। यह सीमा आज भी लागू है। उन्होंने कहा कि किराए की सीमा से प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है। सभी एयरलाइंस का लागत का आधार भिन्न होता है और वे बाजार में भिन्न कीमतों पर क्षमता की पेशकश में सक्षम होती हैं।

## दो साल में 6,600 करोड़ रुपए निवेश करेगी वेदांता

**नई दिल्ली**। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता ने मंगलवार को कहा कि वह बाल्को की स्मेल्टर क्षमता बढ़ाने के लिए अगले दो साल में 6,611 करोड़ रुपए निवेश करेगी। भारत एल्युमीनियम कंपनी (बाल्को) वेदांता समूह की कंपनी है।

इसके अलावा ओड़िशा के झारसुगुडा में कंपनी का कार्बन संयंत्र कारोबार 635 करोड़ रुपए की लागत से एक नया कार्बन संयंत्र स्थापित करेगा। वेदांता ने एक बयान में कहा, कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी की स्मेलटर क्षमता बढ़ाएगी। इसके लिए अगले डेढ़ से दो साल में 6,611 करोड़ रुपए निवेश करेगी। इससे बाल्को की स्मेल्टर क्षमता 441 किलो टन सालाना बढ़कर करीब 10 लाख टन पहुंच जाएगी। वेदांता समूह के सीईओ सुनील दुग्गल ने कहा, बाल्को का विस्तार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। हमें अगले 18-24 महीनों में स्मेल्टर क्षमता में वृद्धि की उम्मीद है। इस विस्तार के बाद वेदांता की एल्युमीनियम क्षमता बढ़कर 28 लाख टन हो जाएगी।

# यूको बैंक का शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक होकर 102 करोड़ रुपए पहुंचा

**भाषा**। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के यूको बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में चार गुना से अधिक होकर 101.81 करोड़ रुपए रहा। फंसे कर्ज में उल्लेखनीय रूप से कमी से बैंक का लाभ बढ़ा है। इससे पूर्व वित्त वर्ष की 2020-21 की इसी तिमाही में बैंक को 21.46 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। इससे पूर्व मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 80.03 करोड़ रुपए था। यूको बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,539.08 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 4,436.57 करोड़ रुपए थी। हालांकि यह मार्च 2021 को समाप्त तिमाही की आय 4,936.75 करोड़ रुपए के मुकाबले कम है।

बैंक का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) या फंसा कर्ज जून, 2021 को समाप्त तिमाही में घटकर कुल ऋण का 9.37 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 14.38 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से सकल एनपीए 11,321.76 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले जून 2020 को समाप्त तिमाही में 16,576.43 करोड़ रुपए था। शुद्ध एनपीए आलोच्य तिमाही में 3.85 प्रतिशत (4,387.25 करोड़ रुपए) रहा जो एक साल पहले 2020-21 की पहली तिमाही में 4.95 (5,138.18 करोड़ रुपए) प्रतिशत था।

### कैनरा बैंक का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली**। कैनरा बैंक ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़कर 1,177.47 करोड़ रुपए रहा। अवरुद्ध ऋण खातों में कमी से बैंक को लाभ में मदद मिली है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 406.24 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कैनरा बैंक ने पिछले वर्ष अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सिंडिकेट बैंक को एक अप्रैल, 2020 से अपने आप में समाहित कर लिया था। कैनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी आय बढ़कर 21,210.06 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 20,685.91 करोड़ रुपए थी। इस दौरान बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) घटकर 8.50 प्रतिशत रह गई। जो अप्रैल-जून 2020 तिमाही में 8.84 पर प्रतिशत थी।

## अमेरिकी संगठन ने भारत के ग्रामीण इलाकों लिए भेजे चिकित्सीय उपकरण

**नई दिल्ली**। अमेरिका के सहायता संगठन स्पिरिट ऑफ अमेरिका ने कोरोना वायरस महामारी से राहत और बचाव के लिए भारत के ग्रामीण हिस्सों में चिकित्सा केंद्रों के लिए आक्सीजन कंसन्ट्रेटर और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की है। संगठन के एक बयान में कहा गया है कि यह सहायता, चिकित्सा उपकरण कंपनी इंपीरेटिव केयर के अध्यक्ष तथा सीईओ फ्रेड खोसरावी तथा कंपनी के कर्मचारियों से मिले अंशदान के जरिए पहुंचाई गई है। यह योगदान भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान देश में चिकित्सा की बुनियादी ढांचागत सुविधाएं बढाने के लिए सरकार द्वारा घोषित पैकेज में इजाफा करेगी। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास और दो वैश्विक संगठनों – दि इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ह्यूमन वैल्यूज़ और अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के साथ मिलकर स्पिरिट ऑफ इंडिया 320 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर सहित अन्य चिकित्सा सहायता 10 राज्यों में भेज रहा है।

# पेज 1 का शेष

## टीका लगने...

खिलाफ सुरक्षा प्रदान के लिए महत्वपूर्ण है। मधुमिता ने कहा कि हमने पाया कि दो से तीन महीने में एंटीबॉडी के स्तर में काफी गिरावट आई है। शोधकर्ता ने बताया कि 18 साल से अधिक आयु के 600 से अधिक सभी समूह के लोगों को जिनमें सभी उम्र सीमा या लिंग के लोग, पुरानी बीमारी को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने इस बात पर फोकस किया कि एंटीबॉडी के स्तर में क्लीनिकल प्रभाव के बारे में अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि एंटीबॉडी में कुछ गिरावट की उम्मीद के साथ यह गंभीर बीमारी में वैक्सीन के प्रभावी रहने की उम्मीद है। यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स के प्रोफेसर रॉब एल्ड्रिज ने कहा कि जब बूस्टर खुराक देने के लिए प्राथमिकता वाले लोगों को छांटने की बात आई तो पाया गया कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लगवाने वालों में एंटीबॉडी स्तर कम है। रॉब एल्ड्रिज ने अपने बयान में कहा कि जिन लोगों को एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का टीका लगाया गया था, उनमें फाइजर वैक्सीन के टीके लगने वालों की तुलना में बहुत कम एंटीबॉडी स्तर मिला। बूस्टर को रोल आउट करते समय किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर भी विचार करने की आवश्यकता हो सकती है।

## मोदी से...

स्वाभाविक रूप से, अपने आप हो जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा के खिलाफ विपक्ष का नेतृत्व करेंगी, बनर्जी ने कहा , देश विपक्ष का नेतृत्व करेगा, हम सब समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र खत्म होने और कोरोना वायरस महामारी की स्थिति सामान्य होने पर वह सभी विपक्षी सदस्यों से मिलेंगी। अपने इस बयान से उन्होंने यह संकेत दिया है कि उनकी एक और यात्रा जल्द हो सकती है। इस बार उनकी बैठक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जैसी नेताओं के साथ होनी है जिन्होंने उन्हें चाय पर बुलाया है। बनर्जी ने कहा, उन्होंने मुझे कल चाय पर चर्चा के लिए बुलाया है। इनमें से कई नेता मेरे पुराने मित्र हैं। हम पुराने और नए समय पर चर्चा करेंगे। मैं परसो अरविंद केजरीवाल से मिलूंगी। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने भी वक्त मांगा है, मैंने उनके लिए वक्त निर्धारित किया है। मैं कल अपनी पार्टी के सांसदों से मिलूंगी। मैंने आज कांग्रेस नेता कमल नाथ, आनंद शर्मा और अभिषेक मनु सिंघवी से मुलाकात की। उनकी सूची में एक नाम नजर नहीं आ रहा है और वह हैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार का। बनर्जी ने कहा, मैंने शरद पवार से बात नहीं की है। मैं मॉनसून सत्र के बाद उनसे मिलूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति से भी मिलना चाहती हैं लेकिन उन्हें यह बताया गया है कि उन्हें इसके लिए पहले आरटी-पीसीआर जांच करानी होगी। उन्होंने कहा कि यह अभी मुश्किल है।

## लगातार छठे...

को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। ज्ञात हो कि विपक्षी दल पेगासस जासूसी विवाद और तीन कृषि कानूनों सहित अन्य मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा कर रहे हैं। इस वजह से मानसून सत्र का पहला सप्ताह पूरी तरह हंगामे की भेंट चढ़ गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल जानबूझकर ऐसा व्यवहार कर रहे है ताकि सरकार गतिरोध दूर करने के अपने प्रयासों में सफल ना हो। इस कड़ी में उन्होंने सरकार की ओर से गतिरोध दूर करने के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री द्वारा कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस द्वारा बहिष्कार किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस खुद तो कर ही रही है, अन्य विपक्षी दलों को भी इसके लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सांसदों से कहा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के इस रवैए की जनता के समक्ष पोल खोलने की आवश्यकता है।

## राकेश अस्थाना...

के बाहर एक आईपीएस अधिकारी को दिल्ली पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया हो। आमतौर पर, अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर से संबंधित किसी अधिकारी को इस पद पर नियुक्त किया जाता है। 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी अस्थाना ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष निदेशक के रूप में कार्य किया था। सीबीआई में अपने कार्यकाल के दौरान तत्कालीन सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा के साथ उनका विवाद चर्चा में रहा था।

## संसदीय पैनल...

में 4जी कनेक्शन को लेकर कई बार तकरार हो चुकी है। इस बीच, लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आईटी पर 32 सदस्यीय संसदीय स्थायी समिति की बुधवार को बैठक होने वाली है। इसके लिए सूचीबद्ध एजेंडा नागरिकों की डेटा सुरक्षा और गोपनीयता है। बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी, गृह एवं संचार मंत्रालय के अधिकारियों को तलब किया गया है। बैठक शाम चार बजे होगी। पेगासस जासूसी के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को लगातार छठे दिन भी कोई कामकाज नहीं हुआ। थरूर ने कहा कि नागरिक डेटा गोपनीयता और सुरक्षा का विषय समिति का एक स्वीकृत एजेंडा है और इसी को लेकर हमने पिछले साल नवंबर-दिसंबर में पेगासस मुद्दे पर चर्चा की थी।

## तेज बारिश...

की जानकारी दी, जहां इसके कारण यातायात प्रभावित हुआ है। यातायात पुलिस ने कहा, जलजमाव के कारण कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन 100 फुटा कैरिजवे की ओर यातायात प्रभावित है। बदरपुर से महरौली की ओर आने वाले यातायात को प्रह्लादपुर पुल के पास जलजमाव के कारण मथुरा रोड की ओर मोड़ दिया गया है। यातायात पुलिस ने बताया कि ओखला मंडी के पास, तमिल संगम मार्ग से आरके पुरम की ओर तथा हयात रीजेंसी से सीएनजी पंप के पास आरके पुरम सेक्टर-12 तक यातायात प्रभावित है। मौसम विभाग ने सामान्य रूप से बादल छाए रहने के साथ ही मध्यम बारिश होने और शाम तक 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने, गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतम तापमान के 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## जुलाई के...

समय से 16 दिन देरी से 13 जुलाई को मानसून आने के बावजूद राजधानी में इस महीने अब तक 14 दिन ऐसे दर्ज किए गए हैं, जब बारिश हुई है।

# नैनो यूरिया उत्पादन के लिए इफको, नेशनल फर्टिलाइजर्स, राष्ट्रीय केमिकल्स के बीच समझौता

**भाषा**। नई दिल्ली

**नेशनल** फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स ने तरल नैनो यूरिया के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को लेकर सहकारी समिति इफको के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएफएल और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) ने तरल नैनो यूरिया की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत इफको बिना किसी रॉयल्टी के एनएफएल और आरसीएफ के तरल नैनो यूरिया की प्रौद्योगिकी हस्तातंरित करेगी। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया और रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री भगवंत खुबा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन और अन्य संबंधित समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। बयान के अनुसार, इफको किसानों के बीच नैनो यूरिया का उपयोग बढ़ाने के लिए इन समझौता ज्ञापनों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र की उर्वरक कंपनियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करेगी। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से उत्पादन बढ़ेगा जिससे आपूर्ति में निरंतरता सुनिश्चित होगा और अधिक-से-अधिक किसान इसे अपनाएंगे। इससे किसानों के साथ-साथ सरकार के लिए सब्सिडी की बचत होगी। एनएफएल और आरसीएफ किसानों को नैनो यूरिया आपूर्ति बढ़ाने के लिए नए उत्पादन संयंत्र लगाएंगे। मंडाविया ने कहा कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर देश के किसानों के हितों को ध्यान देने और देश को उर्वरक में आत्मनिर्भर बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, इफको द्वारा बनाए गए नैनो यूरिया में देश में कृषि के लिए पासा पलटने वाला साबित होने की क्षमता है। भारत नैनो यूरिया का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।

# मुक्केबाज लवलीना क्वार्टरफाइनल में

# बैडमिंटन में भारतीय जोड़ी जीत के बावजूद बाहर

## ● शरत कमल, सौरभ चौधरी, मनु भाकर हारे



जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज से मुकाबला करतीं भारत की लवलीना

**भाषा** । टोक्यो

**भारत** के लिए निशानेबाजी में सबसे बड़ी पदक उम्मीद मनु भाकर और सौरभ चौधरी की जोड़ी के नाकाम रहने से पदक का इंतजार मंगलवार को भी जारी रहा, जबकि महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली देश की पहली मुक्केबाज बनी। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दुर्भाग्यशाली रही और पुरुष युगल के तीसरे मैच में दूसरी जीत दर्ज करने के बावजूद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।

टेबल टेनिस के पुरुष एकल के तीसरे दौर में अनुभवी शरत कमल ने गत विश्व और ओलंपिक चैंपियन चीन के मा लोंग के खिलाफ शिकस्त के बावजूद अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। भारत के लिए दिन का पहला नतीजा असाका रेंज से आया। सौरभ चौधरी और मनु भाकर की जोड़ी को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन क्वालीफिकेशन के पहले चरण में शीर्ष पर रहने के बाद दूसरे चरण में यह जोड़ी लय में नहीं दिखी और आखिर में उन्हें 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

इस भारतीय जोड़ी ने पहले चरण में 582 अंक बनाए थे। सौरभ और मनु ने शुरू में कुछ उम्मीदें जगाई थी लेकिन सौरभ को मनु से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला जिससे टीम की पदक की उम्मीदें समाप्त हो गई। सौरभ ने दूसरे चरण में 194 (96 और 98) अंक बनाए लेकिन मनु 186 (92 और 94) अंक ही बना सकी। इस तरह से यह भारतीय जोड़ी 380 के कुल स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल की एक अन्य भारतीय जोड़ी इस स्पर्धा के पहले चरण में 564 अंक के साथ 17वें स्थान पर रहने के कारण शुरू में ही बाहर हो गई। चोटी की आठ टीमें ही दूसरे चरण के क्वालीफिकेशन में प्रवेश करती हैं। भारत की दो जोड़ियों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी हिस्सा लिया था लेकिन वे क्वालीफिकेशन के पहले चरण से भी आगे नहीं बढ़ पाई।

इलावेनिल वालारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार की जोड़ी 626.5 अंक बनाकर 12वें तथा अंजुम मोदगिल और दीपक कुमार की जोड़ी 623.8 अंक बनाकर 29 जोड़ियों के बीच 18वें स्थान पर रही। ओलंपिक में पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। मुक्केबाजी रिंग में उतरने वाली लवलीना मंगलवार को एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहीं और उन्होंने प्रशंसकों को निराश नहीं किया।

पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही लवलीना प्रीक्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज को कड़े मुकाबले में 3–2 से हराकर भारत की नौ सदस्यीय टीम से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनी। बैडमिंटन पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने मुसाशिनो फॉरेस्ट स्पोर्ट्स प्लाजा में ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 44 मिनट चले मुकाबले में 21–17, 21–19 से हराकर ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की। चीनी ताइपे की यैंग ली और ची लिन वैंग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने हालांकि मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को 21–18, 15–21, 21–17 से हरा दिया जिससे सात्विक और चिराग टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

भारत, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे तीनों जोड़ियों ने दो–दो जीत दर्ज की थी लेकिन चीनी ताइपे और इंडोनेशिया की जोड़ियां ग्रुप चरण में गेम जीतने और हारने के बीच बेहतर अंतर के कारण शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में पहुंचने में सफल रही। इंडोनेशिया की जोड़ी का गेम अंतर प्लस तीन, चीनी ताइपे का प्लस दो और भारत का प्लस एक रहा।



सौरभ चौधरी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जापान | 10 | 3 | 5 | 18 |
| 2. | अमेरिका | 9 | 8 | 8 | 25 |
| 3. | चीन | 9 | 5 | 7 | 21 |
| 4. | रूस | 7 | 7 | 4 | 18 |
| 5. | ब्रिटेन | 4 | 5 | 4 | 13 |
| 6. | द. कोरिया | 3 | 2 | 5 | 10 |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 8. | कनाडा | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 9. | फ्रांस | 2 | 2 | 3 | 7 |
| 10. | जर्मनी | 2 | 0 | 3 | 5 |
| 39. | भारत | 0 | 1 | 0 | 1 |

# रूपिंदर ने दागे दो गोल भारत ने स्पेन को हराया

**भाषा** । टोक्यो

**ड्रैगफ्लिकर** रूपिंदर पाल सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में करारी शिकस्त से उबरकर जोरदार वापसी करते हुए टोक्यो ओलंपिक की पुरुष हाकी स्पर्धा के पूल ए में मंगलवार को यहां अपने तीसरे मैच में स्पेन को 3–0 गोल से हराया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ भारत की ओर से रूपिंदर (15वें और 51वें मिनट) ने दो जबकि सिमरनजीत सिंह (14वें मिनट) ने एक गोल दागा।

दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3–2 से हराकर विजयी शुरुआत की थी, लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में उसे 1–7 की करारी हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन की टीम अब तक टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है। टीम ने अपने पहले मैच में अर्जेन्टीना से 1–1 से ड्रा खेला था जब दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ 3–4 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत अपने अगले मैच में गुरुवार को गत ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना से भिड़ेगा।

मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया और शुरुआती 10 मिनट में गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखने में सफल रही। टीम हालांकि गोल करने का कोई वास्तविक मौका नहीं बना पाई। नौवें मिनट में भारत को बढ़त बनाने का मौका मिला लेकिन मनप्रीत के पास को सिमरनजीत गोल के अंदर डालने में विफल रहे। स्पेन की टीम धीरे–धीरे लय में लौटी और टीम ने 12वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जो बर्बाद गया। पहले क्वार्टर के अंतिम लम्हों में भारत ने हमले तेज किए। टीम को इसका फायदा भी मिला।

## मनिका बत्रा के खिलाफ कार्रवाई करेगा टीटीएफआई

**नई दिल्ली**। टोक्यो ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय से मदद लेने के मनिका बत्रा के इनकार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने अनुशासनहीनता करार देते हुए कहा कि अगले महीने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रमंडल खेल 2006 की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रॉय टोक्यो में चार सदस्यीय टीम के साथ अकेले कोच है। मनिका अपने निजी कोच सन्मय परांजपे को लेकर गई हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK LEYLAND ECOMET 1212- REG. NO. HR74A1718-YOM -2012
2) CB_ALECOMET1214 REG. NO. UP25CT6923-YOM-2018
3) EICHR_VECVVE1075FB REG. NO. UP45T2205 YOM -2012
4) EICHR_VECVVE1059FB REG. NO. DL1MA2627 YOM -2019
5) TATAMOTORSTATAXENON REG. NO. HR38Y6433 YOM -2018
6) EICHR_VECVVE1110CHTK REG. NO. HR69C2416 YOM -2018
7) TATAMOTORSTATALP709C REG. NO. DL1LAA7908 YOM -2017
8) SML SARTAJ REG. NO. DL1LY0901-YOM- 2017
9) TATA 709 REG. NO. HR67C3436-YOM -2018
10) EICHER1075 REG. NO. DL1LAC2230-YOM -2019
11) TACEGOLD REG. NO. DL1LAE4137-YOM -2020
12) TATAACE REG. NO. UP15ET8750-YOM -2020
13) TATA MOTOR ACE REG. NO. DL1LY3711-YOM -2017
14) SARTAJ_XM REG. NO. UP14GT9539-YOM -2018
15) VE1114FB- REG. NO. HR55AG3024-YOM -2019
16) ACE_ZIP_GD REG. NO. DL1LAB5528-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 07 DAYS AT
KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT: RAJESH ANTIL / NITESH MATHUR KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO.9711173320 /7838225565

**PUBLIC NOTICE**

I, Sujata Zutshi, my husband Shri Ajay Kumar Bamzai, R/o Flat No.503, Tower CG2, Sector-74 Noida, G.B. Nagar, passed away on 11 May 2021. I have requested Supertech Ltd. to transfer the flat number 1103, in Tower-CM1,IN SUPER TECH CAPETWON, GH01/A, SECTOR-74, NOIDA which was in my and his name,to the single name of me. If anyone has an objection, he/ she may contact Mr. Vaibhav Mittal of Supertech Limited., E Square, C-2, Sector 96, Noida, within 15 days of the publication of this notice.

**Sujata Zutshi, W/o Late Shri Ajay Kumar Bamzai**

**Public Notice**

General Public is hereby informed that my trust Little India Foundation Regd. Head Registration number: 1537. H. No.220 EA Block, Maya Enclave, Hari Nagar New Delhi – 110064. Trust has no relation what-so-ever with any other Society, trust, LLP, Private Limited, or any artificial judicial person with the same name & it has no other affiliates under the same name. Any person dealing with above trust will do so at his/her/their own risk and responsibilities. The trust will not be responsible for any act, deed or dealing done by other society, trust, LLP, Private Limited or artificial judicial person having name resembling Little India Foundation.

Trustee
Suman Arya

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Veero Rani is the owner of Property No. 8, area 100 sq., Yds., Khasra No. 20/23/1 & 20/22, Village Matiala, Uttam Nagar Extn, Part III, Jain Colony T Extn., Part III, Uttam Nagar, New Delhi "**Said Property**" by virtue of Sale Deed dated 26.08.2016, Registration No. 14061, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the **Built up Second Floor, Back Side, without roof rights of the Said property** to someone who wants to purchase the same by taking Home loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. the kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Satpal Kaur is the owner of Property No. H-96, and also known as WZ-102, area 200 Sq.yds., Khasra No. 9/15, Village Chaukhandi Sant Nagar Extn, New Delhi "**Said Property**" by virtue of Sale Deed dated 10.05.2019, registration No. 5306, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the **Built up First Floor, without roof rights of the Said property** to someone who wants to purchase the same by taking Home loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd. Further, death certificate of Mrs. Manohar Kaur & Mr. Tejinder Singh & SMC certificates in favour their legal heirs are missing. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. the kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**LOST AND FOUND**

I Lokesh Pathak D/o Shailendra Kumar Pathak R/o 248, Sector - 34, Nar Vihar - II, Noida GB Nagar (U.P.) 201301
**Have lost original allotment letter, & possession letter, original lease deed & all original 1st party documents of Add. E-58, Sector - 9, Noida.**

Any finding please contact us:
Lokesh Pathak #9811372004

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby informed that membership No 168 held by Mrs Sarita Khanna W/o Mr Ashok Kumar Khanna of Flat No A-203, Fakhruddin Memorial CGHS Ltd, Plot No-18, Sect-10, Dwarka, New Delhi have reported loss/misplace of her share certificate. The society is in process of issuing duplicate certificate to her after completion of all formalities, still the public at large is herein informed that if there is any claimant against the above said share certificate, may approach to Society in their office within 15 days failing which the duplicate certificate will be issued to her.

**Amarjeet-General Secretary FMCGHS Ltd**

**SBFC**
**SBFC Finance Pvt. Ltd.**
(Erstwhile Small Business Fincredit India Pvt. Ltd.)

Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala, Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300
Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com|
Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक 30 **जुलाई** 2021 को या उसके पश्चात 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O&7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद शाखा D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरुग्राम शाखा पहली मंजिल, प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाष नगर, नई रेलवे रोड, गुरुग्राम 122001,गाजियाबाद शाखा 2वी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़- पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग, गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये :ाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

फरीदाबाद शाखा:, PR00873580/117101186, PR00849222/117100932, PR00836224/117100722, PR00778359/117100101, PR00874287/117101196, PR00849269/117100934, PR00836730/117100728, PR00778783/117100106, PR00874031/117101191, PR00850123/117100947, PR00837404/117100737, PR00787102/117100179, PR00874993/117101205, PR00851022/117100953, PR00837383/117100736, PR00787910/117100206, PR00874782/117101202, PR00850831/117100952, PR00838773/117100753, PR00788056/117100207, PR00874710/117101199, PR00858768/117101033, PR00838636/117100751, PR00789956/117100230, PR00875982/117101208, PR00860727/117101050, PR00839937/117100763, PR00790430/117100234, PR00875986/117101209, PR00862404/117101067, PR00845660/117100852, PR00790921/117100241, PR00876316/117101212, PR00862500/117101069, PR00845862/117100856, PR00790981/117100243, PR00876265/117101210, PR00862727/117101079, PR00846193/117100863, PR00799526/117100336, PR00882844/117101269, PR00863158/117101084, PR00846340/117100868, PR00800069/117100343, PR00883875/117101279, PR00863168/117101085, PR00846371/117100869, PR00802278/117100366, PR00883911/117101280, PR00862884/117101082, PR00846391/117100871, PR00812132/117100441, PR00884106/117101283, PR00863337/117101088, PR00846653/117100875, PR00812117/117100440, PR00886011/117101296, PR00863363/117101091, PR00846848/117100881, PR00814781/117100469, PR00888483/117101314, PR00863777/117101095, PR00846914/117100884, PR00814846/117100471, PR00888510/117101315, PR00863824/117101096, PR00846729/117100877, PR00816810/117100497, PR00809709/117100422, PR00863851/117101097, PR00846698/117100876, PR00823588/117100565, PR00834155/117100693, PR00863882/117101098, PR00847354/117100895, PR00825685/117100594, PR00829048/117100632, PR00871138/117101162, PR00847319/117100893, PR00826033/117100598, PR00833680/117100686, PR00872667/117101176, PR00847361/117100896, PR00827119/117100612, PR00827172/117100614, PR00847796/117100905, PR00847466/117100898, गाजियाबाद शाखा, PR00872645/963100230, PR00850916/963100076, PR00837080/963100011, PR00835988/963100006, PR00874630/963100239, PR00871473/963100221, PR00846364/963100058, गुरुग्राम शाखा PR00802462/67100374, PR00887711/67101350, PR00873612/67101238, PR00834939/67100736, PR00806955/67100431, PR00796569/67100296, PR00874773/67101255, PR00846259/67100875, PR00809034/67100449, PR00799683/67100337, PR00875411/67101257, PR00848575/67100898, PR00864295/67101112, PR00860312/67101057, PR00848985/67100908, लाजपत नगर शाखा, PR00824437/43100360, PR00888449/43100606, PR00803464/43100225, PR00803392/43100222, PR00803508/43100226, लक्ष्मी नगर शाखा, PR00830780/49100446, PR00796448/49100214, PR00850259/49100538, PR00805258/49100283, PR00831289/49100450, PR00806486/49100292, PR00863527/49100598, PR00812920/49100342, PR00849886/49100536, PR00849845/49100535, PR00834480/49100461, PR00823529/49100413, नोएडा शाखा PR00874730/1008100150, PR00874855/1008100152, PR00849989/1008100020, PR00846527/1008100001, रोहिणी शाखा, PR00874654/65101190, PR00834134/65100843, PR00861679/65101108, PR00769519/41100072, PR00886455/65101224, PR00836037/41100411, PR00862432/65101115, PR00771527/41100093, PR00800945/65100501, PR00839126/65100875, PR00864356/65101123, PR00782706/41100185, PR00802292/65100517, PR00846368/65100949, PR00864349/65101122, PR00788674/41100252, PR00819997/65100716, PR00846386/65100951, PR00871949/65101168, PR00790571/65100357, PR00821533/41100394, PR00860985/65101100, PR00872548/65101177, PR00791771/65100388, PR00832351/65100831, PR00861035/65101104, PR00873581/65101182, PR00792264/65100392, PR00823463/65100751, PR00804350/41100340, PR00816741/65100673, PR00799533/65100482, PR00823748/65100754, तुगलकाबाद शाखा PR00873115/73100982, PR00828551/73100601, PR00860605/73100890, PR00792126/73100341, PR00888461/73101073, PR00859080/73100876, PR00864096/73100918, PR00813323/73100497, PR00817519/73100527, PR00825573/73100579, PR00822778/73100562.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया
**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.** (रिस्टवाइल स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.)
**संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037**
एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. (रिस्टवाइल स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.) को बिना किसीपूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है)



टोक्यो ओलंपिक में चेक गणराज्य की मार्केटा वांड्रोसोवा से हार के बाद निराश जापान की नाओमी ओसाका

# दूसरा टी-20 मुकाबला स्थगित कृणाल पांड्या सीरीज से बाहर

**भाषा** । कोलंबो

**हरफनमौला** कृणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को होने वाला दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया जबकि कृणाल सात दिन के पृथकवास के साथ श्रृंखला से बाहर हो गए। कृणाल के करीबी संपर्क में आए सभी आठ लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और वे कल मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगे।

श्रीलंका के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कृणाल 30 जुलाई को भारतीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ स्वदेश लौट नहीं सकेंगे। उन्हें अनिवार्य पृथकवास पूरा करके नेगेटिव आरटी पीसीआर का इंतजार करना होगा। तीसरा और आखिरी टी–20 मैच गुरूवार को होगा। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि कृणाल में लक्षण पाए गए हैं। उन्हें खांसी और गले में दर्द है। वह श्रृंखला से बाहर हैं और बाकी सदस्यों के साथ लौट भी नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छी खबर यह है कि उनके करीबी संपर्क में आए सभी लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। कृणाल मंगलवार को पॉजिटिव पाए गए और पृथकवास पर हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा था , भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टी20 मैच 27 जुलाई को होना था जो अब एक दिन के लिए आगे बढा दिया गया है। अब यह 28 जुलाई को होगा।

उन्होंने कहा कि मंगलवार की सुबह मैच से पहले रैपिड एंटीजेन टेस्ट कराया गया जिसमें कृणाल पंड्या की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेडिकल टीमों ने आठ सदस्यों की पहचान की है जो करीबी संपर्क में थे। सूत्र ने कहा कि सब कुछ ठीक रहने पर बुधवार को मैच होगा। करीबी संपर्क में रहे आठ व्यक्तियों में अधिकांश खिलाड़ी हैं और पृथकवास में हैं। भारतीय टीम के एक सदस्य ने कहा कि हम सभी टेस्ट की रिपोर्ट आने तक अपने अपने कमरे में पृथकवास में हैं। भारत 20 सदस्यीय टीम और चार स्टैंडबाय नेट गेंदबाज लेकर आया है। मैच यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर होना है। अब बुधवार और गुरुवार को लगातार दो मैच होंगे।

## मोरक्को के मुक्केबाज ने प्रतिद्वंद्वी का कान काटने की कोशिश की

**भाषा** । टोक्यो

**मोरक्को** के एक हैवीवेट मुक्केबाज (91 किग्रा) ने तोक्यो ओलंपिक में अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के प्रतिद्वंद्वी के कान को काटने की कोशिश की। यूनुस बल्ला ने तीसरे दौर के मुकाबले में माइक टायसन की तरह रिंग डेविड न्याका के कान के पास काटने की कोशिश की। युनुस को जजों के सर्वसम्मत निर्णय से हार का सामना करना पड़ा और न्याका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। यूनुस ने हालांकि माउथ गार्ड (दांतों को चोट से बचाने वाला कवच) पहना था, जिस कारण न्याका के कान के पास उनके दांतों का निशान नहीं बना। न्याका ने कहा कि वह पूरी तरह से काटने में सफल नहीं हुआ। मेरी किस्मत अच्छी थी कि उसने माउथगार्ड पहना था और यह उतना गंभीर नहीं था। मुझे लगता है वह मेरी गाल पर काटना चाहता था। रेफरी हालांकि इस घटना को नहीं देख सकें जिससे यूनुस को बाउट के दौरान दंडित नहीं किया गया था। यह टेलीविजन कैमरे की पकड़ में आ गया।

# मां को देखकर अपने आंसू नही रोक सकीं चानू

**भाषा** । इंफाल

**ओलंपिक** की तैयारी के लिए पिछले पांच बरस में ज्यादातर वह उनसे दूर रही लेकिन टोक्यो में अपना सपना पूरा होने के बाद गले में रजत पदक लेकर भारोत्तोलक मीराबाई चानू जब मणिपुर लौटी तो अपनी मां को देखकर आंसुओं पर काबू नहीं रख सकी। मणिपुर ने अपनी बिटिया के स्वागत में मानो पलक पावडे बिछा दिए और हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। सोमवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुए स्वागत समारोह की तरह ही यहां बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मीराबाई की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के साथ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। उनके हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही अफरातफरी मच गई। रियो (2016) ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मीराबाई को पिछले पांच वर्षों में बहुत बार घर आने का मौका नहीं मिला था।

ओलंपिक भारोत्तोलन में 49 किग्रा भार वर्ग में शनिवार को रजत पदक जीतने वाली मीराबाई यहां पहुंचने पर अपनी मां सेखोम ओंगबी तोम्बी लीमा और पिता सेखोम कृति मेइतेई से गले मिली जिसके बाद उनकी आंखें नम हो गई। इस बीच सुरक्षाकर्मियों ने उनके आसपास एक घेरा बनाया था। चानू ने खेलों के दौरान ओलंपिक प्रतीक चिह्न जैसी सोने की बालियां (कान का आभूषण) पहनी थी जो काफी लोकप्रिय हुआ। यह बालियां उनकी मां ने पांच साल पहले रियो खेलों से पहले अपने आभूषण बेच कर बनवाई थी। उनका मानना था कि यह मीराबाई के लिए भाग्यशाली साबित होगा।

## भारत: आज के कार्यक्रम



**हाकी:** भारत बनाम ब्रिटेन, महिला पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से
**बैडमिंटन:** पीवी सिंधू , महिला एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 30 मिनट से, बी साई प्रणीत, पुरुष एकल ग्रुप चरण, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 30 मिनट पर
**तीरंदाजी:** (व्यक्तिगत स्पर्धा): तरुणदीप राय, पुरुष अंतिम 32 वर्ग , भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 31 मिनट से, प्रवीण जाधव, पुरुष अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से, दीपिका कुमारी, महिला अंतिम 32 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 14 मिनट से
**रोइंग:** अर्जुन लाल जट और अरविंद सिंह, पुरुष डबल स्कल्स सेमीफाइनल ए–बी 2, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजे से
**सेलिंग:** केसी गणपति और वरूण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से
**मुक्केबाजी:** पूजा रानी, महिला 75 किग्रा वर्ग, अंतिम 16 वर्ग, भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 33 मिनट से

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)**
फोन/फैक्स : 05946-223352

पत्रांक : 2116/2 एoसीo
दिनांक : 26/07/2021

**ई–निविदा सूचना (e-Tendering)**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी द्वारा निम्निलिखित सिविल कार्य हेतु सिंगल बिड ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट **http://www.uktenders.gov.in** पर दिनांक 29.07.2021 से उपलब्ध होगी ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ लाख में) | निविदा की लागत | निविदा की वैधता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 7 | 8 |
| 1 | नगर निगम काठगोदाम–हल्द्वानी क्षेत्र के अन्तर्गत एन0एच0 87 से उत्तर उजाला–शनिबजार मार्ग होते हुए इन्द्रानगर खनन गेट तक मार्ग का सतह सुधार का कार्य। (न्यास फाउण्डेशन मद) | 1.00 | 4000.00 + 18% GST | 120 दिन | 09 माह | सी एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 2 | नगर निगम काठगोदाम–हल्द्वानी क्षेत्र के अन्तर्गत तिकोनिया चौराहे से रेलवे क्रासिंग रोडवेज कार्यशाला होते हुए राजपुरा गेट तक मार्ग का सतह सुधार का कार्य। (न्यास फाउण्डेशन मद) | 1.24 | 4000.00 + 18% GST | 120 दिन | 09 माह | सी एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |
| 3 | नगर निगम काठगोदाम–हल्द्वानी क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे क्रासिंग टनकपुर रोड राजपुरा बस्ती वार्ड नं0–14 से होते हुए टनकपुर खनन गेट तक मार्ग का सतह सुधार का कार्य। (न्यास फाउण्डेशन मद) | 1.11 | 4000.00 + 18% GST | 120 दिन | 09 माह | सी एवं उच्चतर मार्ग कार्य हेतु |

# समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र समुद्री सुरक्षा के मामले पर समग्र दृष्टिकोण अपनाए: भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**भारत ने** अगस्त महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालने से पहले कहा कि अब समय आ गया है कि सुरक्षा परिषद समुद्री सुरक्षा के मामले को लेकर समग्र दृष्टिकोण अपनाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम अगस्त में तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे: समुद्री सुरक्षा, शांतिरक्षा और आतंकवाद से मुकाबला। हम अपनी अध्यक्षता में तीन मुख्य कार्यक्रमों के जरिए तीन विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

भारत एक अगस्त को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालेगा। भारत दो साल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। भारत अगस्त के बाद अगले साल दिसंबर में परिषद की अध्यक्षता करेगा। तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत की विदेश नीति में समुद्री सुरक्षा हमेशा उच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, हमने विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित की है। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि सुरक्षा परिषद समुद्री सुरक्षा के मामले पर समग्र दृष्टिकोण अपनाए। समुद्री सुरक्षा सबकी समृद्धि और अन्य सुरक्षा हितों की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा के विषय पर ध्यान केंद्रित करना काफी महत्व रखता है क्योंकि ऐसा पहली बार होगा, जब संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष निकाय में इस मामले पर विशेष रूप से चर्चा होगी। तिरुमूर्ति ने उल्लेख किया कि सुरक्षा परिषद ने समुद्री सुरक्षा और समुद्री अपराध के विभिन्न पहलुओं पर प्रस्ताव पारित किए हैं, लेकिन हमें लगता है कि अब समय आ गया है कि इन्हें एक साथ लाया जाए और इन पर समग्र रूप से चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला भी भारत के लिए एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, और नई दिल्ली सुरक्षा परिषद में इस मामले पर पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उन्होंने कहा, हम हर प्रकार के आतंकवाद के कट्टर विरोधी हैं और मानते हैं कि आतंकवाद को किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में सर्वाधिक बलों का योगदान देने वाले देशों में शामिल भारत अपनी अध्यक्षता में शांतिरक्षा के मामले पर भी ध्यान देगा और शांतिरक्षकों की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने का पुरजोर समर्थन करेगा। तिरुमूर्ति ने कहा, शांतिरक्षा में महिला शांतिरक्षकों की भागीदारी समेत हमारी अपनी लंबी और अग्रणी भागीदारी को देखते हुए शांतिरक्षा ऐसा मामला है जो हमारे दिल के करीब है। स्थाई प्रतिनिधि ने कहा कि समुद्री सुरक्षा, शांतिरक्षा और आतंकवाद से मुकाबला संबंधी तीन विषयों पर केंद्रित भारत के मुख्य कार्यक्रमों के अलावा हर महीने उन विषयों पर अनिवार्य बैठकें भी होंगी जिन पर सुरक्षा परिषद चर्चा करती है।

## टीकों की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र की जरूरत: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** कोविड-19 टीकों की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र की जरूरत पर जोर देते हुए भारत ने कहा कि वायरस के स्वरूप में और बदलाव को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान की आवश्यकता है और वैश्विक समुदाय के साथ अपना कोविन मंच साझा करने की पेशकश की। फ्रांस की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में कोविड-19 स्थिति पर प्रस्ताव 2565 पर सोमवार को चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने ट्विटर पर बताया कि सुरक्षा परिषद में कोविड-19 पर चर्चा में उन्होंने कहा कि टीके की वैश्विक असमानता को दूर करने के लिए एक प्रभावी तंत्र और वायरस के स्वरूप में और बदलाव को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीके को लेकर लोगों की गलतफहमियों को दूर करने के लिए तथ्यों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



काहिरा में एक मेगा प्रोजेक्ट अभियान के तहत लोगों को भीड़भाड़ से राहत देने के लिए नए शहर, सड़कें, पुल और सुरंग बनाने के लिए घरों को ध्वस्त करता बुलडोजर

# शी का तिब्बत दौरा भारत के लिए एक खतरा है: अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वॉशिंगटन

**अमेरिका के** एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का पिछले सप्ताह तिब्बत के दौरे पर जाना भारत के लिए एक खतरा है। शी ने अरुणाचल प्रदेश के निकट स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तिब्बती सीमावर्ती शहर न्यिंगची का गत बुधवार को दौरा किया था। शी ने वहां शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी और तिब्बत में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की थी।

रिपब्लिकन सांसद डेविड नुनेस ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, चीनी तानाशाह शी चिनफिंग ने पिछले सप्ताह भारत की सीमा के पास तिब्बत का दौरा करके अपनी जीत का दावा किया। मुझे लगता है कि पिछले 30 साल में यह पहली बार है, जब चीनी तानाशाह तिब्बत गए हों। यह एक अरब से अधिक की आबादी वाले और परमाणु शक्ति से सम्पन्न भारत के लिए एक खतरे की बात है। भारत के लिए यह खतरे की बात है कि वह एक बड़ी जल परियोजना विकसित करने वाले हैं, जिससे भारत की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है। न्यिंगची की यात्रा के दौरान शी ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में पारिस्थितिक संरक्षण का निरीक्षण करने के लिए न्यांग रिवर ब्रिज गए थे, जिसे तिब्बती भाषा में यारलुंग ज़ंगबो कहा जाता है। न्यिंगची, तिब्बत में एक प्रांत स्तर का शहर है जो अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है, जिस दावे को भारत ने हमेशा दृढ़ता से खारिज किया है। भारत-चीन के बीच 3,488 किलोमीटर की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सीमा विवाद है। सांसद ने कहा, वास्तविकता यह है कि चीन आगे बढ़ रहा है और (अमेरिका के राष्ट्रपति जो) बाइडन का प्रशासन उसे हर वह चीज करने दे रहा है, जो वह चाहता है।

## उत्तर और दक्षिण कोरिया ने संचार माध्यम बहाल किए

**सोल।** उत्तर और दक्षिण कोरिया ने दोनों देशों के बीच निलंबित संचार माध्यमों को बहाल कर दिया है और उनके नेता संबंधों को बेहतर करने के लिए सहमत हुए हैं। दोनों देशों की सरकारों ने मंगलवार को यह बात कही। सोल में राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जाई इन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच अप्रैल से कई पत्राचार होने के दौरान यह सहमति बनी। ब्लू हाउस के प्रवक्ता पार्क सू हयुन ने टीवी पर एक बयान में कहा कि दोनों नेता आपसी विश्वास को बहाल करने और यथाशीघ्र अपने संबंधों को फिर से बेहतर करने को सहमत हुए। पार्क ने कहा कि दोनों कोरिया देशों ने इसके बाद मंगलवार सुबह संचार माध्यमों को बहाल कर दिया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा, अब, पूरा कोरियाई राष्ट्र ठहराव के बाद यथाशीघ्र उत्तर-दक्षिण संबंधों को बेहतर होते देखने की आकांक्षा करता है।

# ब्रितानी भारतीय संजीव सहोता की पुस्तक चाइना रूम बुकर पुरस्कार के दावेदारों में शामिल

**भाषा।** लंदन




**भारतीय मूल** के ब्रितानी उपन्यासकार संजीव सहोता उन 13 लेखकों में शामिल है, जिनकी किताब चाइना रूम को इस साल बुकर पुरस्कार के दावेदारों की सूची में शामिल किया गया है। 40 वर्षीय सहोता के दादा-दादी 1960 के दशक में पंजाब से यहां आ गए थे। सहोता ने पहले भी द ईयर ऑफ द रनवेज के लिए 2015 के बुकर पुरस्कार के दावेदारों में जगह बनाई थी और उन्हें 2017 में साहित्य के लिए यूरोपीय संघ पुरस्कार मिला थ। उनके उपन्यास चाइना रूम को ब्रिटेन या आयरलैंड में अक्टूबर 2020 और सितंबर 2021 के बीच प्रकाशित 158 उपन्यासों में से चुना गया। अंग्रेजी में लिखे गए और ब्रिटेन या आयरलैंड में प्रकाशित पुस्तक के लिए किसी भी राष्ट्रीयता का लेखक इस पुरस्कार को जीतने का पात्र है।

बुकर पुरस्कार के चयनमंडल ने कहा, चाइना रूम ने दो काल और दो महाद्वीपों को एक साथ बुनते हुए प्रवासी अनुभव पर आधारित कहानी के एक शानदार मोड़ के साथ हमें प्रभावित किया। सहोता के अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता जापानी लेखक काजुओ इशिगुरो और पुलित्जर पुरस्कार विजेता रिचर्ड पॉवर्स प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। 2017 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीत चुके ब्रिटेन के इशिगुरो प्रेम एवं मानवता पर आधारित उपन्यास क्लारा एंड द सन के लिए 50,000 पाउंड के बुकर पुरस्कार के लिए मंगलवार को घोषित दावेदारों की लंबी सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे। इशिगुरो को इस पुरस्कार के लिए चौथी बार नामित किया गया है। उन्हें इससे पहले द रीमेन्स ऑफ दि डे के लिए 1989 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अमेरिकी लेखक पॉवर्स को बिविल्डर्मेंट के लिए नामित किया गया है। पॉवर्स ने 2019 में द ओवरस्टोरी के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता था और इस पुस्तक ने बुकर पुरस्कार के अंतिम दावेदारों में भी जगह बनाई थी। इस साल की सूची में दक्षिण अफ्रीका के डैमोन गैलगट का उपन्यास द प्रॉमिस , कनाडाई लेखक मैरी लॉसन का ए टाउन कॉल्ड सोलेस जगह मिली है।

## क्विक न्यूज

### हैती राष्ट्रपति हत्या मामला: शीर्ष सुरक्षा अधिकारी को किया गया गिरफ्तार

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती)।** हैती में अधिकारियों ने राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के समय सामान्य सुरक्षा समन्वयक के रूप में तैनात एक शीर्ष अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उनके वकील ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। हैती नेशनल पुलिस ने जीन लैगुएल सिविल को गिरफ्तार किया। इस मामले में अब दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सात जुलाई को मोइसे के निजी आवास पर हुए हमले की जांच जारी है। सिविल के वकील रेनॉल्ड जॉर्जेस ने अपने मुवक्किल की गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया। यह तुरंत स्पष्ट नही हो पाया है कि सिविल पर क्या आरोप लगाया गया है। गिरफ्तारी तब हुई जब I,000 से अधिक प्रदर्शनकारी मोइसे को श्रद्धांजलि देने के लिए हैती के सबसे कुख्यात गिरोह के नेताओं में से एक के पास एकत्र हुए। भीड़ में शामिल ज्यादातर लोग सफेद कपड़े पहने हुए थे। वे एक पूर्व पुलिस अधिकारी जिमी चेरिज़ियर की जय जयकार रहे थे, जो अब नौ गिरोहों के एक संघ जी9 का नेतृत्व करता है, जिसे अधिकारियों ने हाल के महीनों में हिंसा और अपहरण की घटनाओं में बढ़ोतरी के लिए दोषी ठहराया है। बारबेक्यू के नाम से जाने जाने वाले चेरिज़ियर ने कहा, हम जोवेनेल मोइसे की हत्या का जवाब देंगे, तब तक सभी को मेरे आदेश का इंतजार करना होगा।

### पेरिस पुलिस क्यूबा के दूतावास पर बम हमले की जांच कर रही

**पेरिस (फ्रांस)।** फ्रांसीसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यहां क्यूबा के दूतावास पर हुए बम हमले की वह जांच कर रही है। सोमवार रात हुए इस हमले में दूतावास को मामूली नुकसान हुआ था। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि घटना की जांच जारी है। इस मामले में किसी को अब तक गिरफ्तार नही किया गया है और ना ही किसी व्यक्ति या संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है। पेरिस पुलिस ने बताया कि सोमवार रात दो गैसोलिन बम दूतावास पर फेंके गए थे, जिससे मामूली आग लग गई थी। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोद्रीगुएज ने इस हमले के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है।

### लीबिया तट के पास पलटी नौका, 57 लोगों के डूबने की आशंका

**काहिरा।** अफ्रीकी प्रवासियों को लेकर जा रही एक नौका लीबिया के तट के पास सोमवार को पलट गई। इस हादसे में कम से कम 57 लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन की प्रवक्ता सफा मसेहली ने बताया कि नौका रविवार को पश्चिमी तटीय शहर खम्स से रवाना हुई थी। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 75 लोग सवार थे। जिन 57 लोगों के डूबने की आशंका है, उनमें 20 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल है। लीबिया के तट रक्षकों और मछुआरों ने 18 लोगों को बचा लिया। उन्होंने बताया कि इन 18 लोगों ने बताया कि नौका इंजन में खराबी की वजह से रुकी थी और खराब मौसम की वजह से पलट गई। ए लोग नाइजीरिया, घाना और गाम्बिया से हैं। संयुक्त राष्ट्र की आव्रजन मामलों से जुड़ी एजेंसी ने बताया कि लीबिया के तट पर एक सप्ताह से भी कम समय में नौका पलटने की यह दूसरी घटना है। यूरोप जा रही एक नौका बुधवार को पलट गई थी, जिसमें सवार कम से कम 20 प्रवासियों के डूब जाने की आशंका है।

### कैलिफोर्निया में एक घर में गोलीबारी में डिप्टी समेत पांच अधिकारियों की मौत

**बेकर्सफील्ड (अमेरिका)।** कैलिफोर्निया की सन जौक्विन वैली में एके-47 तथा बंदूक से लैस एक व्यक्ति ने कुछ लोगों को घर में बंधक बना लिया, जिन्हे बचाने पहुंचे डिप्टी समेत पांच अधिकारियों की गोलीबारी में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि घर में मौजूद तीन लोग बंदूकधारी के दो बेटे और उनकी मां है। दो महिलाएं और दो बच्चियां पहले ही बंदूकधारी के चंगुल से बच निकली थी। गोलीबारी की यह घटना वास्को में रविवार दोपहर हुई। घर की छत पर आग्नेयास्त्रों के साथ चढ़ने के बाद अधिकारियों ने संदिग्ध को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। केर्न काउंटी शेरिफ डोनी यंगब्लड ने मारे गए डिप्टी की पहचान फिलिप कैम्पस के रूप में की और उन्हें संगठन का एक सितारा बताया। कैम्पस (35) के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे है। यंगब्लड ने कहा कि उन्होंने 10 साल से अधिक सेवाएं दी और उनका कार्यकाल काफी शानदार रहा। शेरिफ ने बताया कि हिंसा दोपहर एक बजे शुरू हुई और इस संबंध 911 पर फोन कर जानकारी दी गई। दो महिलाएं और दो बच्चियां पहले ही बंदूकधारी के चंगुल से बच निकली थी। आरोपी के साथ इनका क्या रिश्ता था, यह अभी पता नही चल पाया है। 41 वर्षीय संदिग्ध का नाम नही बताया गया, लेकिन शेरिफ ने बताया कि उसके खिलाफ एक निरोधक आदेश दायर किया गया था, जिसके तहत तीन जून तक वह आग्नेयास्त्र नही रख सकता था। यह आदेश क्यों जारी किए गए इसकी कोई जानकारी नही है।

### पत्रकारों से सीधे संवाद के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति शैली की मीडिया ब्रीफिंग का अनुसरण करेंगे गोटबाया

**कोलंबो।** मीडिया द्वारा बयानों को कथित रूप से गलत तरीके से प्रस्तुत करने या संदर्भ से बाहर उद्धृत किए जाने को रोकने के वास्ते राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने अमेरिकी राष्ट्रपति शैली का एक मीडिया केन्द्र स्थापित किया है जिसके जरिए पत्रकार सीधे श्रीलंकाई नेता के साथ बातचीत करने में समक्ष होंगे। उनके प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजपक्षे की टिप्पणी कई बार सोशल मीडिया मंच पर आलोचनाओं के घेरे में रही है। राजपक्षे के प्रवक्ता किंग्सले रत्नायके ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने अमेरिकी राष्ट्रपति मीडिया केंद्र शैली का अनुसरण किया है। नामित मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रपति से सीधे सवाल पूछने का मौका दिया जाएगा। केंद्र में राष्ट्रपति की ब्रीफिंग में भाग लेने के लिए मीडिया संस्थानों को अपने कर्मियों का नाम देने के लिए कहा जाएगा। रत्नायके ने कहा, हाल के दिनों में, हमने देखा है कि राष्ट्रपति के बयानों को मीडिया द्वारा गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया या संदर्भ से परे रखकर पेश किया गया। अब इस तरह की चीजें बंद होने की उम्मीद है। इस बीच, सरकार ने घोषणा की है कि वह सोशल मीडिया मंच पर फर्जी खबरों के खतरे से निपटने के लिए नए कानून बना रही है। सूचना मंत्री केहेलिया रामबुक्वेला ने हाल में कहा था कि फर्जी खबरें फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून होंगे।

### इजराइली रक्षा मंत्री एनएसओ पर फ्रांसीसी रक्षा मंत्री से चर्चा करेंगे

**यरुशलम।** इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैट्ज इस सप्ताह पेरिस में अपनी फ्रांसीसी समकक्ष से मुलाकात करेंगे और दोनों इजराइली स्पाइवेयर कंपनी एनएसओ पर चर्चा करेंगे। मंगलवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गैट्ज बुधवार को फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली के साथ बैठक के लिए यात्रा करेंगे। दोनों रक्षा मंत्री लेबनान संकट और विश्व शक्तियों और ईरान के बीच परमाणु वार्ता पर चर्चा करेंगे। पिछले हफ्ते, एक फ्रांसीसी समाचार पत्र ने अपनी खबर में बताया था कि मोरक्को की सुरक्षा एजेंसी ने संभवतः फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांसीसी सरकार के अन्य सदस्यों के सेलफोन को निशाना बनाया था। इस तरह की खबरें सामने आई थी कि इजराइल के एनएसओ समूह का इस्तेमाल संभवतः कई देशों में राजनीतिज्ञों, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को लक्षित करने के लिए किया गया है।

## अमेरिकी हिन्दू संस्था ने पाक, तुर्की व रूस के संयुक्त रूप से ड्रोन उत्पादन का विरोध किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक हिंदू संगठन ने रूस, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा संयुक्त रूप से ड्रोन उत्पादन के फैसले का विरोध किया है और मामले की जांच की अमेरिकी सांसदों की मांग का समर्थन किया है। पिछले हफ्ते, डेविड सिसिलिन और गस बिलिरकिस समेत सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मांग की थी कि कॉकेशिया, दक्षिण एशिया, पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र और दुनिया भर के अन्य क्षेत्रों में अंकारा के ड्रोन कार्यक्रमों की अस्थिरकारी भूमिका की आधिकारिक जांच के लंबित रहने तक तुर्की को अमेरिकी ड्रोन प्रौद्योगिकी का निर्यात लाइसेंस निलंबित कर दिया जाए। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने सोमवार को एक बयान में कांग्रेस सदस्यों की जांच की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि तुर्की-पाकिस्तान-रूस द्वारा संयुक्त रूप से लड़ाकू मानव रहित वाहन (यूएवी) उत्पादन करने से दुनिया भर के लोकतंत्रों को चिंतित होना चाहिए।

# प्रधानमंत्री इमरान खान के सहायक को कादियानी कहने पर विधायक गिरफ्तार

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान के** सत्ताधारी दल के एक विधायक को प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक को कथित तौर पर कादियानी (अहमदिया अल्पसंख्यक समुदाय का सदस्य) कहने के लिए मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पाकिस्तान में अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कादियानी कहा जाता है। पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को 1974 में गैर मुस्लिम करार दिया था। एक दशक बाद उन्हें खुद को मुसलमान कहने पर पाबंदी लगा दी गई थी। इस समुदाय के लोगों को प्रवचन देने और हज पर सऊदी अरब जाने की भी मनाही है। लाहौर पुलिस ने उत्तरदायित्व और आंतरिक मामलों पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक मिर्जा शहजाद अकबर की शिकायत पर पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के विधायक नजीर चौहान को गिरफ्तार कर लिया। चौहान पार्टी के अलग हो चुके समूह जहांगीर तरीन से जुड़े हैं और पंजाब प्रांत के विधायक हैं। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता राणा आरिफ ने कहा, पुलिस ने शहजाद अकबर की शिकायत पर विधायक नजीर चौहान के खिलाफ लाहौर के रेसकोर्स पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में चौहान को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने कहा कि कथित तौर पर एक वीडियो में चौहान अकबर पर टिप्पणी करते दिखाई दे रहे हैं जिसकी आवाज की जांच के लिए उन्हें संघीय जांच एजेंसी की साइबर अपराध शाखा में रखा गया है।

## उत्तरी माली में हमले में पांच शांतिरक्षक घायल: संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** माली के अशांत उत्तरी इलाके में सोमवार को हमले में संयुक्त राष्ट्र के पांच शांतिरक्षक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि त्वरित कार्वाई बल को किडाल क्षेत्र के अगुएलहोक शहर में घटनास्थल पर भेजा गया है और घायल शांतिरक्षकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। अगुएलहोक शहर में संयुक्त राष्ट्र मिशन के शिविर में इससे ठीक एक दिन पहले आग लग गई थी। रविवार की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। माली 2012 से इस्लामिक उग्रवाद को रोकने की कोशिश कर रहा है। 2013 में फ्रांसीसी नेतृत्व वाले सैन्य अभियान की मदद से माली के उत्तरी शहरों में इस्लामी चरमपंथियों को खदेड़ दिया गया था। हालांकि विद्रोही जल्द ही वहां फिर सक्रिय हो गए और वे माली सेना तथा उसने सहयोगियों पर लगातार हमले करते हैं।

# हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पहली बार दोषी पाया गया कोई व्यक्ति

**एपी।** हांगकांग

**हांगकांग के** संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत पहली बार मुकदमे का सामना करने वाले व्यक्ति को अलगाववाद और आतंकवाद का दोषी पाया गया है।

हांगकांग उच्च न्यायालय ने तोंग यिंग कित (24) से संबंधित मामले में यह फैसला सुनाया है। तोंग पर आरोप था कि वह पिछले साल एक जुलाई को एक झंडा थामे मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस अधिकारियों के समूह में घुस गया था। झंडे पर लिखा था, हांगकांग को आजाद करो, यह हमारे समय की क्रांति है। यह घटना हांगकांग पर संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाए जाने के एक दिन बाद हुई थी। चीन ने साल 2019 में हांगकांग में महीनों चले सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था। इस आदेश को काफी करीब से देखा जा रहा है ताकि यह अंदाजा लगाया जा सके कि भविष्य में ऐसे ही मामलों से कैसे फैसले सुनाए जाएंगे। इस कानून के तहत 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तोंग ने अलगाववाद और आतंकवाद के आरोप तय करने के बजाय खतरनाक तरीके से वाहन चलाने जैसे वैकल्पिक आरोप लगाने की गुहार लगाई थी।

तोंग को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। उसके वकील बृहस्पतिवार को सजा सुनाए जाने के दौरान हल्की सजा देने की अपील कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एस्थर तोह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि तोंग ने आतकंवादी गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसका मकसद राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाना था। तोह ने कहा कि उसका व्यवहार केंद्र और हांगकांग की सरकारों को मजबूर करने और जनता को डराने के उद्देश्य से हिंसा फैलाने के समान था। उन्होंने कहा कि नारा लिखा झंडा साथ रखना अलगाव के लिए उकसाने वाला कार्य है।

# पाक और सऊदी अरब मिलकर काम करने पर सहमत हुए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान और** सऊदी अरब मंगलवार को दोनों क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। साथ में, उन्होंने अपने आर्थिक संबंधों में और सुधार करने तथा अपने आपसी रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने का फैसला किया। विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की सऊदी अरब के उनके समकक्ष शहज़ादा फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ हुई बैठक में उक्त सहमति बनी है।

शहज़ादा फैसल ने कुरैशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम रिश्ते के आर्थिक पक्ष और निवेश के पारंपरिक क्षेत्रों से परे इसे विस्तारित करने के मौकों पर बहुत ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। शहज़ादा फैसल एक दिन की इस्लामाबाद की यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी-पाकिस्तान सर्वोच्च समन्वय परिषद (एसपी-एससीसी) की स्थापना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नए स्तरों पर ले जाने के लिए एक अहम माध्यम है। प्रधानमंत्री इमरान खान की मई में सऊदी अरब की यात्रा के दौरान एसपी-एससीसी की स्थापना की गई थी और वह वलीअहद (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के साथ परिषद के सह-अध्यक्ष हैं। सऊदी विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देश अपने व्यापारिक समुदायों को आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए जल्दी-जल्दी बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और स्थिरता आर्थिक समृद्धि की कुंजी है और दोनों देश एक-दूसरे के क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।

शहज़ादा फैसल ने कहा, हम क्षेत्रीय मुद्दों पर काम करने पर सहमत हुए हैं, चाहे वह कश्मीर हो, फलस्तीन हो या यमन। हम अपने दोनों क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## जर्मनी में रासायनिक परिसर में विस्फोट से हवा में फैला विशाल धुआं

**बर्लिन।** जर्मनी के लीवरकुसेन शहर में मंगलवार को रासायनिक कंपनियों के एक औद्योगिक पार्क में हुए विस्फोट की वजह से हवा में बड़े पैमाने पर काला धुआं फैल गया। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने बताया कि जर्मनी के नागरिक सुरक्षा और आपदा सहायता के संघीय कार्यालय ने विस्फोट को अत्यधिक खतरे के रूप में वर्गीकृत किया और निवासियों को घरों के अंदर रहने और खिड़कियां और दरवाजे बंद रखने के लिए कहा गया है। राइन नदी पर कोलोन से लगभग 20 किलोमीटर (13 मील) उत्तर में स्थित लीवरकुसेन में केमपार्क साइट के संचालकों ने कहा कि विस्फोट के कारण का पता अभी नहीं चल सका है। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि दमकल वाहनों और प्रदूषण का पता लगाने वाली वैन को तैनात किया गया है। पास के कोलोन में पुलिस ने कहा कि उन्हें विस्फोट के कारण या पैमाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है और इस समय किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।

# इराक में अमेरिकी लड़ाकू अभियान साल अंत तक खत्म हो जाएगा: बाइडन

**एपी।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि इराक में अमेरिकी युद्धक अभियान साल अंत तक खत्म हो जाएगा। यह एक ऐसी घोषणा है जो अमेरिकी नीति में एक बड़े बदलाव की तुलना में जमीनी वास्तविकता को अधिक दर्शाती है। बाइडन के जनवरी में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से ही इराकी बलों की सहायता करने, उनकी ओर से नहीं लड़ने को लेकर विचार कर रहे थे। बाइडन ने वैसे इराक में अमेरिकी सैनिकों की संख्या कम करने को लेकर कोई बयान नहीं दिया। अभी इराक में अमेरिका के 2500 सैनिक मौजूद हैं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब 20 साल बाद अमेरिका अफगानिस्तान से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला रहा है। 11 सितम्बर 2001 को हुए हमले के बाद अमेरिका ने युद्धग्रस्त देश में अपने सैनिक तैनात किए थे।

इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-काजिमी के साथ ओवल कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन इराक के साथ साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। यह एक ऐसा रिश्ता जो ईरानी समर्थित इराकी मिलिशिया समूहों द्वारा तेजी से जटिल हो गया है। मिलिशिया चाहते हैं कि अमेरकी बल इराक से तुरंत बाहर निकल जाए और समय-समय पर अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों पर हमला करते रहे हैं। बाइडन ने कहा, आईएसआईएस के खिलाफ हमारी साझा लड़ाई क्षेत्र की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है और हमारा आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रहेगा, भले ही हम इस नए चरण में जाने वाले हैं, जिसके बारे में हम बात करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, हम साल के अंत तक लड़ाकू अभियान का हिस्सा नहीं होंगे। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव जेन साकी ने कोई जानकारी नहीं दी कि साल अंत तक इराक में उनके कितने सैनिक होंगे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आखिरी बार सैनिकों की संख्या कम करने के बाद से ही इराक में 2500 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। उस समय इराक में 3000 सैनिक थे।

# यात्रा प्रतिरक्षण जांच



**लॉकडाऊन प्रतिबंधों में ढील होने से, यात्रा और पर्यटन में तेजी आ रही है। हालांकि, यदि अत्यावश्यक न हो, तब तक यात्रा की योजना बनाना उचित नहीं है। यहां उन चीजों की एक सूची पेश है, जिन्हें उस अपरिहार्य यात्रा के लिए बाहर निकलने से पहले ध्यान में रखना चाहिए**

प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना अधिकांश लोगों की सर्वोच्च प्राथमिकता कभी नहीं रहा है, लेकिन अब यह प्राथमिकता बन गया है! इन दिनों यात्रा करते समय, कोई सोच रहा होगा कि कैसे सुरक्षित, स्वस्थ और संक्रमण का शिकार होने के जोखिम से दूर रहें। निश्चित रूप से, आप यात्रा में बीमार नहीं पड़ना चाहेंगे, विशेष रूप से काम संबंधी यात्रा पर।

रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों या उन जगहों पर समय बिताने से जहां लोग इकट्ठा होते हैं, फ्लू या सर्दी होने का खतरा बढ़ जाता है। यात्रा के दौरान एक स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना कठिन है और व्यस्त कार्यक्रम, अस्वास्थ्यकर भोजन, साथ ही असामान्य नींद पैटर्न, समस्या को बढ़ा देते हैं। पीठ दर्द से लेकर कम रोग प्रतिरोधक क्षमता व तनाव के कारण होने वाले सिरदर्द तक, ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका सामना नियमित यात्रियों को करना पड़ता है। सौभाग्य से, यात्रा प्रतिरक्षण जांच के कई तरीके हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि कुछ भी आपकी यात्रा में बाधा नहीं डालता है और आप अपनी यात्रा का पूरा आनंद लेते हैं।

**स्वस्थ आहार**

दिनचर्या में स्वस्थ आहार का पालन करना हमेशा एक अच्छा विचार होता है क्योंकि जब आप एक पूर्व निर्धारित यात्रा की योजना बना सकते हैं, तो ऐसा कुछ भी नहीं है जो आप काम या व्यक्तिगत कारणों से होने वाली तत्काल यात्रा योजनाओं के लिए नहीं कर सकते हैं। जब आप यात्रा पर होते हैं तो आप आमतौर पर डिब्बाबंद भोजन, खाने के लिए तैयार सामान या फास्ट फूड पर भरोसा करते हैं जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप करता है। इसके अलावा, यदि आप नियमित रूप से भी अस्वास्थ्यकर आहार का सेवन करते हैं और आप अपने शरीर को वह पोषण प्रदान नहीं करते हैं जो एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। यह आपको यात्रा के दौरान बीमारी का शिकार बना देगा।

आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कुशलतापूर्वक अपना काम कर सके इसलिए नियमित पोषण और अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है, इसलिए सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, जब आप यात्रा कर रहे हों, तो कुछ स्वस्थ नाश्ते जैसे प्रोटीन बार, सूखे मेवे, आहार मिश्रण आदि पैक करके ले जाना सुनिश्चित करें।

**भरपूर पानी पीते रहें**

एक हाइड्रेटेड शरीर आपको पेट के संक्रमण, निर्जलीकरण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकता है। सुनिश्चित करें कि आप प्रतिदिन, विशेष रूप से गर्मियों में, विशेष मात्रा में पानी का सेवन करें। आप अपने आहार में पानी आधारित फल और सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं जैसे खीरा, तरबूज, संतरा, कस्तूरी तरबूज आदि। यात्रा के दौरान भी, हाइड्रेटेड रहने की कोशिश करें, नल के पानी से बचें और शराब और कैफीन आधारित पेय से परहेज करें।

**पर्याप्त नींद लें**

मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है क्योंकि नींद की कमी से बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। यात्रा से कुछ दिन पहले रात को अच्छी नींद लेने की कोशिश करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप स्वस्थ, सक्रिय, व्यस्त और अपनी यात्रा में सुरक्षित हैं। अच्छी नींद लेने के लिए रात में स्मार्टफोन या गैजेट्स के इस्तेमाल से बचें और शराब और कैफीन का सेवन कम से कम करें।

**व्यायाम**

व्यायाम दिनचर्या और स्वस्थ आहार का सीधा संबंध अच्छी प्रतिरक्षा से है। दिनचर्या में थोड़ा योग या स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करने से आपकी इम्युनिटी बढ़ सकती है। आप खुद को प्रेरित रखने के लिए फिटनेस या मेडिटेशन ऐप डाऊनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, मल्टीविटामिन की खुराक के अतिरिक्त, जामुन, केला, नींबू, कीवी आदि जैसे अनेक खाद्य पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ाने में मदद करते हैं।

**चीजों को स्पर्श करते समय रहें सजग**

सुनिश्चित करें कि आप किसी भी दूषित सतह को नहीं छूते हैं और यहां तक कि अगर आपको करना भी है तो अपने हाथों को बार-बार धोएं या उन्हें साफ करें। इसके अलावा, अपने हाथों को साफ करने या धोने से पहले अपने चेहरे को छूने से बचें। आप नियमित रूप से और साथ ही यात्रा करते समय संपर्क में आने वाली जगहों, टेबल टॉप या किसी अन्य सतह को साफ करने के लिए असंक्रामक पोंछे या स्प्रे का उपयोग भी कर सकते हैं। अंत में, फिट, स्वस्थ और मजबूत प्रतिरक्षा सुनिश्चित करना एक जीवनशैली विकल्प होना चाहिए और यह ऐसा कुछ नहीं जिसे आप यात्रा से ठीक पहले या यात्रा के दौरान करते हैं। आप जितना ज्यादा स्वस्थ जीवन-शैली का पालन करेंगे, आपको उतनी ही कम छुट्टी या कार्यालय यात्रा हेतु बाहर निकलने से पहले प्रतिरक्षा जांच के बारे में चिंता करनी पड़ेगी।

# घबराएं नहीं : करन कुंद्रा

**अभिनेता करण कुंद्रा** का मानना है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर और नए डेल्टा प्लस संस्करण के डर से लोगों का ध्यान जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर जोर दिया।



''आतंक से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। ज्यादा सावधानी बरतने से ही फायदा होगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह खतरनाक स्थिति नहीं है। यह एक खतरनाक स्थिति है लेकिन, घबराहट से कुछ नहीं होगा। चाहे कोई भी रूप हो, अगर आप हमेशा मास्क पहनते हैं और अगर आप हमेशा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं, तो यह दूर रहने वाला है। इसलिए, आपको पहले अपना, अपने परिवार का ख्याल रखना होगा और आखिरकार सभी सुरक्षित रहेंगे'', करण कहते हैं।

वह कहते हैं, ''आप प्रोटोकॉल का पालन करते हैं और आप घर के अंदर रहने की कोशिश करते हैं। यदि आपके लिए बाहर जाना वास्तव में महत्वपूर्ण है, दूरी बनाए रखें, और आपको ठीक होना चाहिए। घबराने की जरूरत नहीं है। घबराने से कोई फायदा नहीं है।''अभिनेता ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने ये रिश्ता क्या कहलाता है की टीम के साथ सुरक्षित रूप से शूटिंग करने के उपाय किए।

''शुरुआत में, जब दूसरी लहर आई, तो हम लोग बायो-बबल में चले गए। तो, शो के लिए हमने जो किया वह यह है कि हम सिलवासा के एक रिसॉर्ट में गए। हमारी पूरी यूनिट का परीक्षण हुआ और हम रिसॉर्ट में प्रवेश कर गए। कोई अंदर नहीं आ सकता था और कोई बाहर नहीं जा सकता था। आपूर्ति आएगी और उन सभी का परीक्षण किया गया। चूंकि सिलवासा थोड़ी दूर है, इसलिए फिल्मसिटी में शूटिंग करना उतना जोखिम भरा नहीं था। ऐसे में सभी सुरक्षित थे। हमने वहां दो महीने तक शूटिंग की और फिर वापस आ गए।''

वह उन प्रोटोकॉल का खुलासा करते हैं जिनका मुंबई में पालन किया जा रहा है।

करण बताते हैं, ''हमें एक समय सीमा के भीतर शूटिंग करनी है। यूनिट को उसके आकार के एक तिहाई तक कम कर दिया गया है, बहुत सारे लोग नहीं आ सकते हैं, बहुत से यूनिट को फिल्मसिटी में सेट पर रहना पड़ता है, और उन्हें स्थानीय परिवहन लेने या अपने घर वापस जाने की अनुमति नहीं है। केवल अभिनेता और निर्देशन टीम ही वापस जा सकती है और हमें बाहर के लोगों से मिलने की अनुमति नहीं है। तो, यह केवल बायो बबल की तरह है। अगर आप बुलबुला तोड़ते हैं तो परीक्षण करवाना होगा। अब टीकाकरण अभियान भी चल रहा है। इसलिए, हम सभी को टीका लगवाना पड़ा और हमें तीन दिन का आराम दिया गया और उसके बाद ही हमें सेट पर जाने की अनुमति दी गई।''

# अपने हाथों का रखें ख्याल



**'अपर्णा संथानम' पांच कारणों को सूचीबद्ध कर बताती हैं कि क्यों हैंड क्रीम आपकी त्वचा की देखभाल के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद है।**

अधिकांश त्वचा देखभाल के अंतर्गत दिनचर्या आज चेहरे पर ध्यान केंद्रित रहती है, जबकि हाथों को माध्यमिक उपचार के अधीन किया जाता है या बाद में विचार किया जाता है। हमारे हाथों की त्वचा संवेदनशील होती है और ऐसे समय में अत्यधिक हाथ धोने, अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र के निरंतर उपयोग और पर्यावरण और वायु प्रदूषकों के बढ़ते जोखिम के साथ, विशेष हाथ की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि एक अच्छी हैंड क्रीम में निवेश करना समय की परम आवश्यकता है।

**नमी बढ़ाना**

हमारे हाथों के पिछले हिस्से की त्वचा पतली होती है और इसमें तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे इसके सूखने की संभावना अधिक हो जाती है। इसकी तुलना में, हमारी हथेलियों की त्वचा बहुत अधिक मोटी होती है, इसलिए नमी के इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए, एक ऐसी हैंड क्रीम का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, जो विटामिन सी और हाइलूरोनिक एसिड की अच्छाई से युक्त प्रभावशाली योगों का उपयोग करती है और एंटी-हाइड्रेशन का वादा करती है।

**सफाई**

हाथ यकीनन सबसे कीमती संपत्ति हैं जिनका उपयोग दुनिया तक पहुंचने और संवाद करने के लिए किया जाता है। अधिक बार नहीं, वे अदृश्य बैक्टीरिया और कीटाणुओं के अधीन होते हैं। हाथ धोने या सैनिटाइज़र का अत्यधिक उपयोग आपके हाथों की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इस प्रकार, उच्च गुणवत्ता वाली एंटी-बैक्टीरियल हैंड क्रीम चुनने की सिफारिश की जाती है जो जलयोजन के दोहरे उद्देश्य और कीटाणुओं से सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

**बढ़ती उम्र से मुकाबला**

जब उम्र बढ़ने की बात आती है, तो चेहरा क्या छुपाता है, हाथ दे देते हैं। हमारे हाथ बाहरी तत्वों के संपर्क में उतना ही समय बिताते हैं जितना कि हमारा चेहरा और जब हम उनकी उपेक्षा करते हैं, तो हम उन्हें उम्र बढ़ने के प्रभावों के प्रति रक्षाहीन छोड़ देते हैं। त्वचा विशेषज्ञ द्वारा सुझाई गई हैंड क्रीम रंजकता, निर्जलीकरण और समय से पहले झुर्रियों का मुकाबला करते हुए नमी के स्तर और त्वचा की लोच को बढ़ाने में मदद करेगी।

**एक ट्यूब में थेरेपी**

एक हाथ क्रीम लगाने की रस्म एक शांतिपूर्ण अनुभव और एक व्यस्त दिन से एक त्वरित पलायन साबित हो सकता है। हाथों की मालिश करने के कोमल कार्य के रूप में वे कुछ आवश्यक जलयोजन में भिगोते हैं, नसों को शांत करने, चिंता को कम करने और मानसिक छिद्रों को खोलने के लिए जाना जाता है। यह छोटा मी-टाइम ब्रेक हमें आत्म-प्रतिबिंब का क्षण देता है जो न केवल हमारे हाथों के लिए बल्कि हमारे दिमाग के लिए भी चमत्कार कर सकता है।

**हैप्पी क्यूटिकल्स**

नाखूनों के आसपास का क्षेत्र हमारे नाखूनों को बैक्टीरिया के संक्रमण से बचाने के लिए बनाया गया है। अत्यधिक हाथ धोने की प्रक्रिया क्यूटिकल्स को शुष्क और परतदार बना सकती है, जिससे वे जीवाणु संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। एक अच्छी गुणवत्ता वाली हैंड क्रीम लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि क्यूटिकल्स और नाखूनों को पोषण और अच्छी तरह से देखभाल की जाती है, जिससे वे स्वस्थ, चमकदार और चमकदार दिखाई देते हैं। हैंड क्रीम का उपयोग करना एक सरल, स्वस्थ जीवन शैली अभ्यास है, जो यह सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा कि हमारे हाथ सुरक्षित और अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहें।

(लेखिका आईटीसी के स्किन केयर ब्रांड चार्मिस में त्वचा विशेषज्ञ हैं)

# आपका यूएसपी क्या है?

**बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता संप्रेषण पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है, कहना है तान्या खन्ना का।**



रोजमर्रा के काम, मीटिंग, डेडलाइन, जूम कॉल और किसी भी सेवा या उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करने के चक्कर में, हम अक्सर ब्रांड-बिल्डिंग की कभी न खत्म होने वाली, चल रही लड़ाई में फंस जाते हैं, खासकर महामारी के बाद, अत्यधिक डिजिटल दुनिया में। काम पाने और वितरित करने के दुष्चक्र में, हम आमतौर पर अपनी व्यावसायिक शक्तियों को विकास और सफलता के पथ पर अनुकूलित करने के लिए पीछे हटने या उनका दोहन करने में असमर्थ होते हैं। ब्रांड निर्माण, आउटरीच और संचार ऐसी गतिविधियां हैं जिन पर हम केवल तभी विचार करते हैं जब हम विकास के लिए खुद को गति देने में असमर्थ होते हैं या नए व्यवसाय को आकर्षित करने में ठोस मील के पत्थर नहीं देखते हैं।

सामाजिक रूप से दूर की दुनिया में, जहां सूचनाओं का एक डिजिटल अधिभार है, एक व्यक्ति, एक ब्रांड, या एक डिजाइनर कैसे बाहर खड़ा होता है या जाना जाता है कि वे कौन हैं और वे क्या करते हैं? सोशल मीडिया एल्गोरिदम और सामान्य सामग्री के बीच कोई खुद को कैसे अलग करता है, जो विज्ञापनों और इंटरनेट सामग्री से आगे बढ़ते हैं? अक्सर, हम यह नहीं मानते हैं कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा की इस दुनिया में, एक फर्म की सफलता केवल संचार पर निर्भर हो सकती है, जो सीधे सामग्री और सामग्री रणनीति द्वारा संचालित होती है। तो, कोई सामग्री को संचार की कुंजी के रूप में कैसे उपयोग करता है? यहां कुछ प्रमुख विचार प्रस्तुत किए गए हैं :

❖ **ब्रांड का संक्षिप्त विवरण स्वयं बनाएं, या क्लाइंट के साथ मिलकर**

क्लाइंट के उद्देश्यों को समझना, सीखना और कभी-कभी अनलर्न करना महत्वपूर्ण है। ऐसी रणनीति अपनाएं जो सही प्लेटफॉर्म पर सेवाएं दे और बाजार से प्रासंगिक परिणाम प्राप्त करने के लिए सही पैमाने पर हो। सीमित संसाधनों और बजट के बावजूद प्रतिस्पर्धी अनुसंधान और विशिष्ट लक्षित लक्ष्य एक प्रभावशाली रणनीति की ओर ले जा सकते हैं। आज की मार्केटिंग-संचालित दुनिया में, किसी के पास एक विशिष्ट कारक, एक यूएसपी होना चाहिए, जिसके माध्यम से लोग ब्रांड को पहचान सकें।

❖ **अपने ब्रांड की आवाज बनें**

कोई मैनुअल या निर्धारित दिशा-निर्देश नहीं है जो एक प्रभावी संचार योजना को सक्षम कर सके। प्रत्येक व्यक्ति, ब्रांड या फर्म एक विशिष्ट लोकाचार और एक अद्वितीय शैली और दृष्टिकोण के साथ अद्वितीय है। सामग्री को लोकाचार के साथ प्रतिध्वनित होना चाहिए और निश्चित रूप से, आप कौन हैं इसका सार कैप्चर करना चाहिए। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि वह विशिष्टता क्या है, और इसे संचार योजना के साधन और अंत दोनों के रूप में उपयोग करें।

❖ **थोड़ा और करें**

आज संचार के उपकरण प्रोफाइल, ब्रोशर और प्रकाशनों के स्थिर प्रिंट मीडिया से सोशल मीडिया, आभासी और दृश्य उपकरणों तक विकसित हो रहे हैं। तेजी से बदलती प्रथाओं के साथ तालमेल बिठाने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए मूल्यों के अनुरूप होने के लिए, नवाचार करना महत्वपूर्ण है। पूरी तरह से खत्म होने के बजाय, और सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित और समुदाय बनाने की कोशिश करने के बजाय, कुछ पर ध्यान केंद्रित करें जो उपयुक्त और प्रासंगिक हों। सभी अव्यवस्थाओं को हटा दें - फिर से सरेखित करें, फिर से प्राथमिकता दें और फिर से स्थिति दें। एक योजना बनाना कोई बुरा विचार नहीं है, आखिरकार, यह आपको अपनी पहुंच को उस तरह के व्यवसाय पर केंद्रित करने में मदद करता है जिसे आप लंबे समय में आकर्षित करना चाहते हैं।

❖ **मीडिया से आगे बढ़ें**

मूल सामग्री और नवाचार अधिक महत्वपूर्ण हैं। अपने खुद के डोमेन के विशेषज्ञ बनें। इनके समन्वय के बिना, कोई भी आउटरीच या जुड़ाव सार्थक नहीं हो सकता है।

❖ **पहुंच बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में पीआर तैयार करें**

सभी संचार गतिविधियों के आधार के रूप में पीआर को फिर से परिभाषित करें। आज की डिजिटल रूप से जुड़ी दुनिया में, केवल पीआर ही काफी नहीं है। इसे प्रवचन, संवाद और विचारों के आदान-प्रदान की नींव के रूप में उपयोग करें। पीआर और संचार के बीच के बिंदुओं को अलग करके, कहानियों को आसानी से बनाया जा सकता है।

❖ **मूल्य बनाकर अपनी विश्वसनीयता को आगे बढ़ाएं**

विविध मीडिया में दृश्यता स्वचालित रूप से केवल विश्वसनीयता स्थापित करके, संचार और आउटरीच गतिविधियों द्वारा सहायता प्राप्त करके नए व्यवसाय की ओर ले जाती है। महिमा, सौंदर्य से परे हटो और इरादे और कथा को संदेश देकर मूल्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करें, जो कि केवल एक उत्पाद या सेवा बेचने के लिए प्रामाणिक नहीं है। नया व्यवसाय सेवाओं की बेहतर समझ और मूल्य धारणा से आता है।



❖ **डिजिटल होने के लिए अपनी सामग्री डिज़ाइन करें**

ऑनलाइन उपलब्ध विभिन्न प्लेटफार्मों के अनुरूप इसे अनुकूलित करें। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर सूचनाओं का आदान-प्रदान इतनी गति से हो रहा है कि थाह पाना मुश्किल है। डिजिटल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करके कुछ बहुत अच्छी जानकारी दी जा रही है। इस युग में सीखने और ज्ञान साझा करने दोनों के लिए इस खिड़की का लाभ न लेना लगभग व्यर्थ है। हम सभी को इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना चाहिए।

❖ **लीड जनरेशन से परे आरओआई को देखें**

जबकि वर्ड ऑफ माउथ काम को आकर्षित करने का पारंपरिक तरीका है, विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए निरंतर दृश्यता आवश्यक है क्योंकि यह बेहतर प्रवचन / जुड़ाव को सक्षम बनाता है, जबकि संभावनाओं में काफी सुधार करता है। संचार गतिविधियों के रूप में, घंटे और भर्ती पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करें और डिजिटल दुनिया में ब्रांड माइंड स्पेस पर कब्जा करने वाली हर चीज को शामिल करें। सभी पहलुओं पर ध्यान दें क्योंकि भर्ती भी सीधे तौर पर प्रतिष्ठा से संबंधित है।

❖ **अनुभव और जुड़ाव**

अक्सर, कहानी सुनाने को बहुत कम आंका जाता है और कम बेचा जाता है। एड-हॉक पीआर में निवेश करने के बजाय - जो एक व्यर्थ अभ्यास है - या 10 द्म अनुयायियों के साथ एक सोशल मीडिया प्रोफाइल, संचार गतिविधियों के माध्यम से अनुभव बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। अच्छी सामग्री के साथ, जुड़ाव होना तय है।

❖ **बुद्धिमानी से अपनी लड़ाई, या बल्कि उपकरण चुनें**

ऑनलाइन होने में ऐसे गुण हैं जो बड़े दर्शकों से जुड़ने से परे हैं। सही उपकरण चुनना और निवेश करना ही सभी अंतरों को बनाता है। कभी-कभी, एक ऑनलाइन मेलर आंतरिक और बाहरी संचार के बीच सेतु स्थापित करते हुए सूचना प्रवाह, ज्ञान-साझाकरण, ब्रांड रिकॉल और दृश्यता को बढ़ावा देने में मदद करता है। दूसरी स्थिति में, यह केवल इंस्टाग्राम या केवल लिंक्डइन हो सकता है जो ब्रांड के लिए विचार नेतृत्व बनाने और बिक्री को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा। ऐसे टूल चुनें जो किफ़ायती हों और संसाधन-गहन न हों जैसे न्यूज़लेटर्स और उन्हें अपनी बिक्री प्रक्रियाओं के साथ सरेखित करें।

❖ **सामग्री राजा है**

उत्पाद या सेवाओं को कड़ी बिक्री के बजाय, संवाद बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने पर ध्यान केंद्रित करें, समुदाय-निर्माण को प्रोत्साहित करें और अनुसंधान को प्रदर्शित करें जो सामग्री के एकल, एकीकृत माध्यमों के माध्यम से उद्यम की सुविधा प्रदान करता है। मौलिक कुंजी, निश्चित रूप से, ज्ञात होने के लिए रचनात्मक होना और सामग्री में समृद्ध होना है।

(लेखिका एपिस्टल कम्युनिकेशंस की संस्थापक और निदेशक हैं।)